जबलपुर
शुक्रवार, 3 मई 2024

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



## किरार, धाकड़, कुशवाहा का भाजपा को समर्थन

# ज्योतिरादित्य के लिए शिवपुरी पहुंचीं साध्वी उमा, फिर भी राह आसान नहीं



## बनते-बिगड़ते समीकरण

### उमा की उपेक्षा से नाराज है लोधी-लोधा समाज

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कारण हाई प्रोफाइल गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में इस बार भी मुकाबला रोचक और कड़ा है। सिंधिया को 2019 में कांग्रेस प्रत्याशी के तौर पर हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस छोड़ भाजपा में गए केपी सिंह यादव ने उन्हें हराया था। इस बार सिंधिया भाजपा की ओर से मैदान में हैं। उनका मुकाबला कर रहे हैं भाजपा में रहे कांग्रेस के राव यादवेंद्र सिंह यादव। क्षेत्र में जिस तरह जातीय समीकरण बन-बिगड़ रहे हैं, उसे दखते हुए सिंधिया ज्यादा सतर्क हैं। विशेष सावधानी बरत रहे हैं। भाजपा की तेज-तर्रार नेत्री पूर्व मुख्यमंत्री साध्वी उमा भारती को भाजपा नेतृत्व ने किनारे कर रखा है। इसकी वजह से लोधी-लोधा समाज भाजपा से खफा है। यही वजह है कि सिंधिया बुधवार को उमा भारती को प्रचार के लिए शिवपुरी लेकर पहुंचे। संभवतः इस चुनाव में उमा ने पहली बार कोई सभा ली। खबर है कि बावजूद इसके लोधी-लोधा समाज की नाराजगी कम नहीं हुई है। समाज का एक हिस्सा अब भी कांग्रेस के पास जा सकता है।

■ दलितों का दलों में बंटवारा, ज्यादा कांग्रेस के साथ

## कांग्रेस के यादवेंद्र की ताकत बने यादव-मुस्लिम

**खास बात**

■ लोधी-लोधा समाज की नाराजगी कम नहीं हुई, समाज का एक हिस्सा अब भी कांग्रेस के पास जा सकता है





### दोनों तरफ कार्यकर्ताओं की नाराजगी एक जैसी

गुना-शिवपुरी लोकसभा क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस के कार्यकर्ता काम कर रहे हैं और प्रत्याशियों से नाराज भी हैं। इसकी वजह है दलबदल। भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया कांग्रेस छोड़कर आए हैं और कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र सिंह भाजपा छोड़कर। यादवेंद्र के पिता राव देशराज सिंह यादव भाजपा के कद्दावर नेता रहे हैं। दोनों दलों के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या दलबदल को पसंद नहीं करती। इसलिए दोनों तरफ हालात एक जैसे हैं। यादव समाज भाजपा के खिलाफ इसलिए भी एकजुट है क्योंकि पार्टी ने सिंधिया को हराने वाले केपी सिंह यादव का टिकट काटकर सिंधिया को ही दे दिया। इस क्षेत्र का यादव समाज इस मसले की वजह से समाज के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की बात मानने को भी तैयार नहीं दिखता। इसकी वजह से भी सिंधिया को कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ रहा है।

### आठ विधानसभा सीटों में से छह भाजपा के पास

गुना लोकसभा सीट के तहत तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी की विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें गुना जिले की बमोरी, गुना, शिवपुरी जिले की पिछोर, कोलारस, शिवपुरी और अशोक नगर जिले की मुंगावली, चंदेरी और अशोक नगर विधानसभा सीटें शामिल हैं। विधानसभा चुनाव नतीजों की दृष्टि से पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा भारी दिखती है। भाजपा के पास 6 सीटें हैं तो कांग्रेस के पास सिर्फ दो। इस सीट के राजनीतिक मिजाज की बात करें तो यहां सिंधिया परिवार का ही दबदबा रहा है। 1998 तक इस सीट से राजमाता विजयाराजे सिंधिया भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ती और जीतती रहीं। इसके बाद उनके बेटे माधवराव सिंधिया ग्वालियर छोड़कर गुना से चुनाव लड़ने आ गए तो यह सीट कांग्रेसी हो गई। 1998 का लोकसभा चुनाव यहां से माधवराव सिंधिया जीते। इसके बाद उनका निधन हो गया तो उनकी राजनीतिक विरासत ज्योतिरादित्य ने संभाली।

### भाजपा के पक्ष में कई समाज एकजुट

जातीय और सामाजिक समीकरणों से लिहाज से भाजपा की ताकत कम नहीं है। कई समाज उसके पक्ष में एकजुट हैं। क्षेत्र में कुशवाहा समाज के मतदाताओं की तादाद 3 लाख के आसपास है। ये भाजपा के कट्टर वोटर हैं। क्षेत्र में किरार-धाकड़ समाज के लगभग डेढ़ लाख मतदाता हैं। शिवराज सिंह चौहान को मुख्यमंत्री न बनाए जाने के कारण यह समाज भाजपा से नाराज था, लेकिन काफी हद तक उनकी नाराजगी दूर हो गई है। इस समाज के अधिकांश वोट भाजपा के पक्ष में गिर सकते हैं। गुर्जर समाज का रुख अभी साफ नहीं, हालांकि यह भाजपा के साथ रहता है। इनके अलावा ब्राह्मण, वैश्य, कायस्थ भाजपा के पक्ष में मतदान करते ही हैं। क्षत्रिय जरूरी भाजपा से नाराज हैं। यहां मैदान में सिंधिया हैं, इसलिए इस समाज का रुख अब तक साफ नहीं हुआ है।

### कांग्रेस के यादवेंद्र भी कमजोर नहीं

गुना-शिवपुरी क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राव यादवेंद्र सिंह भी कमजोर नहीं हैं। क्षेत्र में लगभग सवा दो लाख यादव एवं डेढ़ लाख मुस्लिम मतदाता हैं। ये कांग्रेस के साथ खड़े नजर आ रहे हैं। यादव समाज के शादी के कार्डों में लिखा देखा गया है कि 'अपना-अपना होता है, इसलिए मतदान सोच समझ कर करें।' सीधा संदेश यादव समाज के लिए है। इसी समाज ने पिछले चुनाव में सिंधिया घराने को शिकस्त दी थी। क्षेत्र में समाज के जाट, अहिरवार मतदाता बड़ी तादाद में लगभग 3 लाख है। बसपा प्रत्याशी धनीराम राय ज्यादा मजबूत नहीं हैं। इसलिए इस समाज का 60 फीसदी वोट कांग्रेस के पक्ष में गिर सकता है। 40 फीसदी वोट भाजपा और बसपा के बीच बंटने की संभावना है। क्षेत्र का आदिवासी समाज कांग्रेस की ताकत है। साफ है कि जातीय समीकरण के लिहाज से भाजपा से कांग्रेस ज्यादा कमजोर नहीं है।

## टीकमगढ़ के स्ट्रांग रूम में चार घंटे बंद रही एलईडी

**भोपाल।** टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र में 26 अप्रैल को दूसरे चरण में हुए मतदान के बाद ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में रखा गया है। स्ट्रांग रूम में रखी गई ईवीएम मशीनों के साथ गड़बड़ी की आशंका जताते हुए टीकमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी पंकज अहिरवार ने शासन-प्रशासन पर सवाल खड़े किए हैं। टीकमगढ़ लोकसभा के मीडिया प्रभारी अवनीश बुंदेला ने बताया कि ईवीएम मशीनों को स्ट्रांग रूम में पूरी सुरक्षा के साथ रखा गया है, लेकिन जहां मशीनें रखी गई हैं आज वहां की एलईडी लगभग चार घंटे तक बंद रहीं, जिसकी शिकायत करने के बाद वे पुनः चालू की गई।

## चुनावी चटखारे...

जाति-पांति और धर्म पर, कभी न देना वोट,
यह अवसर है नेताओं में, खूब निकालो खोट।
खूब निकालो खोट, शत्रु जो हैं राष्ट्र समाज के,
अपने मत की ताकत से, उनको मारो जी चोट।
वादे जो हमसे किए, पूरे हुए क्या बोलिए,
वोट मांगने जो भी आए, लगा कसौटी तौलिए।
लगा कसौटी तौलिए, यही अवसर है प्यारे,
जो भी हो हृदय में प्यारे, बंद जुबां को खोलिए।



डॉ. निहारिका रश्मि
अयोध्या नगर

## भाजपा को जानें अभियानः 6 देशों के प्रतिनिधिमंडल चुनावी रणनीति समझने आज आएंगे मध्यप्रदेश

भारतीय जनता पार्टी के भाजपा को जानें अभियान के तहत 6 देशों के राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मध्यप्रदेश के तीन दिवसीय प्रवास पर भोपाल आ रहे हैं। यह प्रतिनिधिमंडल भाजपा के निमंत्रण पर एक से 5 मई तक भारत के प्रवास पर है। प्रतिनिधिमंडल गुरुवार सुबह 11 बजे भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय और प्रदेश मीडिया सेंटर का भ्रमण करके भाजपा की चुनावी रणनीति के संबंध में जानकारी प्राप्त करेगा। साथ ही विदेशी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से मुलाकात भी करेंगे।

### जो हो न सका...

## पर्यटन की दृष्टि से विकसित ही नहीं हो पाया राजधानी का बड़ा तालाब, लोगों को इतंजार

भोपाल का बड़ा तालाब कभी पूरे शहर को पानी उपलब्ध कराता था, लेकिन आज तक उसे पूरी तरह से सुरक्षित रूप प्रदान नहीं किया जा सका। वीआईपी रोड व खानूगांव की तरफ कई सीवेज लाइन बडे तालाब में मिल रही हैं। इसको लेकर भोजवेट प्रोजेक्ट सहित कई प्रोजेक्ट आए, लेकिन पर्यटन की दृष्टि से विकास कार्य नहीं हो पाए। बोट क्लब के अलावा दूसरा कोई स्थान ऐसा नहीं है, जहां से बड़े तालाब को निहारने के लिए पर्यटक पहुंच सकें।

भोपाल के पश्चिम में स्थित इस कृत्रिम झील को देश की सबसे पुरानी झील होने का खिताब प्राप्त है। झील निवासियों के लिए पीने योग्य पानी की प्रमुख आपूर्ति है और यह उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए हर साल लगभग तीस मिलियन गैलन पीने का पानी उपलब्ध कराती है। झील का नाम राजा भोज के नाम पर रखा गया था।

### खानूगांव सहित आसपास के क्षेत्र का सीवेज मिल रहा

झील के एक कोने पर राजा भोज की मूर्ति स्तंभ के ऊपर स्थित है। पुल पुख्ता के रूप में जाना जाने वाला ओवरब्रिज ऊपरी झील और निचली झील के बीच अलगाव पैदा करने के लिए बैठता है। बोट क्लब अपर लेक के पूर्वी हिस्से में बनाया गया था। बगल में कमला पार्क भी है। उसका भी विकास पर्यटन की तरह नहीं हो पाया है।

### इनका कहना है...

## सुविधाएं बढ़ीं तो सवाल भी बढ़े...

अब पहले के मुकाबले चुनाव में काफी अंतर आ गया है। यह अंतर मतदाताओं के लिए जहां सुविधाओं को बढ़ाने वाला है, वहीं लोगों के बीच सवालों को जन्म भी दे रहा है। आज ईवीएम की बात सामने आती है तो हर व्यक्ति अपनी राय व्यक्त कर रहा है। कोई सवाल उठाता है तो कोई सुविधाओं में इजाफा होने की बात कहता है। सबसे बड़ी बात यह है कि आज तकनीकी का जमाना है, तो चुनाव क्यों पीछे रहे। पहले पर्ची से चुनाव होते थे, अब ईवीएम का बटन दबाते ही मत दर्ज हो जाता है। यह अच्छी बात हो सकती है। 30 से 35 साल पहले राजनैतिक पार्टियों के उम्मीदवार जनता से संपर्क को लेकर बहुत सतर्क रहते थे। अब सोशल मीडिया सहित कई ऐसे माध्यम हैं, जो इस काम का अपने हाथ में लेने लगे हैं। खैर, जो भी हो, आज के चुनावी माहौल में बदलाव तो हर कहीं हर किसी को नजर आता है, यह अब बताने की बात नहीं रही है।



दिनेश जोशी
वरिष्ठ पत्रकार

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया मप्र कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी के बयान पर पलटवार

# एक ओबीसी वर्ग के मुख्यमंत्री को पचा नहीं पा रहे कांग्रेसी, कीचड़ उछाल रहे

*कांग्रेसी खुद को कानून से ऊपर मानते हैं, पर जो कानून तोड़ेगा, उस पर कार्रवाई होगी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि एक ओबीसी वर्ग के मुख्यमंत्री को पचा नहीं पा रहे हैं। इन्होंने एक राजा और एक उद्योगपति को मुख्यमंत्री बनवाया था पर कुछ नहीं कर पाए। कांग्रेसी अपने आपको कानून से ऊपर मानते हैं। मुख्यमंत्री ने आग्रह किया कि निर्वाचन के इस दौर में सभी को अपनी-अपनी मर्यादा में रहना चाहिए। पर जो मर्यादा तोड़ेगा, वो इसकी कीमत चुकाएगा।ग्वालियर में मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष लगातार हल्की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। जो अपने पक्ष के प्रत्याशी को बचा नहीं पाए, वो दूसरों पर कीचड़ उछाल रहे हैं। मैं उम्मीद करता हूं कि वे इससे बाज आएंगे। दुष्कर्म के मामले में राजनीति करने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने महिलाओं और नाबालिग बच्चों को लेकर जो कानून बनाए है, जिनके माध्यम से उनकी पहचान छिपाना जरूरी है, क्योंकि यह पहचान आने के बाद पीड़िता की जिंदगी में निराशा आएगी।



### पीड़ित परिवार की सार्वजनिक रूप से हंसी उड़ाना, उसकी जिंदगी के साथ खिलवाड़

*डॉ. यादव ने कहा कि पीड़िता की जिंदगी नर्क हो जाएगी। इसलिए यह कानून व्यवस्था का भाग है, इससे बचना चाहिए। कांग्रेस को लेकर उन्होंने कहा कि जो आंदोलन करना है, जरूर करना चाहिए, लेकिन कम से कम पीड़ित परिवार की सार्वजनिक रूप से हंसी उड़ाना, उसकी जिंदगी के साथ खिलवाड़ करने के बराबर है। उन्होंने कहा कि कानून के राज को समझना चाहिए, लेकिन मैं मानकर चलता हूं कि कानून का सम्मान करेगा, वह कांग्रेसी हो ही नहीं सकता। कांग्रेसी हमेशा अपने आप को कानून से ऊपर मानते हैं, इसलिए उनको घमंडिया लोग कहते हैं। इन्हे माफी मांगना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो कानून तोड़ेगा उस पर कठोर कार्रवाई होगी।*

### भाजपा ने चुनाव आयोग से की पीसीसी चीफ जीतू की शिकायत

भाजपा ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के बारे में की गई टिप्पणी को आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन बताते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग चुनाव आयोग से की है। भाजपा ने अपनी शिकायत के साथ जीतू पटवारी की प्रेस कांफ्रेंस का वीडियो भी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा है। भाजपा के निर्वाचन आयोग समन्वय विभाग के प्रदेश संयोजक एसएस उप्पल, न्यायिक एवं निर्वाचन विभाग के प्रभारी मनोज द्विवेदी ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपी गई लिखित शिकायत में कहा है कि हाल ही में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी और झाबुआ विधायक विक्रांत भूरिया जोबट में गैंगरेप पीड़िता के घर अनेक लोगों के साथ गए थे। दोनों कांग्रेस नेताओं ने गैंगरेप पीड़िता के परिजनों के साथ अपने फोटो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए उनकी पहचान सार्वजनिक की थी। इस मामले में जीतू पटवारी के खिलाफ धारा 228 ए भारतीय दंड विधान, 23 पास्को एक्ट एवं 74 जेजे एक्ट का केस दर्ज किया गया है। इसी मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने अपनी हताशा पत्रकारों के समक्ष मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उनकी सरकार के खिलाफ अनर्गल और भड़काऊ वक्तव्य देकर प्रकट की है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से की गई शिकायत में कहा गया है कि जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ असंवैधानिक शब्दों का प्रयोग किया है, जिससे प्रदेश की जनता में आक्रोश है तथा यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। अतः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई के लिए निर्देश जारी किए जाएं तथा उनके द्वारा आचार संहिता लागू रहने तक सार्वजनिक वक्तव्य देने पर रोक लगाई जाए।



### पार्टी की छवि खराब करने का प्रयास

*शिकायत में कहा गया है कि जीतू पटवारी ने पत्रकार वार्ता में यह भी आरोप लगाया कि जोबट में रेप भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किया है, जो पूर्णतः आधारहीन एवं तथ्यहीन है तथा चुनाव के समय पार्टी की छवि खराब करने का प्रयास है। जीतू पटवारी ने यह भी वक्तव्य दिया है कि मध्यप्रदेश से दो लाख बहनें गायब हो गई हैं और रोजाना 17 दुष्कर्म की घटनाएं हो रही हैं, जो मनगढ़ंत और प्रदेश सरकार की छवि धूमिल करने का प्रयास है।*

### साथियों ने भागकर बचाई अपनी जान

## तेंदूपत्ता तोड़ने गई महिला को हाथी ने कुचल कर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

धमतरी जिले के जंगलों में लगातार हाथियों का आना जाना बना रहता है। उनकी मौजूदगी के चलते कोई भी अप्रिय घटना होने की स्थिति बनी रहती है। गुरुवार को तेंदूपत्ता तोड़ने जंगल गई एक महिला को हाथी ने कुचल कर मार डाला। बताया गया कि केरेगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डोकाल निवासी सुरेखाबाई पति कीर्तन सूर्यवंशी के साथ तेंदूपत्ता तोड़ने कक्ष क्रमांक 108 डोकाल के जंगल गई हुई थी। इस दौरान उनके साथ और भी ग्रामीण मौजूद थे और तेंदूपत्ता की तोड़ाई कर रहे थे। तभी अचानक कांकेर तरफ से एक हाथी पहुंचा और आतंक मचाते हुए सुरेखाबाई के पीछे दौड़ा और उसे कुचल कर मार डाला।

### 25,000 रुपए तात्कालिक सहायता के रूप में दिए

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रदीप सिंह और वनविभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। शव पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। केरेगांव रेंजर ओंकार सिन्हा ने बताया कि तेंदूपत्ता तोड़ाई का काम आज से शुरू हो गया है। डोकाल के दंपत्ति तेंदूपत्ता तोड़ने के लिए जंगल गए हुए थे। इसी दौरान कांकेर तरफ से आया एक हाथी ने सुरेखा बाई को अपनी चपेट में ले लिया, जिसकी मौत हो गई। पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तात्कालिक सहायता राशि 25000 परिजनों को दी जाएगी। इसके बाद प्रकरण बनाकर मुआवजा भी दिया जाएगा।

## केलो नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**रायगढ़।** जिले की जीवनदायिनी केलो नदी में बुधवार दोपहर एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। नदी में लाश मिलने की जानकारी लगते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी मिलते ही चक्रधर नगर पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, बुधवार की दोपहर तकरीबन 12 बजे सूचना मिली कि नदी में एक अज्ञात पुरुष करीब 40 से 45 साल की लाश उतरा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस को मृतक के कपड़े और टोपी रखे हुए मिले। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए पूरे मामले को जांच शुरू कर दी।

### मुखबिरी करने का आरोप लगाते हुए की हत्या

## बीजापुर के छुवाही गांव में दो ग्रामीणों को नक्सलियों ने मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

बीजापुर जिले में नक्सलियों ने दो ग्रामीणों की हत्या कर दी। छूटवाही गांव के दो ग्रामीणों को नक्सलियों ने पुलिस का मुखबिर बताते हुए हत्या कर दी है। हालांकि खबर लिखे जाने तक आधिकारिक तौर पर घटना की पुष्टि नहीं कि गई हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नक्सलियों ने जिन दो ग्रामीणों की हत्या की है उनमें जोगा मांडवी और हूँगा मांडवी के नाम शामिल हैं। दोनों तर्रेम थाना क्षेत्र के छूटवाही गांव के रहने वाले हैं। इस मामले में बीजापुर एसपी ने कहा है कि जानकारी मिली है तस्दीक करने के बाद पूरी जानकारी दी जाएगी। उल्लेखनीय है कि ग्रामीणों की हत्या के के बाद क्षेत्र में भय का माहोल बना हुआ है। वहीं पुलिस क्षेत्र में नक्सलियों की तलाश के लिए सर्चिंग अभियान चला रही है।



### मुठभेड़ में मारे गए 10 नक्सलियों के शव में से 8 की हुई शिनाख्त, एके 47 सहित भारी मात्रा में हथियार बरामद

**जगदलपुर।** 30 अप्रैल को नारायणपुर जिले में पुलिस व नक्सलियों के बीच हुई। पुलिस ने मुठभेड़ में 10 नक्सलियों को मार गिराया था, जिसके बाद सभी के शव को पहचान के लिए मुख्यालय लाया गया, जहां पुलिस ने मारे गए 10 नक्सलियों में आठ नक्सलियों की पहचान करते हुए उनके फोटो भी किए हैं। नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना पर 29 अप्रैल को मिलने के बाद रात भर सर्चिंग के बाद 30 अप्रैल की सुबह अबूझमाड़ के टेकामेटा के जंगलों में डीआरजी और एसटीएफ के जवानों का सामना नक्सलियों से हो गया। मुठभेड़ स्थल की सर्चिंग के दौरान जवानों ने एक एके 47, एक इंसास राइफल, सहित भारी मात्रा में हथियार एवं गोला बारूद जब्त किया। मुठभेड़ में महाराष्ट्र, तेलंगाना और बस्तर के 1 एसजेडसीएम, 2 डिवीसीएम 1 एसीएम नक्सली कमांडर्स सहित 10 इनामी नक्सली मारे गए।

### बिलासपुर में सेक्स रैकेट का बड़ा खुलासा

## पांच महिलाओं समेत 16 लोगों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

बिलासपुर में सेक्स रैकेट का बड़ा खुलासा हुआ है। पुलिस ने दबिश देकर जिस्मफरोशी के धंधे का भंडाफोड़ किया है। इस खुलासे से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौके से दलाल समेत पांच महिलाओं समेत 16 लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया, जिनके पास से पुलिस ने 65,000 से अधिक नगद रुपये, 26 मोबाइल और कार समेत आपत्तिजनक वस्तुएं जब्त कीं। पकड़ी गई महिलाएं ज्यातर दूसरे राज्य की बताई जा रही हैं।

दरअसल सकरी थाना क्षेत्र के अमीरी में बीते कुछ समय से किराए के मकान में जिस्मफरोशी का धंधा धड़ल्ले से चल रहा था। सकरी पुलिस की छापामारे के बाद देह व्यापार से जुडे. बड़े गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है।

### 65,000 से अधिक नगद, 26 मोबाइल, कार जब्त

#### आसमा सिटी व अमेरी में दबिश दी



पुलिस अधिकारियों की मानें तो सकरी पुलिस को सूचना मिली कि अमेरी व आसमा सिटी में काफी दिनों से सेक्स रैकेट का अवैध धंधा चल रहा है। सूचना के आधार पर सकरी पुलिस ने अलग-अलग टीम बना कर सकरी स्थित आसमा सिटी व अमेरी के कुछ स्थानों पर दबिश दी। पुलिस ने दबिश के दौरान घटना स्थल से अलग-अलग जगहों से पांच महिलाएं समेत 16 लोगों को गिरफ्तार किया है।

## आशियाना अपार्टमेंट में लगी भीषण आग, नहीं हुई जनहानि

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के एक अपार्टमेंट में भीषण आग लग गई। बताया जा रहा है कि आशियाना अपार्टमेंट के सी ब्लॉक की तीसरी मंजिल के मकान में आग लगी है। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर पहुंची दमकल के दो गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया है। वहीं आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। आशियाना बिल्डिंग के तीसरे फ्लोर के सी ब्लॉक 302 नंबर मकान में अचानक आग लग गई। जब आग लगी उस वक्त घर में ताला बंद था, परिवार के सभी लोग मुंबई गए हुए हैं। आग लगने की सूचना पर दमकल की दो गाड़ी पहुंची और आग पर काबू पाया गया। इस घटना से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

## पानी से भरे बड़े बर्तन में डूबने से बच्ची की मौत

**छत्तीसगढ़।** कुनकुरी थाने से मिली जानकारी के अमुसर गुरुवार की सुबह पुलिस को सूचना देने पहुंची करुणा बाई उम्र 40 वर्ष ने बताया कि घर के आंगन में काम कर रही थी। इस दौरान अंदर कमरे में सबसे छोटी बेटी देविका बिस्तर पर सोई हुई थी। दोपहर के दो बज रहे थे। बड़ा बेटा घर में घुसा तो देखा पानी के बड़े बर्तन में देविका डूबी हुई है तो उसे निकालकर बाहर लाया।

बच्ची हिल-डुल नहीं रही थी उसे बेहोश समझकर आनन-फानन में कुनकुरी के निजी अस्पताल में लेकर आये। जहां डॉक्टर ने जाँच कर बच्ची को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद थाने पहुंचे करुणा के रिश्तेदारों ने बताया कि पति शंकर लोहार पैसे कमाने के लिए गोवा में काम कर रहा है। वहीं अपने 5 बच्चों का लालन - पालन करने के लिए करुणा बाई घर में रहती है। घटना की खबर से परिजनों में मातम पसरा हुआ है।

जबलपुर
शुक्रवार, 3 मई 2024
वैशाख मास कृष्ण पक्ष–10
वर्ष : 19, अंक : 3
पृष्ठ : 2+6+6=14, मूल्य : 3 .00 रुपये

मौसम
अधि. 42
न्यून. 19

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

### भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव




## सविता पूनिया की जगह सलीमा टेटे बनीं कप्तान

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। वहीं, नवनीत कौर को उपकप्तान बनायागया है।

### पंचकोशी परिक्रमा प्रारंभ होने से पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया घाटों का निरीक्षण

# हमारी सरकार के प्रयासों के बल पर अब शिप्रा नदी में 'पूरे साल' जल


यादव उज्जैन के दत्त अखाड़ा पहुंचे, शिप्रा में स्नान कर पुण्यलाभ लिया

मुख्यमंत्री उज्जैन के फ्रीगंज में आयोजित आयुष्मान लाभ विस्तार अभियान, नवमतदाता एवं लाभार्थी संपर्क कार्यक्रम में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरुवार को महाकाल की नगरी उज्जैन पहुंचे। लोकसभा चुनावों की व्यस्तता के बीच उज्जैन पहुंचकर उन्होंने मां क्षिप्रा नदी में स्नान कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। डॉ. यादव ने मां क्षिप्रा का पूजन-अर्चन कर चुनरी चढ़ाई एवं घाटों का निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री ने उन लोगों पर निशाना साधा जो लोग चुनावी राजनीति के लिए क्षिप्रा नदी के प्रदूषण का मुद्दा उठाकर मां क्षिप्रा पर सवाल उठा रहे हैं।





### 20 साल पहले दिसंबर में ही पानी नहीं मिलता था

*मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे इस बात का संतोष है हमारी सरकार की ओर से किए गए कार्यों के बलबूते उज्जैन में पूरे साल नदी का जल मिल रहा है। आज से 20 साल पहले नवंबर के बाद दिसंबर में ही पानी नहीं मिलता था। कई बार सूखा पड़ जाता था। हमारे पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार के प्रयासों से नर्मदा क्षिप्रा लिंक परियोजना के परिणाम स्वरूप आज का समय ऐसा है कि पूरे साल सदानीरा की तरह मां शिप्रा का जल है। मई के महीने में मैं स्नान करके बता रहा हूं कि पूरे साल यहां जल उपलब्ध है और जल ही जीवन है, जल से ही तीर्थ की महत्ता बढ़ती है।*

### यहां हर किसी के मन की मुराद पूरी होती है

डॉ. यादव ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि मां क्षिप्रा के कारण ही बाबा महाकाल यहां अपना धाम बनाए हुए हैं। महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग बारह ज्योतिर्लिंगों में से एक दक्षिणमुखी ज्योतिर्लिंग है। यहां हर किसी के मन की मुराद पूरी होती है। दुनिया में बड़े से बड़े परिवर्तन जब कभी हुए हैं तो उज्जैन से उनका संबंध जरूर आता है। शुक्रवार से यहां पंचकोशी की बड़ी परिक्रमा शुरू होगी। इस परिक्रमा में लोग आस्था और श्रद्धा से आते हैं। सबके मन का विश्वास उज्जैन के अंदर बना रहे।

## ऑनलाइन पार्सल को खोलते वक्त विस्फोट, दो की मौत

होम थिएटर साउंड सिस्टम का ऑर्डर दिया था

एजेंसी ▶▶ साबरकांठा

गुजरात के साबरकांठा में ऑनलाइन से मंगाए गए पार्सल में विस्फोट से दो लोगों की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मरने वाले लोगों की पहचान पिता-पुत्री के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि ऑनलाइन के जरिए आया हुआ पार्सल को खोलते वक्त फट गया। विस्फोट में घायल लोगों को हिम्मतनगर सिविल अस्पताल ले जाया गया गया है जहां पर उनका इलाज चल रहा है। ब्लास्ट में एक शख्स की दो बेटियां, एक 9 साल की और दूसरी 10 साल गंभीर रूप से घायल हो गईं। जबकि जितेंद्र हीराभाई वंजारा नाम के शख्स की मौत हो गई। जितेंद्र की बेटी भूमिका वंजारा की भी मौत हो गई। साबरकांठा के वडाली तालुका के वेदा छावनी गांव में जीतेंद्रभाई हीराभाई वंजारा के



नाम से एक पार्सल आया। उन्होंने होम थिएटर

### गुजरात के साबरकांठा में घटना

साउंड सिस्टम का ऑर्डर दिया था जो खुलते ही फट गया। विस्फोट में 30 वर्षीय जीतूभाई वंजारा और उनकी 14 वर्षीय बेटी की मौत हो गई। दो अन्य लड़कियां, शिल्पाबेन विपुलभाई वंजारा और छायाबेन जीतूभाई वंजारा भी गंभीर रूप से झुलस गईं और उन्हें इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया।

## चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू होने वाली है...



बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने में मात्र 11 दिन शेष

### चार धाम की यात्रा से पहले बर्फबारी बर्फ की चादर से ढका बद्रीनाथ धाम

*देहरादून। चार धाम यात्रा 10 मई से शुरू होने वाली है, जिसके लिए अब तक लाखों लोग रजिस्ट्रेशन करा चुके हैं. वहीं फिलहाल बर्फबारी के चलते बद्रीनाथ धाम की खूबसूरती और बढ़ गई है। बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने में मात्र 11 दिन शेष रह गए हैं। लेकिन, धाम में अभी भी कड़ाके की ठंड पड़ रही है और बर्फबारी हो रही है, जिस से मास्टर प्लान के कार्य प्रभावित हो रहे हैं तो वही धाम में कपाट खुलने की तैयारी भी प्रभावित हो रही है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

### खबर संक्षेप

#### पद्म पुरस्कार-2025 के लिए नामांकन शुरू

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस, 2025 के अवसर पर घोषित किए जाने वाले देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कार-2025 के लिए ऑनलाइन नामांकन 1 मई से शुरू हो गया है। पद्म पुरस्कारों के नामांकन की अंतिम तारीख 15 सितंबर, 2024 है। पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन/सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल awards.gov.in पर ऑनलाइन प्राप्त की जाएंगी। पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप उपलब्ध है।




#### बृजभूषण के बेटे करण को कैसरगंज से टिकट

**नई दिल्ली।** भाजपा ने कैसरगंज लोकसभा सीट से गुरुवार को महिला पहलवानों से यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण शरण का टिकट काट दिया। उनकी जगह उनके छोटे बेटे करण भूषण सिंह को कैसरगंज से चुनावी मैदान में उतारा है। करण सिंह शुक्रवार को करण नामांकन करेंगे। बता दें कि कैसरगंज लोकसभा सीट में 3 मई नामांकन की आखिरी तारीख है। करण सिंह बृजभूषण शरण सिंह के छोटे बेटे हैं। वे शादीशुदा हैं और उनके एक बेटा और एक बेटी है।



#### रायबरेली से भाजपा के दिनेश सिंह प्रत्याशी

**लखनऊ।** रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन की तारीख खत्म होने के एक दिन पूर्व भाजपा ने दिनेश प्रताप सिंह को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। 2019 के चुनाव में दिनेश प्रताप सिंह सोनिया गांधी के खिलाफ इसी सीट से ताल ठोंक चुके हैं। इस सीट पर नामांकन की अंतिम तारीख 3 मई है। कांग्रेस की ओर से कोई प्रत्याशी घोषित नहीं किया गया है। इस सीट से राहुल गांधी के उतरने की चर्चा है।



### गुजरात के आणंद में पीएम मोदी ने कहा-कांग्रेस और पाकिस्तान की पाटनर्शिप एक्सपोज

# यहां कांग्रेस मर रही है और पाकिस्तान वहां 'रो' रहा है

कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। और कांग्रेस तो पाकिस्तान की मुरीद है ही।

देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है। अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है। वो शासनकाल था, ये सेवाकाल है।



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को गुजरात के आणंद में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि यहां कांग्रेस मर रही है और पाकिस्तान वहां रो रहा है, कांग्रेस और पाकिस्तान की पाटनर्शिप एक्सपोज़ हो चुकी है। देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है। अब देश ने 10 साल भाजपा का सेवाकाल भी देखा है। वो शासनकाल था, ये सेवाकाल है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के 60 साल में करीब 60% ग्रामीण आबादी के पास शौचालय नहीं था।

कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे



कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि 60 साल में कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, बैंकों पर कब्जा कर लिया और ये कहा कि बैंक गरीबों के लिए होने चाहिए। बैंकों का राष्ट्रीयकरण गरीबों के नाम पर करने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। मोदी ने 10 साल में 50 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते खोले।

कांग्रेस से पूछा...

#### क्यों 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर ये संविधान लागू नहीं होता था?

पीएम मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं, लेकिन, कांग्रेस मुझे जवाब दे कि जिस संविधान को आज माथे पर रखकर नाच रहे हो, क्यों 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर ये संविधान लागू नहीं होता था। आज भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मजा ये है कि यहां कांग्रेस मर रही है और वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे को पीएम बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है। कांग्रेस तो पाकिस्तान की मुरीद है ही।

#### अब आतंक का टायर पंक्चर हो गया

पीएम मोदी ने कहा कि जितने साल हमारे देश में कांग्रेस सरकार रही पाकिस्तान का बड़ा हव्वा था। लेकिन अब आतंक का टायर पंक्चर हो गया है। जो देश कभी आतंकी एक्सपोर्ट करता था, अब आटे के इंपोर्ट के लिए दर-दर भटक रहा है, जिसके हाथ में बम गोला था, उसके हाथ में आज भीख का कटोरा है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस की कमजोर सरकार आतंक के आकाओं को डोजियर देती थी। डोजियर का मतलब है फाइल पर सारी जानकारियों इकट्ठा करके देते थे। लेकिन मोदी की मजबूत सरकार ने डोजियर-वोजियर पर टाइम खराब नहीं किया। हम आतंकियों को घर में घुसकर मारते हैं।

### राहुल गांधी ने कहा-साल 2013 में पब्लिक सेक्टर में 14 लाख स्थायी पद थे, जो 2023 तक आते आते सिर्फ 8.4 लाख ही बचे

# आरक्षण हटाओ का मंत्र, न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी



हम सभी युवाओं को भर्ती की गारंटी देते हैं। केंद्र में करीब 30 लाख खाली पदों को भरा जाएगा

सरकारी कामों को ठेके पर देकर रेलवे जैसे संस्थानों में नौकरियां बैक डोर से खत्म की जा रहीं

भाजपा सरकार अंधे निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों से आरक्षण छीन रही

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया है। उन्होंने आरक्षण को लेकर जमकर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने कहा कि नरेंद्र मोदी के आरक्षण हटाओ अभियान का मंत्र है- न रहेगा बांस, न बजेगी बांसुरी, मतलब न रहेगी सरकारी नौकरी, न मिलेगा आरक्षण। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अंधे निजीकरण से सरकारी नौकरियों को खत्म कर चुपके-चुपके दलितों, आदिवासियों और पिछड़ों से आरक्षण छीन रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपने एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट में कहा कि साल 2013 में पब्लिक सेक्टर में 14 लाख स्थायी पद थे।

#### 6 लाख पक्की नौकरियां सिर्फ पब्लिक सेक्टर से ही खत्म

राहुल गांधी ने भाजपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि बीएसएनएल, सेल, भेल जैसे टॉप पीएसयू को बर्बाद कर लगभग 6 लाख पक्की नौकरियां सिर्फ पब्लिक सेक्टर से ही खत्म कर दी गई। उन्होंने कहा कि ये वही पद हैं जहां आरक्षण का लाभ मिलता है। सरकारी कामों को ठेके पर देकर रेलवे जैसे संस्थानों में जो नौकरियां बैक डोर से खत्म की जा रही हैं उनकी तो कोई गिनती ही नहीं है।

### ऑनलाइन गेमिंग से जिंदगी 'ऑफ'

## 60 हजार रुपए हारा, पिता की फटकार के डर से खाया जहर

पिता को कॉल कर जहर खाने की बात बताई, अस्पताल में मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छोला मंदिर थाना क्षेत्र मिनाल के पास बुधवार सुबह एक आटो चालक ने जहरीला पदार्थ खा लिया है। जहर खाने के बाद उसने अपने पिता को कॉल कर जहर खाने की बात कही थी। पिता और परिजन लोकेशन लेने के बाद मिनाल पहुंचे थे। इसके बाद उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार शाम करीब साढ़े छह बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। उसके बयान नहीं हो सके थे, लेकिन परिजन को उसने बताया था कि वह आन लाइन गैम में 60 हजार रुपए हार गया है और इसी दुखी होकर उसने यह कदम उठाया है।

#### पिता के खाते से निकाले थे पचास हजार

*परिजन ने बताया कि इंद्रराज को ऑनलाइन गैम खेलने की लत लग गई थी। उसने पिता के खाते से पचास हजार रुपए निकाले थे। उक्त रुपए वह ऑनलाइन गेमिंग में हार गया। इसके अलावा अपने खाते से दस हजार रुपए भी उसने ऑनलाइन गेम में लगाए थे वह भी हार चुका था। अनुमान है कि उसे डर था कि रुपए हारने के बाद उसे पिता फटकार लगाएंगे। इसी कारण उसने आत्महत्या की है।*

## सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त ने मांगे थे 1.15 लाख



**भोपाल/ शाजापुर।** सहकारिता विभाग के सहायक आयुक्त को एक लाख पंद्रह हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। ये कार्रवाई उज्जैन लोकायुक्त की टीम ने शाजापुर में की। डीएसपी राजेश पाठक के नेतृत्व में टीम गुरुवार को शाजापुर किला परिसर स्थित सहकारिता विभाग कार्यालय पहुंची थी।



#### नगर परिषद अध्यक्ष ने ठेकेदारों के बिल भुगतान के एवज में मांगी थी रिश्वत

**पन्ना।** बुंदेलखंड के पन्ना जिले के अमानगंज नगर परिषद में सागर लोकायुक्त ने बड़ी कार्रवाई की है। नगर परिषद अध्यक्ष को 30 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। अध्यक्ष सारिका खटीक एक ठेकेदार के बिलों के भुगतान के एवज में उसे रिश्वत के लिए परेशान कर रहीं थी।

### सुबह करीब साढ़े आठ से पौने नौ बजे के बीच यह युवक कर रहा था चहलकदमी

## मालगाड़ी के कंटेनर पर अचानक चढ़ गया युवक और ओएचई लाइन पकड़ ली, बुरी तरह से झुलसा

सोनू यहां कब और कैसे पहुंचा इसकी जानकारी जुटाई जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के मुख्य रेलवे स्टेशन पर खड़ी एक मालगाड़ी के कंटेनर पर चढ़कर युवक ने ओएचई लाइन पकड़ ली।

ओएचई लाइन के संपर्क में आते ही उसे तगड़ा झटका लगा था और वह कंटेनर पर गिर गया। गंभीर रूप से झुलसे युवक को हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। युवक की पहचान सोनू कुमार यादव (22) निवासी जिला बांदा, उत्तर प्रदेश के रूप में की गई। सोनू यहां कब और कैसे पहुंचा इसकी जानकारी जुटाई जा रही है।

कोई भी आकर कैसे चढ़ जाएगा ट्रेन पर, जीआरपी पर बड़ा सवाल



#### घरवालों का पता लगाया जा रहा

*जीआरपी थाना प्रभारी जहीर खान ने बताया कि गुरुवार सुबह एक मालगाड़ी प्लेटफार्म क्रमांक तीन और चार के बीच स्थित सात नंबर लाइन पर खड़ी थी। सुबह करीब साढ़े आठ से पौने नौ बजे के बीच एक युवक मालगाड़ी के कंटेनर में लगी सीढ़ियों से ऊपर चढ़ गया। कंटेनर पर चहल-कदमी करते हुए उसने ओएचई लाइन पकड़ ली, जिससे उसे बिजली का जोरदार झटका लगा। झटका लगते ही युवक कंटेनर पर गिर पड़ा। इस दौरान उसके कपड़े और शरीर बुरी तरह से झुलस गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची जीआरपी ने उसे तुरंत ही इलाज के लिए हमीदिया अस्पताल पहुंचाया, जहां गंभीर हालत में उसका इलाज चल रहा है। प्रारंभिक पूछताछ में युवक ने अपना नाम सोनू कुमार बताया है।*



स्पेशल : वर्ल्ड लाफ्टर डे, 5 मई

मुंह लटकाए बैठे लोग किसी को पसंद नहीं आते, बोरिंग लगते हैं। वहीं हमेशा हंसने वाले खुशमिजाज लोग सबको खूब भाते हैं। हंसना स्वास्थ्य के लिए भी बहुत जरूरी है। हंसने के क्या-क्या फायदे हैं, हम कैसे हंसते रहें, जानो।

# हंसो क्योंकि हंसना जरूरी है!

ऑकेजन / अनुराग मनींद्र

मुनमुन को गुमसुम, उदास देखकर मोनू ने पूछा, 'अच्छा सुनो मुनमुन, तीन दोस्त 'चुप', 'गुमसुम' और 'हाहाहा' पार्क में खेल रहे थे। थोड़ी देर बाद चुप और गुमसुम अपने-अपने घर चले गए। बताओ, पार्क में कौन बचा?'

'नहीं बताना!' मुनमुन दूसरी ओर मुंह फेरकर बोली।

मोनू ने कई बार अपना सवाल दोहराया। आखिर मुनमुन को जवाब देना ही पड़ा, 'हाहाहा..।'

मोनू ने फिर पूछा, 'कौन बचा?'

मुनमुन ने दोहराया, 'हाहाहा।'

जब मुनमुन को मोनू की चालाकी समझ में आई, तो वह खिलखिलाकर हंस पड़ी। मुनमुन को हंसता देखकर मोनू हंसते हुए बोला, 'यह हुई न बात!'

दरअसल, उदास बैठी मुनमुन को हंसाने के लिए ही मोनू ने इस तरह सवाल किया था।

## लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन

बच्चों, हंसी का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। हंसने-हंसाने वाले खुशमिजाज लोग हर किसी को पसंद आते हैं। वहीं चिड़चिड़े और बात-बात पर गुस्सा करने वाले तुनकमिजाज लोगों को कोई पसंद नहीं करता। 'लाफ्टर इज द बेस्ट मेडिसिन' यह कहावत तो बच्चों तुमने जरूर सुनी होगी। हंसना हमारे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बहुत जरूरी है। बच्चों, हंसी के एक नहीं बहुत से फायदे हैं, तुम्हें भी मालूम होना चाहिए।

## बढ़ता है ऑक्सीजन लेवल

जब हम खुलकर हंसते हैं तो हमारे शरीर के कई सारे अंग एक साथ सक्रिय हो उठते हैं। हंसने से हमारा ब्लड सर्कुलेशन रेग्युलेट होता है, साथ ही इससे हमारे शरीर का ऑक्सीजन लेवल भी बढ़ता है। इसका असर हमारी स्किन पर भी पड़ता है। अकसर देखा गया है, जो लोग हंसते-मुस्कुराते रहते हैं, उनकी स्किन भी दमकती रहती है। ऐसे लोगों के चेहरे पर एक अलग ही आभा दिखती है।



## रिलीज होता है 'हैप्पी हार्मोन'

जब हम खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते हैं, तो हमारे शरीर में डोपामाइन, एंडोर्फिन, सिरोटोनिन, ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोंस रिलीज होते हैं। इन्हें 'हैप्पी हार्मोंस' या 'फील गुड हार्मोंस' भी कहते हैं। ये हार्मोंस हमारे गुस्से को कम करते हैं, तनाव यानी टेंशन कम करते हैं, हमारा मूड अच्छा रखते हैं, साथ ही हमें पॉजिटिव एंड हैप्पी रखते हैं।

## बढ़ती है इम्यूनिटी

जब हम खुलकर हंसते हैं, तो हमारे शरीर के कई हिस्सों, जैसे- मस्तिष्क, हृदय, हड्डियों और मांसपेशियों में नए सेल्स बनते हैं। इससे हमें फिट एंड एक्टिव रहने में मदद मिलती है। साथ ही इससे हमारी इम्यूनिटी भी स्ट्रॉन्ग होती है, जिससे बीमारियों से लड़ने की क्षमता बढ़ती है।

## और भी हैं कई फायदे

बच्चों, हंसने के और भी कई फायदे हैं। अगर तुम हमेशा खुश और हंसते-मुस्कुराते रहोगे, तो सभी तुम्हें पसंद करेंगे। हर कोई तुमसे मिलना, बातें करना और तुम्हारे साथ समय बिताना चाहेगा। खुश रहने से पढ़ाई में तुम्हारा कंसंट्रेशन बढ़ेगा, इस कारण तुम अपने लेसन को जल्दी और आसानी से समझ पाओगे। इससे तुम्हारा कॉन्फिडेंस बढ़ेगा। हंसने-मुस्कुराने और खुश रहने की आदत आगे चलकर तुम्हारे करियर ग्रोथ में भी हेल्पफुल होगी।

बच्चों, जब हंसने-मुस्कुराने के इतने सारे फायदे हैं, तो भला कौन हंसना नहीं चाहेगा, इसलिए खुद खुलकर हंसो और दूसरों को भी हंसाओ। *

### हंसने और खुश रहने के लिए ये करो



**देखा जाए** तो खुश रहने के लिए किसी खास वजह की जरूरत नहीं होती। जो लोग स्वभाव से जिंदादिल और खुशमिजाज होते हैं, वे हर हाल में खुश रहते हैं, हंसते-मुस्कुराते रहते हैं। बच्चों, तुम भी हंसी और खुशमिजाजी को अपने स्वभाव का हिस्सा बनाओ। वैसे, हंसने के कई माध्यम और तरीके हैं, जिन्हें अपनाकर तुम खुलकर हंस सकते हो।

- मजेदार जोक्स पढ़ो। इसे अपने दोस्तों के साथ शेयर करो। उनसे भी बोलो कि वे तुम्हारे साथ हंसाने वाले जोक्स शेयर करें।
- अच्छे लाफ्टर शोज देखो। अच्छी कॉमेडी फिल्में देखो। हंसाने- गुदगुदाने वाले कार्टून शोज देखो।
- मन ही मन वैसी बातें या कोई इंसिडेंट याद करो, जिससे तुम्हें हंसी आए। इससे तुम्हारे चेहरे पर अपने-आप ही मुस्कुराहट आ जाएगी।
- तुमने पार्क में एक-साथ कई सारे लोगों को जोर-जोर से ठहाके लगाते हुए जरूर देखा होगा! ऐसे ही तुम भी अपने दोस्तों के साथ मिलकर अपना 'किड्स लाफ्टर क्लब' बनाकर एकसाथ ठहाके लगा सकते हो।

रोचक जानकारी / शिवानी छाया

# गम.. च्युइंगगम.. बबलगम



बच्चों, तुमने च्युइंगगम या बबलगम जरूर खाया होगा। च्युइंगगम और बबलगम, है तो एक ही चीज, लेकिन दोनों में एक अंतर है। बबलगम चबाते हुए हम इसे गुब्बारे की तरह मुंह से फुला सकते हैं लेकिन च्युइंगगम को हम सिर्फ चबा सकते हैं, गुब्बारे की तरह फुला नहीं सकते। बच्चों, तुम सोचते होगे च्युइंगगम और बबलगम की शुरुआत कैसे हुई, हम तुम्हें बताते हैं।

**पहले लोग गम चबाते थे:** बच्चों, च्युइंगगम या बबलगम हमेशा से ऐसा नहीं था। शुरुआती दौर में यूनान और तुर्की के लोग खाना खाने के बाद गम (गोंद जैसा चिपचिपा पदार्थ) चबाते थे। यह गम वहां उगने वाले मैस्टिक नामक पेड़ से निकाला जाता था। इसी तरह अमेरिका में भी लोग स्पॉडिला नामक पेड़ से गम निकालकर चबाते थे। चूंकि इस गम को लोग चबाते थे, इसलिए इसे 'चबाया जाने वाला गम' यानी 'च्युइंग-गम' भी कहा जाता था। आज भी इसे च्युइंगगम कहते हैं।

**मार्केट में कैसे आया च्युइंगगम:** च्युइंगगम के प्रति लोगों की दीवानगी देखते हुए सन 1848 में अमेरिका के जॉन बी. कर्टिस ने इसे टेस्टी और आकर्षक बनाने के लिए गम में मोम मिलाकर उबाला, फिर इसे ठंडा करके अलग-अलग शेप्स में काटकर, कलरफुल कागज में पैक किया। पैकिंग के हिसाब से उसने च्युइंगगम को 'शुगर क्रीम', 'व्हाइट माउंटेन' जैसे नामों से बेचना शुरू किया। कर्टिस का यह आइडिया काफी सफल रहा।

**टेस्ट और फ्लेवर वाला च्युइंगगम:** अब तक बनाए और बेचे जा रहे च्युइंगगम में कोई टेस्ट नहीं होता था। सन 1871 से 1880 के बीच थॉमस एडम्स ने अलग-अलग टेस्ट और फ्लेवर वाले 'ब्लैक जैक' नामक च्युइंगगम लांच किए। इस च्युइंगगम को लोगों ने खूब पसंद किया।

**फुलाया जाने वाला बबलगम:** 1906 में फ्रैंक एच. फ्लेयर ने एक ऐसा प्रोडक्ट बनाया, जिसे च्युइंगगम की तरह चबाने के साथ-साथ बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। फ्लेयर ने इसे 'फ्लीसर बबलगम' और 'ब्लिबर ब्लबर' के नाम से बाजार में उतारा। इसमें सबसे बड़ी कमी यह थी कि कुछ देर चबाने के बाद यह बहुत ज्यादा चिपचिपा हो जाता था। इसलिए यह लोगों को ज्यादा पसंद नहीं आया।

आगे चलकर 1928 में फ्लेयर की ही कंपनी में काम करने वाले वाल्टर ई. डायमर ने ऐसा बबलगम बनाया, जो पहले की तुलना में कम चिपचिपा था। इसे देर तक चबाया जा सकता था, साथ ही बैलून की तरह फुलाया भी जा सकता था। कंपनी ने इसे 'डबल बबल' नाम से बाजार में उतारा। इसे लोगों ने खूब पसंद किया। इसके बाद इसकी क्वालिटी में निरंतर चेंज किए जाते रहे। अब तो अलग-अलग कलर, शेप, टेस्ट, फ्लेवर के च्युइंगगम और बबलगम मार्केट में मिलते हैं। *

कविता / शिवचरण चौहान

# मेंढक को जुकाम

कहा मेंढकी से मेंढक ने
मुझको हुआ जुकाम।
चाय पिला दो अदरक वाली
जिससे हो आराम।।
मौसम बदल रहा है इससे
आया मुझे बुखार।
सहला दो तुम माथा मेरा
कर दो थोड़ा प्यार।।
बोली तुरंत मेंढकी अब



तुम चलो डॉक्टर पास।
तुमको तेज बुखार हुआ है
रहे जोर से खांस।।

चार गोलियां काली, पीली
और लगा इंजेक्शन।
कहा डॉक्टर ने मेंढक से
तुमको है इंफेक्शन।।
नदियों, नालों, तालाबों में
खूब लगाते गोते।
होता तभी जुकाम जोर का
पड़े-पड़े तुम रोते।।
बता रहा परहेज एक मैं
है जुकाम का तोड़।
अब से तुम पानी में जाना
बिल्कुल ही दो छोड़।।

## जीके क्विज- 102



1.भारत के नए नौसेना प्रमुख कौन बने हैं?
2.भारत के किस एयर पोर्ट को दुनिया के टॉप-टेन बिजी एयर पोर्ट्स में शामिल किया गया है?
3.पिछले दिनों माउंट रुआंग ज्वालामुखी में भयंकर विस्फोट हुआ था। यह ज्वालामुखी किस देश में स्थित है?
4.सौरमंडल का सबसे बड़ा ग्रह कौन-सा है?
5.रात में दिखाई पड़ने वाला सबसे चमकीला तारा कौन-सा है?
6.स्वतंत्र भारत के पहले शिक्षा मंत्री कौन थे?
7.जनसंख्या की दृष्टि से भारत का विश्व में कौन-सा स्थान है?
8. व्हाइट गोल्ड किसे कहा जाता है?
9. माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला कौन थीं?
10.'इंडिका' नामक पुस्तक किसने लिखी थी?

**बच्चों, जीके क्विज-102 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-101 का उत्तर :** 1.विराट कोहली, 2.डी. गुकेश, 3.1 मई, 4.हॉकिंस, 5.महात्मा गांधी, 6.एम. एस. स्वामिनाथन, 7.रोएंटजन, 8.सच्चिदानंद सिन्हा, 9. स्वामी दयानंद सरस्वती, 10.हमिंग बर्ड

**जीके क्विज-101 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, नेहा-ईमेल से, गोपाल-ईमेल से, शिवकुमार मधुकर-बिलासपुर, सरबजीत-करनाल, बी.आकांक्षा-अहमदाबाद, ईशान-अहमदाबाद, दीप्ती-कोरबा, हर्ष-भोपाल, रवि-जबलपुर

## हंसगुल्ले



**टीचर:** तुमने होमवर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, जब मैं होम वर्क करने बैठा तो लाइट चली गई।
**टीचर:** तो लाइट आने के बाद तुमने होम वर्क क्यों नहीं किया?
**मोहित:** सर, मुझे लगा कि मेरी वजह से कहीं फिर से लाइट न चली जाए।
**-अभिजीत, दुर्ग**

**तन्मय :** क्या तुम चीनी भाषा पढ़ सकते हो?
**तेजस:** हां, अगर वो हिंदी या अंग्रेजी में लिखी हो तो पढ़ लूंगा।
**-सोनिया, जींद**

**नव्या:** विदेश में पंद्रह साल के बच्चे अपने पैरों पे खड़े हो जाते हैं।
**नैंसी:** हमारे देश में तो दो-तीन साल का बच्चा खड़ा होने के साथ-साथ दौड़ने भी लगता है। **-मोहन, भोपाल**

हास्य कथा
समीर गांगुली

वह दही-फल बेचने वाला अपने आप में अजूबा था। उसकी बातें, उसके दही-फल जैसी चटपटी थीं। बच्चे उसकी बातें सुनकर 'हो-हो' करके हंसते। एक दिन बड़ी अजब-सी बात हुई। एक पुलिस वाले ने भी उसके दही-फल का स्वाद चखा। इसके बाद लोगों ने जो देखा-सुना, सब दंग रह गए!

# दहीवाला.. पुलिसवाला..



भरी-दोपहरी में कॉलोनी में एक आवाज गूंजी, 'दहीवाला...ले लो दही-फल...फल-दही...आ गया दहीवाला!' साथ ही साथ कॉलोनी के दो मंजिले घरों की पहली मंजिल और दूसरी मंजिल के दरवाजे-खिड़कियां खुल गईं। उनसे कई बच्चों के चेहरे बाहर झांकने लगे।

दहीवाला। साईकिल पर बड़ी-सी परात में रखे दो हंडे। मिट्टी के इन हंडों का मुंह लाल कपड़े से बंधा। एक हंडे में दही और दूसरे में केला, अनानास, अंगूर, आम, अमरूद, लीची रखा होता। साथ में चीनी,नमक, मिर्च और अमचूर के डिब्बे। लंबा दुबला दहीवाला। वह रंग-बिरंगा, बड़ी-बड़ी दो जेबों वाला कुर्ता पहनता, उसके नीचे सफेद धोती और सबसे नीचे रबर के काले जूते पहनता, जो चलने पर पक्क-पक्क की आवाज करते थे।

दहीवाले के माथे पर एक बड़ा-सा गूमढ़ था, जिसे दिखाकर वह बच्चों से कहता, 'देखना, यहां से एक दिन लंबा-सा सींग निकलेगा।'

छोटकी मालती भी बालकनी पर आ जाती और दहीवाले के साथ सबकी बातें सुनती। उसकी मां कहती, 'ये दहीवाला बहुत झूठ बोलता है।' पापा कहते, 'दहीवाला बहुत मजाकिया है।'

दहीवाले से जब नाम पूछो, तो वो हर बार नया नाम बताता। इतने निराले नाम बताता कि बच्चे हंसते-हंसते लोट-पोट हो जाते। कभी बिच्छू पांडे, कभी गाय प्रसाद, कभी भिंडी भाई, कभी कंकरी कालू करताली नाम बताता। लेकिन उसकी फल-दही या दही-फल का कोई जवाब नहीं था। बच्चे उसकी आवाज सुनकर दौड़कर आ जाते और पूछते, 'दहीवाले, दहीवाले इस हंडे में क्या है.. और उस हंडे में क्या है?'

दहीवाला अपनी आंखों को चार-बार गोल-गोल घुमाता और बोलता, 'इसमें है काली, मटियाली गाय का सफेद ताजा दही और इस हंडे में हरे पेड़ हनुमान प्रसाद के मीठे अमरूद। नीले पेड़ चुन्नी लाल के नीले-काले शहतूत।'

बच्चे 'हो-हो' हंस देते। फिर दहीवाला अपने थैले से पत्ते के दोने निकालता। उन्हें एक थाली पर सजाता। इसके बाद एक हंडा खोलता, उसमें से कोई ताजा फल निकालता। जेब से चाकू निकालता, उन्हें काटता, दोने में लगाता फिर दूसरा हंडा खोलता, उसमें से लकड़ी के चम्मच से दही निकालकर दोने में लेता। ऊपर से नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाता। उसके बाद एक छोटे चम्मच से अपना 'अंतर-मंतर गड़बड़ मंतर' पढ़ते हुए सबको मिलाता। फिर 'हो-हो' करके हंसता और सारे बच्चों को एक-एक दोना पकड़ा देता। उसे खाकर बच्चे एक साथ मिलकर दोहराते, 'आ गई मस्ती, भाग गई सुस्ती।'

दहीवाला खुश हो जाता। तब बच्चे पैसे निकालते, दहीवाले को पकड़ाते और उसे 'कल फिर आना' कहकर अपने घरों में लौट आते।

एक दिन भरी दोपहर में। इधर दहीवाले ने आवाज लगाई। उधर एक फटफटिया फट-फट करती कॉलोनी में आई। दहीवाले के पास आकर फटफटिया वाले ने अपना हेलमेट उतारा। अंदर से एक बड़ी-बड़ी घुंघरैली मूंछों वाला पुलिसवाला निकला। दरवाजे और खिड़कियों से झांकते बच्चों की सांसें थम गईं। पुलिसवाला फटफटिया से उतरा, एक बैग से बड़ा-सा कटोरा निकाला और उसे दहीवाले को पकड़ाया।

दहीवाले ने हंडे से केला निकाला, उसे छोटा-छोटा काट कर कटोरे में भरा, फिर एक आम निकाला उसे भी काट-काट कर कटोरे में डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने फिर ऊपर से अंगूर डाले।

पुलिसवाला बोला, 'थोड़ा और।'

दहीवाले ने हंडे से अनानास भी निकाला और उसे उस बड़े कटोरे में डाला। फिर दूसरा हंडा खोला और उससे छह चम्मच दही डाला। पुलिसवाला बोला, 'और डालो।'

दहीवाले ने चार चम्मच और डाला, फिर उसमें नमक, चीनी, मिर्च और अमचूर मिलाया। अपना मंतर गुनगुनाया और पुलिस वाले को पकड़ाया। पुलिस वाले ने भी भुक्कड़ की तरह गड़प-गड़प खाया। फिर उसने पूछा, 'कितने पैसे?'

दहीवाला बोला, 'वैसे तो हुए सौ रुपए, मगर आप जो मन हो दे दो...।'

पुलिसवाले ने बटुआ निकाला, उसमें से सौ-सौ के दो नोट निकाले, दहीवाले को देते हुए बोला, 'ये लो दो सौ रुपए।' इसके बाद पुलिस वाले ने अपना हेलमेट पहना, अपना कटोरा वापस लिया और चलने लगा। एकाएक उसे कुछ ख्याल आया, वह रुका। अपना बैग खोला। उसमें से एक नया गमछा निकाला और दहीवाले को पकड़ा दिया। बोला, 'रखो इसे। बहुत गर्मी है, पसीना पोंछते रहना।'

दहीवाला पुलिस वाले से गमछा लेते हुए हाथ जोड़कर बोला, 'कल फिर आना, दरोगा भैय्या।'

पुलिसवाला फटफटिया चलाते हुए चला गया। बच्चों ने इसे देखा, उनके माता-पिता ने भी देखा। सब दंग थे, पुलिस वाले का व्यवहार देखकर, इतना अच्छा पुलिस वाला..! सब मन ही मन सोच रहे थे, सब दहीवाले का कमाल है! *

## रंग भरो-149

**रंग भरो-149** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





तनिष्क, रायपुर



सौम्या, बालोद



समृद्धि, शहडोल



सुयश, बिलासपुर



सत्यम, रायपुर



विशु, रोहतक

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

भारती-भिवानी, भूमिका-बालोदा बाजार, पलक-अटेली मंडी, प्रभास-बिलासपुर, सौम्या-दुर्ग, पलक-धमतरी, विशाखा-रायपुर, आकांक्षा-दुर्ग, पाखी-बालोद, प्रत्यूष-अंबिकापुर, मोनिका-बिलासपुर, शिवा-हिसार, कल्पना-भोपाल, आदित्य-दिल्ली

## रंग भरो 150




बच्चों, दिए गए चित्र में राजू और पिंकी खूब खिलखिलाकर हंस रहे हैं। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्ष को अपने लाफ्टर क्लब के दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन वहां तक पहुंचने का रास्ता वह भूल गया है। सही रास्ता खोजकर हर्ष को उसके दोस्तों तक पहुंचने में जरा मदद तो करो।



# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, शुक्रवार 3 मई 2024


## सरकारी कर्मचारियों के वेतन में इजाफा

### महंगाई भत्ते 25 फीसदी बढ़े 50 प्रतिशत पहुंचा डीए



**नई दिल्ली।** सरकारी कर्मचारियों का डीए 50 फीसदी होने पर 2 और भत्ते भी बढ़ गए है। केंद्र सरकार इस साल की शुरुआत में अपने कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ता (डीए) बढ़ाकर 50% करने के बाद बच्चों की शिक्षा भत्ता चिल्ड्रन एजुकेशन अलाउंस (सीईए) और हॉस्टल सब्सिडी जैसे कुछ भत्ते ऑटोमेटिकली 25% तक रिवाइज हो गए हैं।

## यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में तेज सुधार, आगामी 9 साल में देश में मिलेंगे 5.82 करोड़ रोजगार

### जनवरी 2023 से यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में दिहाड़ी नौकरियों में 14 फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अच्छी खबर

देश में यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में 2033 तक 5.82 करोड़ रोजगार मिलने की उम्मीद है। दरअसल, बीते कुछ वर्षों में इस क्षेत्र के बढ़ते तालमेल से देश में टियर-1 और टियर-2 शहरों में लगातार रोजगार सृजित हुआ है। हालांकि कोरोना महामारी के दौरान वर्ष 2020 में पर्यटन क्षेत्र ने 3.9 करोड़ नौकरियां गंवाई थी जो देश के कुल कार्यबल का 8 प्रतिशत है। इसके बावजूद देश ने कोरोना महामारी से उबरकर दिखाया साथ ही साथ यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में फिर से तेजी से सुधार भी किए।



देश के टियर-1 और टियर-2 शहरों में लगातार हुआ रोजगार सृजन



#### 2023 में दीं 16 लाख अतिरिक्त नौकरियां

*इस क्षेत्र ने कैलेंडर वर्ष 2023 में 16 लाख अतिरिक्त नौकरियां दी। जनवरी 2023 से यात्रा और पर्यटन क्षेत्र में दिहाड़ी नौकरियों में 14 फीसदी की वृद्धि हुई है। इसमें ट्रांसलेटर, फोटोग्राफर, टूर गाइड जैसे पद शामिल है। अगले 2 वर्षों में इस क्षेत्र की नौकरियों में 20 फीसदी तक की वृद्धि की उम्मीद है।*

#### पर्यटकों को शीर्ष पांच राज्यों ने किया सबसे ज्यादा आकर्षित

*घरेलू पर्यटकों को आकर्षित करने वाले शीर्ष पांच राज्यों में उत्तर प्रदेश, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र शामिल हैं। इस क्षेत्र में दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, पुणे और कोच्चि में सबसे ज्यादा नौकरियां मिलने की संभावना है। वहीं जयपुर, अहमदाबाद और चंडीगढ़ जैसे टियर-2 शहरों की भी अहम भूमिका होगी।*

## खबर संक्षेप

### सीबीएसई बोर्ड 10वीं एवं 12वीं का रिजल्ट जल्द



**नई दिल्ली।** सीबीएसई बोर्ड से 10वीं एवं 12वीं की परीक्षाओं में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स को रिजल्ट जारी होने का बेसब्री से इंतजार है जो जल्द ही खत्म होने वाला है। रिपोर्ट्स के मुताबिक सेंट्रल बोर्ड ऑफ सेकेंड्री एजुकेशन (सीबीएसई) की ओर से सेकेंड्री और सीनियर सेकेंड्री कक्षा का रिजल्ट मई के पहले सप्ताह में जारी किया जा सकता है।

### दंडी आश्रम कांड: दूसरा आरोपी भी पकड़ाया



**उज्जैन।** बड़नगर रोड के गुरुकुल दंडी आश्रम में 19 नाबालिगों के साथ यौन शोषण के मामले में फरार आरोपी सेवादार अजय ठाकुर को पुलिस ने बुधवार देर रात आष्टा से गिरफ्तार कर लिया। मामले में एक अन्य आरोपित आचार्य राहुल शर्मा को पुलिस को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में कायमी की है। राहुल को कोर्ट ने जेल भेज दिया है। आरोपियों के ब्लड सैंपल के अलावा डीएनए जांच भी करवाई जा रही है। बता दें कि बड़नगर रोड स्थित गुरुकुल दंडी आश्रम में वेद अध्ययन, कर्मकांड की शिक्षा दी जाती है।

### रेवन्ना के खिलाफ लुकआउट नोटिस



**बेंगलुरु।** कर्नाटक में जेडी (एस) के लोकसभा उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े अश्लील वीडियो मामले की जांच कर रही एसआईटी ने उसके खिलाफ गुरुवार को लुकआउट नोटिस जारी किया। यह नोटिस दुनिया भर के सभी इमिग्रेशन प्वाइंट्स पर जारी किया गया है। अगर प्रज्वल एसआईटी के सामने पेश नहीं हुए, तो गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा सिरोंज में विपक्षी गठबंधन पर खूब गरजे

# इंडी अलायंस को देश की समृद्धि व संप्रभुता से कोई लेना-देना नहीं

मोदी जी भ्रष्टाचार हटाने की बात करते हैं तो अलायंस के लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात करते हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गुरुवार को सागर संसदीय क्षेत्र के चुनावी दौरे पर सिरोंज पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस को देश की समृद्धि व संप्रभुता से कोई लेना देना नहीं है।

मोदी जी भ्रष्टाचार हटाने की बात करते हैं तो अलायंस के लोग भ्रष्टाचारियों को बचाने की बात करते हैं। कांग्रेस पार्टी ने घोटाले पर घोटाला किया, कोयला, टू जी, पनडुब्बी, चावल घोटाला, कॉमनवेल्थ, अगस्ता हेलीकाप्टर से लेकर अनेकों घोटाले किए। आकाश, पाताल, धरती किसी को नहीं छोड़ा। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा के भोपाल एयरपोर्ट पहुंचने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भावभीना स्वागत किया। इसके बाद वे सागर संसदीय क्षेत्र में चुनावी दौरे पर पहुंचे। उन्होंने जनसभा को संबोधित करते हुए दिल्ली में मोदी सरकार क्यों जरूरी है, इस बारे में डिटेल जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहले सागर का युवक बॉर्डर पर सेना की तरफ से पाकिस्तान की गोलीबारी का जवाब नहीं दे सकता था। पर आज की स्थिति यह है कि मोदी जी ने सेना के जवानों को पूरी छूट दे रखी है।

### हमने यह भी तय किया है कि 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे



नड्डा ने भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर चुनाव की विस्तृत जानकारी ली




### आयुष्मान भारत कार्ड से देश में 55 करोड़ लोगों का इलाज

नड्डा ने कहा कि आज देश में 10 करोड़ परिवारों से ज्यादा लोगों यानी 55 करोड़ लोगों के पास आयुष्मान भारत योजना का कार्ड है। इस कार्ड से 5 लाख रुपए से गंभीर बीमारी का इलाज हो रहा है। उन्होंने कहा कि अब हमने तय किया है कि 70 साल से उपर के प्रत्येक व्यक्ति को आयुष्मान योजना का कार्ड मिलेगा। इसमें किसी भी तरह की कोई बाधा नहीं होगी। इसके साथ ही महिलाओं के लिए उज्जवला, उजाला जैसी योजना लागू की गई है। हमने यह भी तय किया है कि 3 करोड़ बहनों को लखपति दीदी बनाएंगे।

*10 करोड़ 78 लाख लोगों को मिल रहा है किसान समृद्धि योजना का लाभ*

नड्डा ने कहा कि देश में 10 करोड़ 78 लाख परिवारों को किसान समृद्धि योजना का लाभ मिल रहा है। प्रत्येक किसान को हर साल 6 हजार रुपए की सहायता दी जा रही है। इतना ही नहीं मप्र में तो मुख्यमंत्री मोहन यादव भी उतनी ही राशि यानी 6 हजार रुपए साल यानी कुल मिलाकर किसानों को 12 हजार रुपए दे रहे हैं। देश में 11 करोड़ परिवारों को हर घर नल से जल मिल रहा है। मप्र में 52 लाख परिवारों तक नल से जल मिल रहा है। इसीलिए कहते हैं कि मोदी के मन में एमपी है और एमपी के मन में मोदी हैं।

## मुरैना में प्रियंका ने भाजपा पर साधा निशाना

# मेरे पिता को विरासत में धन दौलत नहीं 'शहादत' मिली

**45 सालों** में इतनी महंगाई कभी नहीं हुई, जो आज है



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना

कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी गुरुवार को मुरैना जिले में पहुंचीं। उनके साथ कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार सहित तमाम कांग्रेस के नेता मंच पर मौजूद रहे।

प्रियंका गांधी ने मंच पर आते ही पटिया वाले बाबा के जयकारे लगाए। प्रियंका ने कहा कि जब मैं पिता के टुकड़े घर लाई तो मैं देश से नाराज थी। उनके टुकड़े देश के झंडे में लिपटे हुए थे। मैं समझती हूं शहादत का क्या मतलब है। आज मैं 52 साल की हूं, पहली बार मैंने मंच पर ये बात सार्वजनिक की है। वो नाराजगी थी, मैं समझी इस तरह की नाराजगी उसी से होती है जिससे प्रेम होता है। मेरे देश के लिए मेरे दिल में कितना प्रेम है मैं कैसे समझाऊं। मोदी जी मेरे पिता को देशद्रोही बोलते हैं।

**» *मोदी जी मेरे पिता को देशद्रोही बोलते हैं। वे कहते हैं मेरे पिता ने कोई कानून बदल दिया उनकी मां से विरासत लेने के लिए***

◆ आज केंद्र सरकार जनता के लिए नहीं चल रही है


#### 1200 रुपए महीने में क्या होगा? हम सालाना 1 लाख देंगे

उन्होंने कहा कि यह सच्चाई है कि यह वीरों की भूमि है। आपने कितने लोगों को यहां से सेना में भेजा। इस देश की हिफाजत की जिम्मेदारी भी आप की ही है। आज देश में इतनी बेरोजगारी हो गई है, जो 45 साल में कभी नहीं हुई। माता-पिता बच्चों को मेहनत करके पढ़ाते हैं, लेकिन पेपर लीक हो जाता है, घोटाला हो जाता है।

## मई में बिना बारिश 10 डिग्री तक नीचे पारा

# दिन और रात के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज

सबसे कम राजगढ़ में 16.4 डिग्री पारा बाकी जिलों में 6 से 8 डिग्री तक कम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को प्रदेशभर में दिन और रात के तापमान में लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। मई महीने में तापमान में गिरावट का यह सिलसिला पिछले साल की तर्ज पर चल रहा है। गुरुवार को राजगढ़ में बिना बारिश के ही रात का पारा 5 डिग्री गिरकर 16.4 डिग्री रहा, यह सामान्य से 9.5 डिग्री कम है। इसके साथ ही एक दर्जन से अधिक जिलों में पारा बारिश के बिना ही तेजी से गिरा है। इसका प्रमुख कारण पहाड़ों से आने वाली उत्तरी हवाएं हैं। हालांकि, पिछले साल मई में गर्मी अपेक्षाकृत अधिक रही थी, लेकिन इस वर्ष शुरूआत में ही तापमान में तेजी से गिरावट हो रही है। इससे अब मई महीने में भी गर्मी के दिनों में कमी आने के साथ ही लू में भी कमी आएगी। प्रदेश में दिन और रात के तापमान में गिरावट के बाद करीब एक दर्जन शहरों में दिन और रात तापमान सामान्य से 5 से 8 डिग्री तक नीचे दर्ज हुआ है।

## राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उगला जहर

# जेनोफोबिया ने भारत के 'विकास' को रोक लिया

भारत, चीन, रूस और जापान जैसे देशों का नाम लिया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा है कि ज़ेनोफोबिया ने भारत, चीन, रूस और जापान जैसे देशों के विकास को रोक दिया है, जबकि अप्रवासियों ने संयुक्त राज्य अमेरिका को मजबूत बनाया है।

जो बाइडेन ने कहा कि चीन आर्थिक रूप से इतनी बुरी तरह क्यों रुक रहा है, जापान को क्यों परेशानी हो रही है, रूस और भारत में ऐसा हाल क्यों है, क्योंकि वे ज़ेनोफ़ोबिक हैं। वे अप्रवासी नहीं चाहते। अप्रवासी ही हमें मजबूत बनाते हैं। बाइडेन राष्ट्रपति चुनाव की कैंपेनिंग शुरू कर चुके हैं और वॉशिंगटन में चंदा जुटाने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे, जहां उन्होंने कहा, ये देश विदेशी लोगों को अपने देश में नहीं चाहते हैं, इसीलिए इन देशों का विकास रूक गया है। बाइडेन ने कहा कि कि हमारी अर्थव्यवस्था के बढ़ने का एक कारण आप और कई अन्य लोग हैं।






## राजनैतिक विश्लेषक श्रवण गर्ग से 'हरिभूमि और आईएनएच' न्यूज चैनल के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी का 'चुनावी संवाद'

# पहले जेल से बाहर निकलते हुए लोग चुनाव लड़ रहे थे, पर अब लोग चुनाव लड़ते हुए जेल जा रहे हैं, चुनाव है पर दिख नहीं रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

inh विशेष

तकरीबन 6 दशक तक सार्वजनिक जीवन जीने वाले श्रवण गर्ग अपनी पत्रकारिता में मुखरता के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने 1957 से हो रहे चुनाव को नजदीक से देखा और समझा है। वे मानते हैं कि इस बार का लोकसभा चुनाव कोरोना काल के सफरिंग से निकला हुआ चुनाव है जो नजर आ रहा है उसमें एक डरा हुआ समाज कुछ भी कर रहा है। उनका आंकलन है कि स्पष्ट जनादेश किसी एक पार्टी को नहीं मिलने वाला है। वे यह भी मानते हैं कि भाजपा के पास कोई मुद्दे नहीं हैं, वहीं कांग्रेस के पास सड़क से निकली आवाज वाले मुद्दे हैं।

### ये भी बोले ?

- व्यक्तिगत रूप से भाजपा के लिए मोदी ड्राइविंग फोर्स हैं
- जब आप 4 जून को विपक्ष के सभी पार्टी को असेंबल करेंगे, तब पता चलेगा कि क्या प्रोडक्ट बना है?
- भाजपा ने नीतीश कुमार को साथ लेकर बड़ी गलती की,



*सवाल: अपने कई चुनाव देख लिए हैं। यह लोकसभा चुनाव पहले जैसा है या उससे अलग?*

*जवाब: बिल्कुल अलग है। चुनाव है पर दिख नहीं रहा। 77 के बाद से देख रहा हूं कि यह ऐसा पहला चुनाव है कि कुछ समझ में ही नहीं आ रहा है। वो एक फिजीकल चुनाव था, क्योंकि जेल से बाहर निकलते हुए लोग चुनाव लड़ रहे थे। लेकिन इस समय ऐसा चल रहा है कि लोग चुनाव लड़ते हुए जेल जा रहे हैं। यह फर्क दिखाई दे रहा है। लोगों ने नहीं बोलना सीख लिया है। शिकायत करना बंद कर दिया है। इस चुनाव को दो चीजों ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया। ये है कि जो विपक्ष की यूनिटी है, वे अनप्रसिडेंट है, ऐसा तो 77 में भी नहीं था। उससे अलग यूनिटी दिख रही है।*

## रोचक खबरें

### कार के अंदर मिला विशालकाय अजगर निकालने में छूट गए पसीने



लंदन। सोचिए कि कहीं जाने के लिए आपने कार का दरवाजा खोला और अंदर 6 फीट लंबा भयानक सा अजगर बैठा दिख जाए तो आपका हाल क्या होगा। ऐसा ही एक वीडियो इन दिनों वायरल हो रहा है, जिसे देखकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे।वीडियो में एक शख्स खूंखार अजगर को ऐसे पकड़ कर कार से बाहर निकाल रहा है, जैसे खेत से किसी पाइप को उखाड़ रहा हो। वीडियो में देखा जा सकता है कि इस शख्स को न तो इस विशालकाय सांप का डर सता रहा है और न तो अंजाम की चिंता हो रही है।

#### अजब-गजब कमेंट्स

वीडियो को 10 मिलियन से अधिक बार देखा जा चुका है और लोग अजब-गजब कमेंट्स कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, उसे कार पसंद आ गई है, वह निकलना नहीं चाहता। दूसरे यूजर ने लिखा, हे भगवान, मेरे रोंगटे खड़े हो गए। तीसरे यूजर ने लिखा, मुझे लगता है शायद उसे ड्राइविंग पसंद है।

#### अजगर के साथ रस्सा-कस्सी

कार में एक विशालकाय अजगर सीट के ऊपर बैठा नजर आ रहा है, उसने अपना मुंह गाड़ी के एक हिस्से में छिपा कर रखा है। कार का गेट खोलते ही कार मालिक के होश उड़ जाते हैं, लेकिन फिर वह इस अजगर को ऐसा धोबी पछाड़ देता है कि देखने वाले भी दंग रह जाते हैं। शख्स अजगर को पीछे से पकड़ कर दम भर उसे खींचता है।

### इंजेक्शन लगते ही ठिकाने आई वायर की अक्ल, ऑन हो गईं लाइटें



लंदन। अगर हालत ज्यादा ही सीरियस हो जाते हैं तो एक ही इंजेक्शन लगते ही हालात सही भी हो जाते हैं। दिमाग पर छाया अंधेरा कम होता हुआ सा लगता है। दिमाग की बत्ती जला देने वाला ये इंजेक्शन क्या घर की लाइट भी ऑन कर सकता है। सुनकर शायद नामुमकिन लगे, लेकिन एक महिला ने ये कर दिखाया है। अपने इस कारनामे के साथ यह महिला जबरदस्त तरीके से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही।

#### इंजेक्शन लगते ही बत्ती ऑन

इस महिला का वीडियो शेयर किया है न्यूटन मेनिट्स नाम के इंस्टाग्राम हैंडल ने, जिसे कैप्शन दिया गया है कि, इस तरह से लाइट बनती है। इस वीडियो में आप देख सकते हैं एक महिला है, जो इंजेक्शन पकड़ी हुई नजर आ रही है। इस इंजेक्शन के दोनों सिरों से वायर निकला हुआ दिखाई दे रहा है, जिस तरह इंजेक्शन के पीछे वाले लीवर को दबा कर इंजेक्शन लगाया जाता है।

#### मेडिक्स और इलेक्ट्रिशियन रो पड़े

इस वीडियो को देखकर बहुत से यूजर्स महिला की स्किल्स पर मजेदार कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि, इस महिला को डॉक्टर बनना था. जबरदस्ती इलेक्ट्रिशियन बना दिया. एक यूजर ने लिखा कि, जब डॉक्टर इलेक्ट्रीशियन बन जाता है, तब ऐसा ही होता है।

## नवरत्न लाया गर्मी में लॉफ्टर चैलेंज



**कोलकाता।** इमामी लिमिटेड का आयुर्वेदिक ठंडे नवरत्न इस गर्मी में एक लाफ्टर चैलेंज लेकर आया है, जिसमें कपिल शर्मा अपने लाफ्टर फैमिली मेंबर्स किकू शारदा, गौरव गेरा और सुमोना चक्रवर्ती के साथ ब्रांड में शामिल हुए हैं। विज्ञापनों और कंटेंट की एक नयी श्रृंखला में, नवरत्न तेल ने कपिल शर्मा और उनके सह-कलाकारों के साथ तेल को ठंडक का बादशाह राहत का राजा के रूप में प्रस्तुत किया है। हर्षा वी.अग्रवाल, वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, इमामी लिमिटेड, ने इस यूनिक एंडोर्समेंट एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें अपने ब्रांड नवरत्न आयुर्वेदिक तेल के लिए कपिल शर्मा और उनकी अनोखी टीम के साथ जुड़कर खुशी हो रही है। हँसी मजाक तनाव दूर करने के लिए जाना जाता है और कपिल अपने अलग अंदाज में एक दशक से भी अधिक समय से लोगों को हंसा रहा है।

## नंद घर आंदोलन से जुड़े मनोज

**मुंबई।** देश भर में 14 लाख आंगनवाड़ियों में आमूल बदलाव लाने से उद्देश्य से नंद घर ने अभिनेता मनोज बाजपेयी के साथ एक राष्ट्रीय आंदोलन – अगर बचपन से पूछा खाना खाया, तो देश का कल बनाया- का अनावरण किया। नंद घर के इस आंदोलन का उद्देश्य है, समग्र स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्तापूर्ण पोषण और बच्चों के लिए सर्वोत्तम प्री-स्कूल शिक्षा सुनिश्चित कर भारत की भावी पीढ़ी का पोषण करना। मनोज बाजपेयी का इस आंदोलन में शामिल होने के लिए स्वागत करते हुए, वेदांता के अध्यक्ष, श्री अनिल अग्रवाल ने कहा, "प्रोजेक्ट नंद घर एक राष्ट्रीय आंदोलन है, जो स्वास्थ्य और पोषण पर ध्यान देने के साथ बच्चों और महिलाओं के समग्र कल्याण का समर्थन करता है। हमें खुशी है कि मनोज बाजपेयी जी ने इस विस्तृत होते आंदोलन को अपना समर्थन दिया है। उनकी निजी जीवन की कहानी हमारी भावी पीढ़ियों के जीवन को पोषित करने और बदलने के नंद घर के उद्देश्य से गहराई से मेल खाती है।''आज इस दिल छू लेने वाले अभियान के लॉन्च में, मनोज बाजपेयी को एक युवा थिएटर अभिनेता के रूप में अपनी व्यक्तिगत यात्रा के बारे में बताते हुए देखा गया और उन्होंने अभिनय के सपने को पूरा करने के दौरान अपने लिए नियमित पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने में दोस्तों के अमूल्य योगदान को रेखांकित किया।

## 46 साल की उम्र में 18 का दिखने का दावा, बेच रहा जवान बने रहने का फार्मूला


एजेंसी ▶▶| लंदन

बुढ़ापा किसी को पसंद नहीं होता है और लोग हमेशा जवान बने रहना चाहते हैं।दुनियाभर में इसके लिए तरह-तरह के उपाय, दवाएं और थेरेपी का यूज किया जाता है। अरबपति बिजनेसमैन ब्रायन जॉनसन का दावा है कि, वह खास तरह के एंटी एजिंग उपायों की मदद से 46 साल की उम्र में 18 वर्ष की तरह एनर्जी रखते हैं। अब ब्रायन जॉनसन अपने उस खास फॉर्मूले को लोगों को बेचना हैं।ब्रायन ने अपने इस फॉर्मूले की कीमत 343 डॉलर यानी लगभग 28 हजार रुपए रखी है।

### फार्मूले की कीमत 28 हजार रुपए

#### खास डाइट और पिल्स

अरबपति बिजनेसमैन ब्रायन जॉनसन ने अपने आप को जवान रखने के लिए अपनी उम्र को बायोलॉजिकल रिवर्स करने का दावा करते हैं। इससे वह अपनी उम्र से काफी कम उम्र के नजर आते हैं। उन्होंने ने अपनी उम्र से लगभग 30 साल को कम कर लिया है। उन्होंने अपने इस प्रोजेक्ट को ब्लूप्रिंट नाम दिया है। इसके लिए वे हर दिन खास तरह की डाइट और 100 पिल्स लेते हैं।



#### बदलना चाहते हैं लोगों की खाने की आदतों को

ब्रायन जॉनसन ने ब्लूप्रिंट को ब्लूप्रिंट स्टैक के नाम से बाजार में उतारा है। इसमें ड्रिंक्स मिक्स, प्रोटीन की आठ तरह के पिल्स, स्नेक ऑयल, 67 पावरफुल थेरेपी और 400 कैलोरी शामिल हैं। इस प्रोडक्ट की कीमत 28 हजार रुपए है। जॉनसन अपने इस प्रोडक्ट की मदद से लोगों की खाने की आदतों को बदलना चाहते हैं।

#### यहां हो रही डिलीवरी

जॉनसन अपने जवान होने की सनक के कारण पहले ही पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हो चुके है और अब उनका प्रोडक्ट लोगों का ध्यान खींच रहा है। उन्होंने अपने आप को जवान रखने के लिए 2 मिलियन डॉलर खर्च किए हैं।उनका प्रोडक्ट फिलहाल अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, कनाडा, चेक गणराज्य, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली, न्यूजीलैंड, नीदरलैंड, ब्रिटेन समेत कुल 23 देशों में डिलीवर किया जा रहा है।

## खूबसूरत टाइल्स के अंदर दबा मिला मानव जबड़ा, रिसर्चर्स ने खोला चौंकाने वाला राज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोगों के दांतों का इलाज करने वाले एक डेंटिस्ट को एक मानव जबड़ा देखकर घबराहट हो गई। यही नहीं वो उसे देखकर पूरी तरह चौंक उठा, क्योंकि ये जबड़ा किसी के मुंह के अंदर नहीं, बल्कि उसके माता-पिता के घर की टाइल्स में दबा हुआ मिला। अपने माता-पिता के हाल ही में रिनोवेट हुए यूरोपीय घर का दौरा करते समय, डेंटिस्ट को छत की ओर जाने वाले दालान के किनारे एक ट्रैवर्टीन फर्श टाइल में एक मानव जबड़े की हड्डी लगी मिली थी। तिरछे काटे जाने पर, टाइल में कई दांतों का क्रॉस-सेक्शन दिखाई दिया। इसके बाद डॉक्टर ने इसे रेडिट पर पोस्ट किया, जिसके ऑनलाइन लोगों को ध्यान खींचा और इस पर रिसर्च भी शुरू हो गई है।

### पुराना हो सकता है इतिहास

#### विलुप्त मानव पूर्वज का हो सकता है जबड़ा

इस खोज ने वैज्ञानिकों की एक अंतरराष्ट्रीय टीम का ध्यान आकर्षित किया है, जो जीवाश्म की जांच के लिए जाने जाते हैं। उनका मानना है कि, यह किसी विलुप्त मानव पूर्वज का हो सकता है। ऑस्टिन में टेक्सास विश्वविद्यालय के मानवविज्ञान प्रोफेसर जॉन कप्पेलमैन (जो होमिनिड व होमिनिन उत्पत्ति और विकास में विशेषज्ञ हैं) ने कहा, अगर यह एक जीवाश्म होमिनिन निकला तो इसका अध्ययन किया जाना चाहिए और एक संग्रहालय में रखा जाना चाहिए।



#### यह है ट्रैवर्टीन

ट्रैवर्टीन एक प्रकार का चूना पत्थर है जो आमतौर पर अपनी खूबसूरती और लॉन्ग लास्टिंग होने के कारण कंस्ट्रक्शन में इस्तेमाल की जाती है। अक्सर ये खनिज झरनों के पास बनता है और इसमें पिछले जीवन के जीवाश्म अवशेष हो सकते हैं, जबकि पौधे, शैवाल और यहां तक कि गैंडे और जिराफ जैसे जानवरों के जीवाश्म कभी-कभी ट्रैवर्टीन में पाए जाते हैं, मानव अवशेष असाधारण रूप से दुर्लभ हैं, जैसा कि विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय के पेलियोएंथ्रोपोलॉजिस्ट जॉन हॉक्स ने बताया।

#### जबड़े की कहानी में कई मोड़ आएंगे

डॉ. हॉक्स ने एक ब्लॉग में लिखा, 'मुझे उम्मीद है कि इस जबड़े की कहानी में कई मोड़ आएंगे।' कुछ दांतों के संरक्षित होने और आस-पास की प्रचुर मात्रा में चट्टान के साथ, मुझे उम्मीद है कि विशेषज्ञ इस व्यक्ति के जीवन के बारे में और वह कब जीवित था, इसके बारे में बहुत कुछ जानने में सक्षम होंगे।' कप्पेलमैन ने कहा, 'संसाधित ट्रैवर्टीन टाइल में कशेरुकी जीवाश्म और 100 गुना अधिक होमिनिन जीवाश्म मिलना बहुत ही असामान्य है। हमारे पास केवल मुट्ठी भर लोग हैं।' कप्पेलमैन उस टीम का हिस्सा थे, जिसने तुर्की में व्यावसायिक उपयोग के लिए ट्रैवर्टीन टाइल काटने वाले कारखाने के श्रमिकों द्वारा खोजे गए 500,000 साल पुराने मानव कंकाल के अवशेषों पर टीबी के शुरुआती सबूत देखे थे। वैज्ञानिकों ने अपने शोध के निष्कर्षों को 2007 में द अमेरिकन जर्नल ऑफ फिजिकल एंथ्रोपोलॉजी में प्रकाशित किया।

### गुंडों ने लगाया अजीब टैक्स

## घर के छायादार पेड़ों के लिए देना होगा शुल्क

एजेंसी ▶▶| तमुलिपास

दुनिया में कई जगहें ऐसी भी हैं जहां सरकार के अलावा अपराधी भी लोगों से हफ्ता या टैक्स वसूलते हैं। इसमें मैक्सिको के कई शहर शामिल हैं।मैक्सिको में यह काम कार्टेल करते हैं। यहां एक अनोखे तरीके का टैक्स लागू किया गया है। यहां अब लोगों क अपने बागीचों के छायादार पेड़ों के लिए भी कर देना होगा और इसे शैडो टैक्स नाम दिया गया है।

गल्फ कार्टेल के डिवीजन लॉस सिक्लोन्स और लॉस मेट्रोज ने घर को छाया देने वाले प्रत्येक पेड़ के लिए परिवारों पर शुल्क लगाया है। मकसद तमुलिपास में उन लोगों से पैसा वसूलना है, जिन्होंने खुद को सूरज की तेज धूप से बचाने के लिए अपने बगीचे में पेड़ लगाए हैं। रिपोर्ट के अनुसार, जबरन वसूली शुल्क पहली बार मार्च में लागू किया गया था। माना जा रहा है कि एक अच्छा घर और बगीचा एक विशेषाधिकार बन जाएगा, जिसका केवल कुछ चुनिंदा लोग ही आनंद ले पाएंगे। ग्रेसिएला, जिसका नाम बदल दिया गया है, ने द शैडो राइट नाम की जबरन वसूली पर बताया कि यह 27 मार्च को हुआ था, जब उनके मेरे पति के जन्मदिन का अगले दिन था। कुछ लोग आए जिन्होंने कहा कि वे थेला एम्प्रेसा (लॉस सिक्लोन्स) से हैं और उन्हें बताया कि अब से वे घरों में पेड़ों के लिए शुल्क लेने जा रहे हैं।



#### उन्हें दया नहीं आती

ग्रेसिएला के पति इग्नासियो ने बताया कि बूढ़े होने के कारण उन्हें यहां आप पर दया नहीं आती। वे सब भुगतान करते हैं। अन्य पड़ोसी अपने घर की मरम्मत, आपकी कार, जानवरों के लिए भुगतान करते हैं। यहां वरिष्ठ नागरिकों के लिए कोई सम्मान नहीं है, आप भुगतान नहीं करते हैं, तो वे आपको मार देते हैं।

## पालतू बिल्ली ने घर में लगा दी आग लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

एजेंसी ▶▶| लंदन

कई लोगों को पालतू जानवरों का शौक होता है। लोग कुत्ता, बिल्ली, खरगोश और पक्षियों समेत कई जानवर पालते हैं। कभी-कभी इन जानवरों की वजह से लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ जाता है। कई बार इनके कारण जानवर के मालिक की जान भी खतरे में पड़ जाती है। चीन से एक ऐसा ही मामला सामने आया है, जहां पर एक महिला को अपनी पालतू बिल्ली की वजह से भारी नुकसान उठाना पड़ा है। दरअसल, बिल्ली की वजह से महिला को 14,000 डॉलर ( भारतीय रुपए में करीब 11 लाख रुपए) का नुकसान हुआ है। उसने कुछ ऐसा किया जिससे अब आपके मन में सवाल खड़ा हो रहा होगा कि आखिर उसने ऐसा क्या कर दिया? बिल्ली ने ऐसा काम किया है, जिसके बारे में जानकर आप हैरत में पड़ जाएंगे। दरअसल, जिंगौडियाओ नाम की बिल्ली ने घर में आग लगा दी, जिसकी वजह से करीब 11 लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। किचन में इंडक्शन कूकर रखा था, जिसे बिल्ली ने चालू कर दिया। इससे घर में आग लग गई।



## राशिफल

**मेष** – मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृष** – आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

**मिथुन** – किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**कर्क** – जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** – जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

**कन्या** – पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

**वृश्चिक** – मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

**धनु** – आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

**मकर** – क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

**मीन** – पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।


**आवश्यकता**

आवश्यकता है - सुनहरा मौका वनविभाग ने निकाली सीधी पक्की भर्ती परमानेंट बेसेस पर (10000 पदो पर) पद - वनरक्षक, क्लर्क, चपरासी, माली, सैलरी-25670+35850/- आवेदन -10+12वी पास लड़के लड़किया आवेदन हेतु- आधारकार्ड, पासपोर्ट फोटो,मार्कसीट व्हाट्सएप /कॉल करे - 9046968782 (रायपुर /03 / मई/24)

अब आप पायेंगे अपना सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी
प्रत्येक रविवार को प्रकाशित

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।


छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

महालक्ष्मी फायनेंस
*महिलाओं को विशेष छूट
(सरकार द्वारा रजिस्टर)
1% ब्याज 50% छूट
सभी प्रकार की योजनाओं के द्वारा लोन ऑनलाईन पाएं
एजेंट आमंत्रित वेतन - 25,000/- प्रतिमाह + कमीशन
मार्कशीट | पर्सनल | बिजनेस
कृषि | होमलोन | प्रॉपर्टी
व्यवसाय | राशनकार्ड | आधारकार्ड
मुर्गीपालन | ईटभट्टा | समूह लोन
नया रोजगार शुरु करने के लिए जनधन मुद्रा योजना के द्वारा 1 लाख से 50 लाख तक 24/48 घंटे में घर बैठे लोन
9917370725

## शब्द पहेली - 5500



**बाएँ से दाए-**

1. बेजोड़-4
4. परिचय, निशान-4
7. कला-3
9. सज्जनता, चरित्र, आदर्श-3
10. प्रथा, रिवाज-3
11. उपस्थिति-3
12. सेन्धमार-5
15. शयनागार, बेडरूम, आरामगाह-3,2
18. तड़के, सुबह सवेरे-5
20. चुगली करना-2,3
22. मैला, गंदा-3
23. रसद, आहर पदार्थ-3
25. प्रणाम, नमस्कार-3
26. तोलने का यंत्र, तकड़ी-3
27. स्थायी, प्राचीन-4
28. हुकूमत, राजगद्दी-4

**ऊपर से नीचे**

2. मुलाकात, मिलाप-3
3. खून से लथपथ-5
4. लालन-पालन-5
5. सेवक, नौकर, दास-3
6. धोखेबाज-4
8. समान, एक जैसा-4
13. पंकज, जलज-3
14. आघात, चोट-3
16. भरोसा, विश्वास-3
17. कुली, पालकी वाहक-3
18. जुर्म, गुनाह-4
19. स्वदेश वासी-5
20. शतपदी, कनखजूरा-5
21. अहमक, मूर्ख-4
24. स्नान करना-3
25. सम्मान, पगड़ी-3

**शब्द पहेली -5499 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5511

✱✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANDAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5510 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 |
| बेंगलोर | 10 | 3 | 7 | 6 |

ऑरेंज कैप



ऋतुराज गायकवाड़
509 रन
चेन्नई

पर्पल कैप



जसप्रीत बुमराह
14 विकेट
मुंबई

बाउंड्री मीटर

1521 चौके

880 छक्के

# 'मैं कप्तान था, फिर नहीं रहा और अब हूं', यह जीवन का हिस्सा, छलका रोहित का दर्द

एजेंसी ▶▶| मुंबई

इस साल होने वाले टी20 वर्ल्ड कप 2024 के लिए पहले ही भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है. अब इसी मामले को लेकर भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस की है।

इस दौरान उनके साथ भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर भी साथ रहे। आईपएल में रोहित शर्मा को कप्तानी से हटाकर मुंबई इंडियंस फ्रेंचाइजी ने हार्दिक पंड्या को कमान सौंपी है। इसको लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस में सवाल किया गया। इस पर रोहित ने कहा कि मेरे लिए यह कोई नया नही है। मैं इससे पहले भी कई कप्तानों के अंडर खेला हूं।

### एक खिलाड़ी के लिए सब कुछ सही

रोहित ने कहा, 'मैं कप्तान था। फिर कप्तान नहीं रहा और अब कप्तान हूं। यह जीवन का हिस्सा है। सब कुछ आपके अनुसार नहीं होगा। यह एक शानदार अनुभव रहा है। अपने जीवन में पहले भी मैं कप्तान नहीं था और अलग-अलग कप्तानों के अंडर खेला था। इससे कोई लेना-देना नहीं है। मैंने हमेशा वही करने की कोशिश की है जो एक खिलाड़ी के तौर पर जरूरी है और मैंने पिछले एक महीने में ऐसा करने की कोशिश की है।'




### रोहित एक शानदार कप्तान

अजीत अगरकर ने कहा, 'रोहित एक शानदार कप्तान रहे हैं। 50 ओवर के वर्ल्ड कप और इस टी20 वर्ल्ड कप के बीच 6 महीने के दौरान, हमें कुछ निर्णय लेने थे इसमें कोई संदेह नहीं है। मुझे पता है कि हार्दिक ने कुछ सीरीज में नेतृत्व किया है। लेकिन रोहित शानदार रहे हैं।'

### टॉप ऑर्डर बल्लेबाज होने के कारण राहुल का चयन नहीं

प्रेस कॉन्फ्रेंस में केएल राहुल के बारे में पूछा गया कि आखिर क्यों उन्हें वर्ल्ड कप टीम में जगह नहीं मिली। इस पर अगरकर ने कहा, 'केएल एक शानदार खिलाड़ी हैं। हम मिडिल ऑर्डर में बल्लेबाजी करने वाले प्लेयर्स पर विचार कर रहे हैं। केएल टॉप ऑर्डर में बल्लेबाजी करते हैं। जबकि ऋषभ पंत 5वें नंबर पर खेलते हैं। संजू सैमसन भी नीचे खेलने की काबिलियत रखते हैं।'

### रिंकू की कोई गलती नहीं

आईपीएल में धूम मचाने वाले रिंकू सिंह को ट्रैवलिंग रिजर्व में रखा गया है। उन्हें 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं मिली है। इस पर रोहित ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह उनकी (रिंकू) गलती नहीं है। वह अभी हमारे साथ ट्रैवल करने जा रहे हैं। मुझे पता है कि यह उनके लिए थोड़ा कठिन है। मुझे लगता है कि टीम संतुलन के कारण वह चूक गए। हम एक अतिरिक्त स्पिनर खिलाना चाहते थे। मैं टीम में 4 स्पिनर चाहता था। मैं इसका कारण यहां नहीं बताऊंगा, मैं आपको यूएसए में बताऊंगा।'

### कोहली के सपोर्ट में उतरे अगरकर

विराट कोहली आईपीएल के दौरान अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हमेशा ट्रोल होते रहे हैं। इसी को लेकर जब सवाल किया गया, तो अगरकर ने कहा, 'अनुभव बहुत मायने रखता है। विराट कोहली के स्ट्राइक रेट को लेकर कभी कोई बातचीत नहीं हुई। ज्यादा सोचने का कोई मतलब नहीं है।' दूसरी ओर ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या को टीम में चुने जाने को लेकर अगरकर ने कहा, 'जब तक वह फिट और उपलब्ध हैं। हम हमेशा हार्दिक पंड्या को टीम में चाहते थे, इसमें कभी संदेह नहीं था।'


## खबर संक्षेप



### दीपक चाहर की चोट गंभीर लग रही : फ्लेमिंग

**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने स्वीकार किया कि तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट गंभीर लग रही है लेकिन उन्हें फ्रेंचाइजी की मेडिकल टीम से सकारात्मक खबर मिलने की उम्मीद है। फ्लेमिंग ने चाहर की नई चोट के बारे में तफ्सील से नहीं बताया लेकिन उन्हें पंजाब किंग्स के खिलाफ बुधवार की रात को दूसरी ही गेंद पर शायद हैमस्ट्रिंग चोट का सामना करना पड़ा। कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और फिजियो से बात करने के बाद वह मैदान से बाहर चले गए और मैच में आगे गेंदबाजी नहीं की।

### उबेर कप क्वार्टर फाइनल में जापान से हारी महिला टीम



**चेंगडू।** अष्मिता चालिहा ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन युवा और अनुभवहीन भारतीय महिला टीम को उबेर कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में गुरुवार को जापान ने 3-0 से हराया। पीवी सिंधु के बगैर खेल रही भारतीय टीम ने ग्रुप चरण में कनाडा और सिंगापुर को हराकर नॉकआउट के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन आखिरी लीग मैच में उसे चीन ने 5-0 से मात दी थी। दुनिया की 53वें नंबर की खिलाड़ी चालिहा को 67 मिनट तक चले मुकाबले में दुनिया की 11वें नंबर की खिलाड़ी अया ओहोरी ने 21-10, 20-22, 21-15 से हराया। ईशारानी बरुआ को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी नोजोमी ओकुहारा ने 21-15, 21-12 से शिकस्त दी। वहीं राष्ट्रीय चैंपियन प्रिया के और श्रुति मिश्रा को दुनिया की चौथे नंबर की जोड़ी नामी मत्सुयामा और चिहारू शिडा ने 21-8, 21-9 से हराया। भारत तीन बार 1957, 2014 और 2016 में उबेर कप सेमीफाइनल में पहुंचा है।

### वंचित तबके के बच्चों के लिए शुरू किया कार्यक्रम

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने वंचित तबके के बच्चों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से असम के माजुली द्वीप और बोंगाईगांव के दूरदराज के इलाकों से 25 ऐसे बच्चों को सहायता के लिए चुना है। रोहन बोपन्ना टेनिस अकादमी और कमल इंडिया फाउंडेशन यूके के बीच इस साझेदारी के तहत नौ से 11 साल के चयनित बच्चों को व्यापक टेनिस प्रशिक्षण मुहैया कराया जाएगा। बच्चों को एक कौशल और फिटनेस मूल्यांकन प्रक्रिया से गुजरना पड़ा तथा उनका चयन ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन बोपन्ना ने किया। चयनित खिलाड़ी बेंगलुरु जाएंगे जहां उन्हें अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा, विश्व स्तरीय टेनिस पाठ्यक्रम, अनुभवी कोच, स्कूल परिसर में खाने और रहने की व्यवस्था, शिक्षा और आरबीटीए में खुद बोपन्ना द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।



## आईपीएल : 12 अंक के साथ अंक तालिका में दूसरे स्थान पर केकेआर

# खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस, अपनी कमजोरियों से पार पाने उतरेगी कोलकाता

एजेंसी ▶▶| मुंबई

खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी। नौ मैचों में छह जीत के बाद 12 अंक लेकर केकेआर तालिका में दूसरे स्थान पर है और प्लेआफ में उसकी जगह लगभग पक्की लग रही है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा। केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाए हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया लेकिन फिर केकेआर ने वापसी करके दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से मात दी।

- मैच का प्रसारण आज 7.30 बजे

### रिंकू सिंह पर नजर

वानखेड़े स्टेडियम बल्लेबाजों की मददगार पिच के लिए मशहूर है और इस पर 200 से अधिक का स्कोर बनना तय है। ऐसे में नजरें रिंकू सिंह पर भी होंगी जिन्हें टी20 विश्व कप के लिए भारत की मुख्य टीम में जगह नहीं मिलने से काफी बहस हो रही है। उन्हें इस साल आईपीएल में खेलने का अधिक समय ही नहीं मिल सका।



### गेंदबाज कर रहे निराश

बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है। मिचेल स्टार्क प्रति ओवर 12 की दर से रन लुटा रहे हैं और उन्हें सात ही विकेट मिले हैं। बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर आस्ट्रेलिया का यह तेज गेंदबाज कोई कमाल नहीं कर पा रहा। हर्षित राणा ने सर्वाधिक 11 विकेट लिए हैं लेकिन दिल्ली के अभिषेक पोरेल के विकेट पर अति आक्रामक जश्न मनाने के कारण उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। वैभव अरोड़ा ने पांच मैचों में नौ विकेट लिए हैं।

### इंडियंस प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर



मुंबई प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर लग रही है हालांकि उसे पांच मैच और खेलने हैं। इनमें सभी जीतने पर भी उसके 16 ही अंक होंगे जो प्लेआफ में जगह बनाने के लिए शायद कम होंगे। जसप्रीत बुमराह (14 विकेट) और गेराल्ड कोएत्जी (13 विकेट) मुंबई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है।

### पावरप्ले में विकेट गंवाना मुंबई की कमजोरी

बल्लेबाजी में तिलक वर्मा ने तीन अर्धशतक समेत 343 रन बनाए हैं लेकिन बाकी बल्लेबाज नाकाम ही रहे हैं। ईशान किशन लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और पावरप्ले में विकेट गंवाना मुंबई की कमजोरी रही है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 158.29 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं लेकिन लगातार बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं। टी20 विश्व कप से पहले उनके फॉर्म पर भी नजरें होंगी। वहीं सूर्यकुमार यादव ने दो अर्धशतक बनाए हैं लेकिन अपनी क्षमता के साथ पूरी तरह न्याय नहीं कर सके हैं। कप्तान हार्दिक पंड्या बल्ले या गेंद किसी से भी कमाल नहीं कर सके हैं लेकिन टी20 विश्व कप टीम का उपकप्तान बनाए जाने से उनका मनोबल बढ़ा होगा।

खास खबर

### अमूल टी20 विश्व कप में अमेरिका और द.अफ्रीका का बना प्रायोजक



**नई दिल्ली।** भारतीय दुग्ध उत्पाद निर्माता अमूल जून में टी20 विश्व कप के दौरान अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका टीम का प्रायोजक होगा। दोनों टीमों के क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को यह ऐलान किया। अमेरिका एक जून से हो रहे टूर्नामेंट में सह मेजबान के तौर पर पदार्पण करेगा। टूर्नामेंट में सेमीफाइनल और फाइनल समेत कई मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। विश्व कप का पहला मैच एक जून को अमेरिका और कनाडा के बीच होगा। अमूल पहले भी नीदरलेंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान का प्रायोजक रह चुका है। अमूल दूध अब अमेरिका में भी बेचा जाता है। अमूल के प्रबंध निदेशक जयेन मेहता ने एक बयान में कहा, 'अमूल दूध की गुणवत्ता से अमेरिकी क्रिकेट टीम दुनिया भर में दिल जीत सकेगी। हम टीम को आगामी टी20 विश्व कप के लिए शुभकामना देते हैं।'

### एबीडि ने कोहली की आलोचना करने वालों पर निशाना साधा

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी एबी डिविलियर्स ने मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग में पावरप्ले के इतर विराट कोहली के स्ट्राइक रेट की आलोचना करने वाले 'आंकड़ों से प्रेरित' क्रिकेट विशेषज्ञों पर निशाना साधा। कोहली ने मौजूदा सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के लिए शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 147 के स्ट्राइक रेट और 77 की औसत से 500 रन बनाए हैं। वह सर्वाधिक रन बनाने वालों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'विराट कोहली की स्ट्राइक रेट को लेकर आलोचना हो रही है, यह बहुत लंबे समय से चल रहा है और मैं अब इससे तंग आ चुका हूं। मैं कम से कम इतना तो कह सकता हूं कि मैं निराश हूं। यह खिलाड़ी क्रिकेट खेलने वाले अब तक के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक है। वह आईपीएल में अविश्वसनीय है, वह आरसीबी के लिए एक निश्चित भूमिका निभाता है।'



# भारत ने बांग्लादेश से जीती सीरीज टी20 में बनाई 3-0 की अजेय बढ़त

एजेंसी ▶▶| सिलहट

गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के अर्धशतक से भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में गुरुवार को यहां बांग्लादेश को सात विकेट से हराकर पांच मैच की श्रृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली। बांग्लादेश के 118 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने शेफाली (51 रन, 38 गेंद, आठ चौके) के अर्धशतक और स्मृति मंधाना (47 रन, 42 गेंद, पांच चौके, एक छक्का) के साथ उनकी पहले विकेट की 12.1 ओवर में 91 रन की साझेदारी से 18.3 ओवर में तीन विकेट पर 121 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।



### राधा यादव ने 22 रन देकर चटकाए दो विकेट

इस साल टी20 महिला विश्व कप बांग्लादेश में ही होना है और इसलिए भारतीय टीम का यह प्रदर्शन काफी महत्वपूर्ण है। बांग्लादेश की टीम इससे पहले सलामी बल्लेबाज दिलारा अख्तर (25 गेंद में 39 रन) और कप्तान निगार सुल्ताना (28) की उम्दा पारियों के बावजूद 20 ओवर में आठ विकेट पर 117 रन ही बना सकी। भारत की ओर से । रेणुका सिंह, पूजा वस्त्राकर और श्रेयंका पाटिल को एक-एक विकेट मिला।

### जफर टी20 विश्व कप में कनाडा टीम के कप्तान

**टोरंटो।** कनाडा पहली बार पुरुष टी20 विश्व कप में खेलेगा और पाकिस्तानी मूल के साद बिन जफर को जून में होने वाले टूर्नामेंट के लिए टीम की कमान सौंपी गई है। टीम में अधिकांश खिलाड़ी भारतीय या विदेशी मूल के हैं। कनाडा को ग्रुप ए में भारत, पाकिस्तान, अमेरिका और आयरलैंड के साथ रखा गया है। कनाडा को पहला मैच एक जून को डल्लास में अमेरिका से खेलना है। पिछले साल आईसीसी टी20 विश्व कप अमेरिकास क्षेत्र के फाइनल में बरमूडा को हराकर कनाडा ने विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था।
**कनाडा टीम :** साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, डिलोन हेलाइगर , दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गोर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ठाकुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टोन, परगट सिंह, रविंदर पाल सिंह, रयान खान पठान, श्रेयस मोवा।

### मैड्रिड ओपन : रुबलेव से हारे अल्काराज



**मैड्रिड।** कार्लोस अल्काराज का लगातार तीसरा मैड्रिड ओपन जीतने का सपना टूट गया जब क्वार्टर फाइनल में उन्हें आंद्रेइ रूबलेव ने तीन सेटों में हरा दिया। स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज की शुरुआत अच्छी रही लेकिन वह सातवीं वरीयता प्राप्त रुबलेव से 6-4, 3-6, 2-6 से हार गए। बाजू में चोट के कारण मोंटे कार्लो और बार्सीलोना में नहीं खेल सके अल्काराज का उसके बाद यह पहला टूर्नामेंट है। अन्य मैचों में टेलर फ्रिट्ज ने फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को 6-1, 3-6, 6-3 से हराया। अब वह सेमीफाइनल में रुबलेव से खेलेंगे। महिला वर्ग में गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने 17 वर्ष की मीरा आंद्रिवा को 6-1, 6-4 से हराया।

## सलीमा ने कहा- मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई

# सविता की बजाय सलीमा को मिली हॉकी टीम की कप्तानी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मिडफील्डर सलीमा टेटे को अनुभवी गोलकीपर सविता पूनिया की जगह इस महीने के आखिर में होने वाले एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। नवनीत कौर को उपकप्तान बनाया गया है।

सलीमा ने कहा, 'मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है।' बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में एक से नौ जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी। भारत इस समय प्रो लीग तालिका में छठे स्थान पर है।



### भारतीय महिला टीम

**गोलकीपर :** सविता, बिछू देवी खारीबाम।
**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी।
**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी
**फॉरवर्ड :** मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग।

# मीर पाक टीम से बाहर हारिस रऊफ की वापसी



एजेंसी ▶▶| लाहौर

पाकिस्तानी चयनकर्ताओं ने आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखलाओं के लिए लेग स्पिनर उसामा मीर को टीम में जगह नहीं दी है जबकि तेज गेंदबाज हारिस रऊफ की वापसी हुई है। पाकिस्तान की विश्व कप टीम आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ प्रदर्शन के आधार पर चुनी जाएगी।

### टीम इस प्रकार

*बाबर आजम (कप्तान), मोहम्मद रिजवान, आजम खान, सईम अयूब, फखर जमां, इफ्तिखार अहमद, इरफान खान नियाजी, अबरार अहमद, हसन अली, हारिस रऊफ , शाहीन शाह अफरीदी, मोहम्मद आमिर, इमाद वसीम, नसीम शाह, शादाब खान, उस्मान खान, अब्बास अफरीदी और आगा अली सलमान।*




## रजिस्ट्रेशन के साथ ही बताना होगा बिजनेस करेंगे या जॉब

# कॉलेजों में ऑनलाइन एडमिशन प्रक्रिया में बड़ा बदलाव

जबलपुर।

कॉलेजों में ऑनलाइन एडमिशन के लिए इस बार छात्रों को न केवल पहले से ज्यादा दस्तावेजों की जरूरत पड़ेगी, बल्कि उन्हें यह भी बताना होगा कि करियर को लेकर उनका फ्यूचर प्लान क्या है। छात्र को ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान करियर प्रोस्पेक्टिव का विकल्प मिलेगा। इसमें जानकारी भरना होगी कि भविष्य में वे जॉब का विकल्प चुनेंगे या बिजनेस का।

यही नहीं उन्हें यह भी बताना होगा कि अगर वह जॉब का विकल्प चुन रहे हैं तो गवर्नमेंट या प्राइवेट किस सेक्टर में जाना चाहेंगे या फिर स्टार्टअप में रुचि है। इसके अलावा छात्र को एक विकल्प में अपना फील्ड ऑफ इंट्रेस्ट भी बताना होगा। ऐसा इसलिए किया गया है ताकि छात्र अभी से भविष्य को लेकर प्लानिंग कर सकें और वोकेशनल तथा इलेक्टिव विषय चुनने में संस्थान भी उनकी मदद कर सके। इस बार तीन नए दस्तावेज भी जोड़े गए हैं। इनमें अपार आईडी, एबीसी (अकाउंट बैंक ऑफ क्रेडिट) और मूल



निवासी प्रमाण पत्र (पहले ऑप्शनल था) शामिल हैं। खास बात यह है कि इस बार स्टूडेंट्स को मूल निवासी प्रमाण पत्र का नंबर भी बताना होगा।

वैसे 12वीं एमपी बोर्ड का रिजल्ट आ चुका है, लेकिन सीबीएसई का रिजल्ट आने वाला है। पहली काउंसलिंग में ही छात्रों को 20 मई तक रजिस्ट्रेशन का समय दिया गया है। फिलहाल दस्तावेज जुटाने के लिए छात्रों के पास पर्याप्त समय है। कॉलेज में छात्र को टीसी को छोड़ कोई भी मूल दस्तावेज जमा नहीं करना है। मूल निवासी के लिए अभी से प्रक्रिया शुरू कर देना चाहिए।

### विधानसभा बताना होगी

खास बात यह है कि इस बार छात्रों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के दौरान एमपी ऑनलाइन के कियोस्क सेंटर पर अपना विधानसभा क्षेत्र भी बताना होगा। भले ही छात्र प्रदेश में किसी भी जिले का हो।छात्रों की परेशानी, इतने दस्तावेज कैसे जुटाएंगे हालांकि इस नई व्यवस्था ने छात्रों की परेशानी बढ़ा दी है। खासकर मूल निवासी प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, एबीसी रजिस्ट्रेशन आदि करवाने में खासी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस बार अलग-अलग वजह से दस्तावेज जोड़े गए हैं। मूल निवासी प्रमाण पत्र सभी के लिए अनिवार्य किया गया है। इसके अलावा कई सकारात्मक बदलाव भी हुए हैं, जो छात्रों के लिए भविष्य में सकारात्मक साबित होंगे।

### रजिस्ट्रेशन कराने के बाद लिस्ट जारी होने पर ही कॉलेज जाएं

इस बार छात्रों को ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्रेशन कराने के बाद तुरंत कॉलेज जाने की जरूरत नहीं है, लिस्ट आने पर ही जाएं। हालांकि जिन कॉलेजों को अल्पसंख्यक दर्जा प्राप्त है, उनमें प्रवेश के लिए छात्र अलग से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन तो करवाएंगे ही, लेकिन अगले दिन या उसके बाद कॉलेज भी जाना होगा, क्योंकि वहां सीधे प्रवेश होगा। हालांकि दोनों कैटेगरी के एडमिशन में दस्तावेज सत्यापन ऑनलाइन ही होगा। जिन आवेदनों में त्रुटि पाई जाएगी, उसमें सुधार के लिए छात्र को मोबाइल पर मैसेज आएगा। उसे किसी भी शासकीय कॉलेज के हेल्प सेंटर पर पहुंचकर यह ठीक करवाना होगा। हेल्प सेंटर शुरू हो चुके हैं।

विभागीय जांच पर रोक, सरकार से जवाब-तलब

# ईओडब्ल्यू के तत्कालीन डीजी को कैट से राहत

जबलपुर।

केंद्रीय प्रशासनिक अधिकरण (कैट) से आर्थिक अपराध अन्वेषण (ईओडब्ल्यू) के तत्कालीन डीजी आईपीएस सुशोभन बैनर्जी को बड़ी राहत मिली है। कैट ने अंतरिम आदेश के जरिये उनके विरुद्ध जारी विभागीय जांच पर रोक लगा दी है। इसके साथ शासन से जवाब-तलब किया है। कैट ने मामले की अगली सुनवाई दो जुलाई को निर्धारित की है।आईपीएस सुशोभन बैनर्जी की ओर से अधिवक्ता पंकज दुबे व रितिका गुप्ता ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि ईओडब्ल्यू के तत्कालीन डीजी बैनर्जी के विरुद्ध 24 फरवरी, 2021 को चार्जशीट जारी करते हुए विभागीय जांच संस्थित की गई थी। जिस पर आवेदक की ओर से अपनी आपत्ति दर्ज कराई गई थी, लेकिन आपत्ति को निरस्त करते हुए न्यायमूर्ति वीरेन्द्र सिंह को जांच अधिकारी नियुक्त किया था। मामले में आवेदक की ओर अधिवक्ता पंकज दुबे ने दलील दी कि बिना किसी ठोस आधार के विभागीय जांच की जा रहीं है, जो कि द्वेषपूर्ण है। इतना ही नहीं शासन ने हाई कोर्ट के आदेश का भी पालन नहीं किया है। सुनवाई के बाद कैट ने राज्य शासन को नोटिस जारी कर जवाब-तलब करते हुए विभागीय जांच पर रोक लगा दी।

### क्या है मामला

दरअसल, पूरा मामला 2020 में मध्य प्रदेश में पड़ी आईटी रेड से जुड़ा हुआ है। जब जांच एजेंसी ने प्रतीक जोशी व अन्य के ठिकानों पर दबिश दी थी। इस दौरान जांच एजेंसी को एक डायरी मिली थी। जिसमें मध्य प्रदेश के चार पुलिस अधिकारियों के नामों का जिक्र था। जिसमें रुपयों के लेनदेन की बात का उल्लेख था। आईटी जांच के बाद निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश शासन को सभी संबंधित पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध जांच के निर्देश दिए थे। इसके परिपालन में साल 2021 में सुशोभन बैनर्जी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों के विरुद्ध चार्जशीट की गई थी।

# रीवा से बांद्रा के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन



**जबलपुर।** अनारक्षित स्पेशल ट्रेन की पहली ट्रिप 2 मई को बांद्रा टर्मिनस से एवं 3 मई को रीवा से चलेगी। रेलवे द्वारा जनरल रेल यात्रियों के लिए अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए बांद्रा टर्मिनस-रीवा स्टेशन के बीच स्पेशल किराये पर अनारक्षित साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है। इस ट्रेन में द्वितीय श्रेणी के सामान्य कोच होंगे। इस ट्रेन में ट्रेन संख्या 09129 बांद्रा टर्मिनस-रीवा अनारक्षित स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरुवार को बांद्रा टर्मिनस से तड़के 04:30 बजे प्रस्थान कर अन्य स्टेशनों से होते हुए इटारसी रात्रि 21:26 बजे, जबलपुर मध्य रात्रि 01:35 बजे, कटनी 03:30 बजे, मैहर 04:36 बजे, सतना 05:25 बजे और प्रातः 07:00 बजे रीवा पहुंचेगी। यह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 2, 9,16, 23 एवं 30 मई और 06, 13, 20 एवं 27 जून 2024 तक चलेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09130 रीवा-बांद्रा टर्मिनस अनारक्षित स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार को रीवा से 11:00 बजे प्रस्थान कर सतना 12:50 बजे, मैहर 13:15 बजे, कटनी 14:10 बजे, जबलपुर 15:35 बजे, इटारसी 20:45 बजे पहुँच कर अन्य स्टेशनों से होते हुए और अगले दिन 12:15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह अनारक्षित स्पेशल ट्रेन 3, 10,17, 24 एवं 31 मई और 07, 14, 21 एवं 28 जून 2024 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, वलसाड, भेस्तान, चलथान, बारडोली, नंदुरबार, पालधी, भुसावल, खण्डवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, मैहर और सतना स्टेशन पर रुकेगी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

### हाईकोर्ट ने संज्ञान याचिका में शहीद के पिता को जारी किये फ्रेश नोटिस

# पुलवामा हमले में शहीद के परिवार से किया वादा नहीं हुआ पूरा

**जबलपुर। पुलवामा हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ जवान अश्विनी काछी के परिवार से किया गया वादा पांच साल बाद भी सरकार द्वारा पूरा नहीं किये जाने के संबंध में अखबारों में प्रकाशित खबर पर हाईकोर्ट ने संज्ञान लेते हुए मामले की सुनवाई जनहित के रूप में किये जाने के निर्देश दिये थे।**

हाईकोर्ट ने पूर्व में शहीद के पिता को अनावेदक बनाने के निर्देश जारी किये थे। मामले में आगे हुई सुनवाई पर चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमठ व जस्टिस जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने शहीद के पिता सुकरू काछी को फ्रेश नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है।

अखबार में प्रकाशित खबर में कहा गया था कि पुलवामा आतंकी हमले में शहीद हुए जवान अश्विनी काछी को शासन व प्रशासन ने भुला दिया। पुलवामा हमले की पांचवी बरसी पर शहीद की प्रतिमा में माल्यार्पण करने परिजनों के साथ सेना के अधिकारी तथा गांव के लोग ही पहुँचे। परिजनों ने शहीदों की याद में कन्या भोज का आयोजन किया। जिला प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों में कोई नहीं पहुंचा था। शहीद के भाई सुमंत काछी तथा भतीजी प्रियंका काछी ने बताया कि अश्विन की प्रतिमा की स्थापना उनके



परिवार ने अपने व्यय से करवाई थी। प्रतिमा निर्माण में साढ़े 6 लाख रुपये व्यय हुए थे। अंतिम संस्कार व प्रतिमा अनावरण के समय प्रशासनिक अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने शहीद के नाम पर स्कूल तथा प्रतिमा स्थल में पार्क बनाने की घोषणा की थी, जो अभी तक पूरी नहीं हुई। शहादत दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कोई प्रशासनिक अधिकारी व जनप्रतिनिधि शिरकत करने नहीं आये। सेना के अधिकारी तथा सेवानिवृत्त सैनिक व ग्रामीण जनों ने कार्यक्रम में शिरकत कर शहीद की प्रतिमा में श्रद्धा सुमन अर्पित किये। वहीं परिजनों का आरोप था कि जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों से जब पार्क निर्माण व स्कूल के नामकरण की बात करते है तो वह कहते है एक करोड़ रुपये तो मिल गये। क्या किसी जवान की शहादत का मूल्यांकन रूपयों किया जाना चाहिये। मामले की पिछली सुनवाई के दौरान सरकार की ओर विभिन्न दस्तावेज के साथ जवाब पेश किया गया था। युगलपीठ ने शहीद के पिता को अनावेदक बनाने के निर्देश जारी किये थे। मामले में आगे हुई सुनवाई पर न्यायालय ने अनावेदक बनाए गए शहीद के पिता को पुनः नोटिस जारी करने के आदेश जारी किये है।

## आत्महत्या दुष्प्रेरण मामले में निर्देश हासिल करें : हाई कोर्ट

**जबलपुर**। हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति विनय सराफ की एकलपीठ ने आत्महत्या दुष्प्रेरण के मामले में शासकीय अधिवक्ता को कटनी जिला अंतर्गत थाना रीठी से निर्देश प्राप्त करने की जिम्मेदारी सौंपी है। अगली सुनवाई 13 मई को निर्धारित की गई है।याचिकाकर्ता ग्राम कठोतिया, तहसील रीठी, जिला कटनी निवासी रजनी बाई लोधी पत्नी स्व. रामजी पटेल की ओर से अधिवक्ता शंकर प्रसाद सिंह व पद्मावती जायसवाल ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि याचिकाकर्ता ने एसपी कटनी को शिकायत सौंपी थी। जिसके अनुसार सजनी सेन पति पप्पू सेन ने 19 दिसंबर, 2023 को सुबह छह से सात बजे के दौरान घर में प्रवेश किया। दोनों लाठी लिए थे। वे पति रामजी पटेल को चोरी का आरोप लगाकर मारने लगे। चीख-पुकार सुनकर गांव वाले एकत्र हो गए। सार्वजनिक अपमान से व्यथित रामजी पटेल ने आम के पेड से लटककर आत्महत्या कर ली। जिसकी शिकायत के बावजूद पुलिस ने ठोस कार्रवाई नहीं की। याचिकाकर्ता की आयु महज 26 वर्ष है। उसके दो बच्चे हैं। पुलिस महानिदेशक व कलेक्टर को भी शिकायत की गई है। घटना के संबंध में रामनाथ लोधी, सुखचैन लोधी, राजेन्द्र लोधी, अनिल कुमार लोधी ने भी शपथपत्र दिए हैं।

## हाई कोर्ट बार चुनावः अध्यक्ष पद के चार उम्मीदवार आए सामने

### पहले दिन बारह लोगों ने जमा किए नामांकन : 13 मई को होगा मतदान

जबलपुर।

हाई कोट्र बार एसोसिएशन, जबलपुर की नवीन कार्यकारिणी के लिए होने वाले चुनाव अंतर्गत पहले दिन 12 प्रत्याशियों ने नामांकन-पत्र जमा किए। इनमें से अध्यक्ष पद के लिए चार उम्मीदवार सामने आए। जबकि पहले दिन कुल नामांकन प्रपत्र 50 अधिवक्ताओं ने क्रय किए। मतदान 13 मई को होना है। उक्त जानकारी मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने दी। उन्होंने बताया कि गुरुवार को प्रातः साढ़े 10 से सायं साढ़े चार बजे तक चुनाव कार्यालय से नामांकन न्रपत्र क्रय करने एक के बाद एक अधिवक्ता आते रहे। इस तरह कुल 50 नामांकन क्रय हो गए, जिनमें से 12 ने पहले ही दिन नामांकन भरकर जमा कर दिए। इनमें अध्यक्ष पद के चार उम्मीदवार वरिष्ठ अधिवक्ता रमन पटेल, प्रवीण वर्मा, आनंद चावला व सुनील चौबे हैं। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए देवेन्द्र कुमार शर्मा, प्रकाश गुप्ता व मुकेश मिश्रा, सचिव पद के लिए अशोक गुप्ता, पुस्तकालय सचिव पद के लिए अजय शुक्ला, कार्यकारिणी सदस्य के लिए हरीश कुमार शुक्ला, गरिमा तिवारी व विनोद मिश्रा ने अपने नामांकन फार्म भरकर जमा कर दिए।

नामांकन प्रक्रिया में चुनाव अधिकारी अधिवक्ता संजय सेठ, सरला पांडे, आशीष सिन्हा, सुधाकरमणि पटेल, हिमांशु तिवारी, प्रशांत दुबे, मनीष त्रिवेदी, आशीष श्रीवास्तव, नवीन शुक्ला, राजेश सिंह चौहान, आशुतोष त्रिवेदी व केएल जाटव व पर्यवेक्षक अधिवक्ता अमोद गुप्ता, उमेश वैद्य, प्रकाश श्रोती, जगदीप प्रकाश टीटू व राजकमल चतुर्वेदी की सराहनीय भूमिका रही।

### तीन मई को नामांकन पत्र मिलने की अंतिम तिथि :

मुख्य चुनाव अधिकारी दिनेश उपाध्याय ने बताया कि शुक्रवार, तीन मई नामांकन प्रपत्र मिलने व भरने की अंतिम तिथि है। शनिवार, चार मई को नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी होगी। सोमवार, छह मई को नामांकन वापिसी की जा सकेगी। इसी दिन प्रत्याशियों की फाइनल लिस्ट जारी कर दी जाएगी। सोमवार, 13 मई को मतदान के अगले दिन मंगलवार, 14 मई को मतगणना की प्रक्रिया को गति दे दी जाएगी। इसी के साथ विजेताओं के चेहरे सामने आने लगेंगे।

### कुल 13 पदों के लिए होगा मतदान :

मुख्य चुनाव अधिकारी अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने बताया कि कुल 13 पदों के लिए मतदान होना है। अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष व उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय सचिव के अलावा कार्यकारिणी सदस्य के सात पदों के लिए चुनाव होगा।

### 3 घंटे तक निकलती रहीं धुआं और आग की लपटें

## वेयर हाउस में भड़की आग लाखों का भूसा खाक

जबलपुर।

सिमरिया रोड बेलखाडू स्थित एक वेयर हाउस में गुरुवार की दोपहर में अचानक आग भड़क उठी। इस हादसे में वेयरहाउस में रखा लाखों का भूसा राख हो गया। आग लगने का कारण अभी अज्ञात है। घटना की सूचना मिलने पर कटंगी, पाटन के अलावा जबलपुर के दमकल वाहन भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने आग पर काबू पाया। नगर निगम विभाग ने ईएमएस को बताया कि गुरुवार की दोपहर 2 बजे लगभग सिमरिया रोड पर बेलखाडू में मिस्सीलाल साहू के वेयरहाउस में अचानक धुआं निकलने लगा। दरअसल अंदर रखा भूसा जल रहा था। जिसका धुआं लोगों ने देखा तो जबलपुर नगर निगम और पाटन व कटंगी नगर पंचायत के दमकल विभाग



को सूचना दी। इसके बाद दमकल वाहन मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाया। बताया गया है कि गोदाम में लाखों रुपयों का भूसा भरा हुआ था। आग लगने का कारण अज्ञात है। संभावना जताई जा रही है कि शॉर्ट सर्पिट की वजह से आग लगी। दमकल विभाग के मुताबिक जबलपुर से दो दमकल वाहन मौके पर भेजे गए। लगभग तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### राशन दुकानों में हितग्राहियों से चक्कर कटवाने पर आयोग ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** शहर की दो शासकीय राशन दुकानों में हो रही अनियमितता के मामलें में मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग भोपाल में सदस्य राजीव कुमार टण्डन ने संज्ञान लेकर कलेक्टर से जांच कर 3 सप्ताह में प्रतिवेदन मांगा है। मध्यप्रदेश मानव अधिकार आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि, बिलहरी स्थित राशन दुकान में राशन हितग्राही को राशन लेने के लिये परेशान होना पड़ रहा है। हितग्राहियों का कहना है कि सेल्समैन द्वारा अंगूठा लगवा लिया जाता है और फिर दो-तीन दिन बाद राशन देने का कहा जाता है। जिस कारण हितग्राहियों को बार-बार राशन की दुकान के चक्कर काटना पड़ रहा हैं। इसी तरह बिलहरी क्षेत्र की ही एक अन्य राशन की दुकान महीने में दो दिन ही खुलने का मामला सामने आया है।

### पुलिस को कबाड़ में निकाले गए बारुद की भी तलाश

## शमीम की संपत्ति का ब्यौरा खंगालने में जुटी पुलिस

जबलपुर।

खजरी खिरिया स्थित शमीम कबाड़ी के कबाड़खाने में ब्लॉस्ट मामले में पुलिस को उस बारूद की तलाश है, जिसे शमीम अपने कबाड़ खाने में निकालता था। बताया जा रहा है पुलिस जांच में इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि शमीम के कबाड़ खाने में बमों के खोलों से बारूद निकाला जाता था। लेकिन यह बारूद जाता कहा था, यहां कहा रखा गया है, इसको लेकर चिंता बढ़ रही है। पुलिस की कोशिश किसी भी हाल में हिस्ट्रीशीटर शमीम को पकड़ने की है। जिससे सारे सवालों के जवाब सामने आएं। जहां एक तरफ पुलिस की तीन टीमें शमीम की तलाश में छापेमारी कर रही हैं। सूत्रों ने ईएमएस को बताया कि पुलिस की एक टीम जिला प्रशासन के साथ मिलकर शमीम और उसके बेटे फहीम की संपत्ति का ब्यौरा जुटाना शुरू कर दिया है। बताया जा रहा है शमीम और फहीम ने आकूत संपत्ति जमा की है। प्रशासन की आंख में धूल झोंकने के लिये उसे अलग अलग नामों पर रजिस्टर्ड कराया गया है। वहीं शमीम और फहीम जिन वाहनों में घूमते थे, वह भी उनके नाम पर दर्ज नहीं है। जो पुलिस को थ्योरी को पुख्ता करने का काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय एजेंसिया अपनी जांच पूरी करके लौट चुकी हैं। अब उनकी रिपोर्ट का इंतजार और शमीम की गिरफ्तारी पर सबकी नजर टिकी हुई है। गौरतलब है कि हिस्ट्रीशीटर शमीम कबाड़ी के खजरी स्थित कारखाने में 25 अप्रेल को ब्लास्ट हुआ था। जिसमें दो के मरने और कई के घायल हुये थे। मामले में अधारताल पुलिस ने शमीम उसके बेटे फहीम और पार्टनर सुल्तान पर विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया। सुल्तान को जेल भेजा जा चुका है जबकि फहीम खान अभी आज तक की रिमांड पर है।

### ओएफके से पुराने कनेक्शन पर पड़ताल

जांच एजेंसियों और पुलिस इस बात का पता लगा रहे है कि शमीम ने पहले कभी आयुध निर्माणी से स्क्रेप खरीदा अथवा नहीं। इस मामले में आयुध निर्माणी खमरिया ने दावा किया है कि पिछले पांच सालों से उन्होंने शमीम को कोई भी स्क्रेप नहीं बेचा। हालांकि मामले की गंभीरता को देखते हुए एजेंसियां इससे पुराने रिकार्ड को भी खंगाल सकती है। पुलिस अब यह भी पता लगाने का प्रयास कर रही है कि शमीम का ओएफके से कितना पुराना कनेक्शन है। वहीं ओएफके से स्क्रेप खरीदने वाले कबाडियों और उन्हें स्क्रेप बेचने वाली समिति के सदस्यों पर भी एनआईए, एनएसजी और पुलिस की नजर है।

### हाईकोर्ट से याचिका वापिस लेकर शासन को पुनः नोटिस भेजा

**जबलपुर।** जबलपुर मास्टर प्लान वर्ष 2021 से अटका पड़ा है, लेकिन अनिवार्य कानून नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 होने के बावजूद भी जबलपुर मास्टर प्लान को मंजूरी नहीं प्रदान की गई है। यह बताकर डॉ.पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव द्वारा मप्र हाईकोर्ट में दायर याचिका को वापिस लेकर आज पुनः मप्र शासन को जबलपुर मास्टर प्लान को जल्द से जल्द क्रियान्वित करने हेतु नोटिस भेजा गया। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ताओं को मप्र शासन को पत्र या ज्ञापन याचिका आदि की लिबर्टी/स्वतंत्रता अपने आदेश में प्रदान की है। नोटिस में बताया है कि दिनांक 1 जनवरी 2008 को जबलपुर मास्टर प्लान में क्षेत्र 25 वर्ग किलोमीटर था तथा 109 ग्राम सम्मिलित थे, साथ ही निवेश क्षेत्र 245 वर्ग किमी था। बाद में 25 जुलाई 2014 में 62 ग्राम पुनः सम्मिलित किए गए, अतः क्षेत्र 25 किलोमीटर से बढ़कर 50 किलोमीटर हो गया। इसके साथ ही निवेश क्षेत्र बढ़कर 400 वर्ग किलोमीटर हो गया है।

## संभागीय कमिश्नर वर्मा ने खैररांझी के प्राचार्य को किया तत्काल प्रभाव से निलंबित

**जबलपुर**। संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने कलेक्टर सिवनी के प्रतिवेदन पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैररांझी के प्राचार्य पृथ्वीपाल सिंह ठाकुर को विद्यालय की शिक्षक श्रीमती निधि जैन के साथ अपमानजनक व्यवहार करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन आदेश में कहा गया है कि विद्यालय के प्राचार्य पृथ्वीपाल सिंह ठाकुर द्वारा 28 मार्च को वार्षिक परीक्षाफल पर चर्चा के दौरान विद्यालय की उच्च माध्यमिक शिक्षक श्रीमती निधि जैन को सिर पर चांटा मारा था। जो कि एक महिला के लिए अपमानजनक घटना है। इस घटना के उपरांत श्रीमती निधि जैन द्वारा पुलिस थाना केवलारी में प्राथमिकी दर्ज करवाई गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी द्वारा भी जांच दल गठन कर जांच कराई गई। जांच में शिकायत सत्य पाई गई। संभागीय कमिश्नर वर्मा ने प्राचार्य पृथ्वीपाल सिंह ठाकुर के इस कृत्य को कदाचरण मानते हुये उसे मध्य प्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम- 1966 के नियम-9 के प्रावधानों के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, सिवनी नियत किया गया है।

## बस स्टेंड के पास आईपीएल क्रिकेट सट्टा खिलाते 2 गिरफ्तार

**जबलपुर**। माढ़ोताल थाना अतंर्गत दीनदयाल बस स्टेंड नया पुल के पास मैदान में आईपीएल क्रिकेट का सट्टा खिलाते हुए दो सटोरिए को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 4 मोबाइल एवं 650 रुपए जब्त किए है। माढ़ोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि गलगला तिराहा मनोरा होटल के पास कोतवाली निवासी 28 वर्षीय प्रशांत श्रीवास और गलगला नरघैया मार्केट के पास कोतवाली निवासी 24 वर्षीय सागर अग्रवाल दोनों दीनदयाल बस स्टेंड नया पुल के पास आईपीएल क्रिकेट का सट्टा लिख रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी प्रशांत और सागर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने प्रशांत के कब्जे से 400 रुपए और रियलमी कंपनी का मोबाइल, एक कीपेड मोबाइल, एक सट्टा पट्टी और सागर के कब्जे से नगदी 250 रुपए, 1 ओप्पो कंपनी का मोबाइल, एक कीपेड मोबाइल जब्त किया है। पूछताछ करने पर दोनों ने चैन्नई सुपर किंग्स वर्सेस पंजाब किंग्स के बीच खेले जा रहे 20-20 आईपीएल मैच संचार नगर निवासी यश बलेजा के कहने पर पार्टनरशिप में आईपीएल का सट्टा लिखने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी प्रशांत श्रीवास, सागर अग्रवाल तथा यश बलेजा के विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट एवं 109 के तहत कार्रवाई कर मामला जांच में लिया है। आरोपी यश बलेजा फरार है।



## झंझावात के साथ चलेंगी झोंकेदार हवाएं

**जबलपुर**। मौसम के मिजाज अभी ठीक नहीं चल रहे है। पारे में गिरावट के बाद भी मौसम शुष्क है। धूप तेज लग रही है मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अनेक स्थानों पर व्रजपात, झंझावात के साथ झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। ऐसे में तापमान स्थिर रहेगा। ये हवाएं मौसम के मिजाज पर आंशिक असर डालेगी। लिहाजा आने वालें दिनों में जिलों में कही-कही तेज हवाओ के साथ गरज चमक के बीच पानी गिर सकता है और बादल छा सकते है। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि उड़ीसा से आये चक्रवाती हवाओं के घेरे की वजह से हवा के कम दबाव का क्षेत्र बना और आसमान पर बादलों ने घेरा डाला और तापमान की रफ्तार पर लगाम लगाई। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकत्तम तापमान 37.7 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया है, वहीं न्यूनतम तापमान 20.6 डिग्री सामान्य दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 25 प्रतिशत और सायंकाल 10 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.35 पर और सूर्यास्त शाम 6.39 मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक 42.4 डिग्री तापमान खरगौन जिले में दर्ज किया गया। उत्तरी पश्चिमी हवायें 5 से 6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा। संभाग के जिलों में तेज हवाएं चलने और झंझावत के बीच व्रजपात की संभावना है।

**मौसम विभाग ने दी चेतावनी**



## कलेक्टर दीपक सक्सेना ने तहसील कार्यालय रांझी का किया औचक निरीक्षण

**जबलपुर**। कलेक्टर दीपक सक्सेना ने तहसील कार्यालय रांझी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति का अवलोकन भी किया। साथ ही तहसील स्तरीय समस्याओं को सुना व उनके निराकरण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान समय पर कार्यालय नहीं पहुंचने पर 6 कर्मचारियों के आधा दिन का वेतन काटने का निर्देश भी दिया।उन्होंने दायरा रजिस्टर और प्रकरणों का रखरखाव ठीक से नहीं करने के लिये प्रवाचक राजेन्द्र श्रीवास्तव को एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के लिये कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही तहसीलदार राजीव मिश्रा को तहसील कार्यालय की व्यवस्थाओं को सुधारने और प्रतिदिन सुबह नियत समय पर कार्यालय उपस्थित होकर शासकीय कार्यों की नियमितता सुनिश्चित करने को कहा। कलेक्टर सक्सेना ने इस दौरान निर्माणाधीन तहसील कार्यालय का भी निरीक्षण किया।

## कन्यादान के बाद सुहागलों की रस्म को मोक्ष ने निभाया

### पग फेरों पर हुआ वृहद आयोजन

जबलपुर।

मोक्ष संस्था ने कराया सुहागलो का कार्यक्रम जबलपुर के मेडिकल बाबू कॉलोनी स्वर्गीय श्री सोमनाथ सिंह सामुदायिक भवन में मेडिकल कॉलेज स्थित मोक्ष संस्था के अध्यक्ष आशीष ठाकुर के द्वारा गत दिनों दो बच्ची का सामूहिक विवाह कराया गया था ,शादी के बाद आज पांव फेरी की रस्म के अवसर पर सामूहिक रूप से विशाल सुहागलो का आयोजन किया गया ,इस अवसर पर मोक्ष संस्था की पदाधिकारी महिलाओं ने जानकारी देते हुए बताया कि सुहागलो का पूजन इसलिए मनाया जाता है, की सुहाग अमर रहे साथ ही परिवार एवं दांपत्य जीवन सुख शांति से गुजरे.. सैकड़ो महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए कार्यक्रम संपन्न कराया।



उपस्थिति रही श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव श्रीमती रंजना प्रकाश श्रीमती अग्रवाल श्रीमती गायत्री आशीष सिंह श्रीमती वंदना जी मेडिकल स्टाफ नर्स का बड़ा समूह आसपास की क्षेत्रीय महिलाएं पुलिस कर्मियों की परिवार गढ़ा पुलिस कॉलोनी से कोरी मोहल्ले और पुरवा कॉलोनी से सभी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पूजन उपरांत संस्था के माध्यम से भोजन कराया गया और सबको उपहार दिए गए।

### फर्जी जाति प्रमाण पत्र के सत्यापन पर अग्रिम जमानत नहीं

**जबलपुर।** अपर सत्र न्यायाधीश बृजेश सिंह के न्यायालय ने फर्जी जाति प्रमाण पत्र सत्यापित करने के आरोपित भोपाल निवासी मनीष कौशरिया, अधीक्षक सीजीएसटी की अग्रिम जमानत अर्जी निरस्त कर दी। राज्य की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय वर्मा ने अग्रिम जमानत अर्जी का विरोध किया। उन्होंने दलील दी कि आवेदक के विरुद्ध विजय नगर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। आरोप है कि सीजीएसटी में अधीक्षक जैसे महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए आवेदक ने अनुविभागीय दंडाधिकारी, अधारताल के कार्यालय से जारी निरूपित किए गए फर्जी जाति प्रमाण पत्रों को सत्यापित व हस्ताक्षरित करने का अपराध किया है। एसडीएम की लिखित शिकायत पर प्रकरण कायम किया गया है।

# त्याग और समर्पण का दर्शन ही सुदामा चरित्र है: ब्रह्मचारी इन्दुभवानंद

जबलपुर।

**मित्रता भगवान को जोड़ने का श्रेष्ठ संबंध है श्रीमद् भागवत की दिव्या व्रत में कथा का रस सदन करते हुए छत्तीसगढ़ से परमपूज्य ज्योतिष पीठाधीश्वर एवं द्वारका शारदा पीठ के जगतगुरु शंकराचार्य स्वरूपानंद सरस्वती महाराज जी के परमप्रिय शिष्य से डॉक्टर इंदुभवानंद महाराज ने बताया कि भगवान श्री कृष्ण के बाल कथा माथे पर ब्रह्म परमात्मा से संबंध जोड़ने के लिए कोई ना कोई संबंध की आवश्यकता होती है।**



सबसे अनेक प्रकार के परमात्मा से संबंधित जीव जोड़ता है किंतु मित्रता का सबसे श्रेष्ठ संबंध माना जाता है इसलिए ओ अभी संबंधों में मित्रता का ही संबंध श्रेष्ठ है इस संबंध के आधार पर ब्रह्म देव सुदामा ने भगवान को प्राप्त किया था। ब्रह्मचारी श्री चैतन्यानंद महाराज, आचार्य राजेंद्र प्रसाद शास्त्री, श्याम नारायण चौबे, जतिन राज, जय चौबे, अजय चौबे, आशीष श्री राम नामदेव तुलसी अवस्थी मनोज सेन आदि मौजूद रहे।

### महंत मनीषा दास के मुख्य आतिथ्य में सात दिवसीय राम कथा प्रारंभ

## कलश यात्रा से हुआ श्रीराम कथा का शुभारंभ



**जबलपुर।** संस्कारधानी के कांचघर स्थित बीएम कॉलोनी मयूर कला मंदिर कांचघर में 1 मई 7 मई तक संगीतमय राम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस तारतम्य में दिन बुधवार शाम 4 बजे आयोजन स्थल प्रांगण से कलश यात्रा निकाली गई जो लालमाटी, द्वारका नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण करने के पश्चात आयोजन स्थल पर आकर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में शहर के साधु संत गण तथा महिलाएं सभी बहने बुजुर्ग गण युवा साथी तथा बच्चे शामिल रहे। कथा प्रतिदिन शाम 4 बजे से 7 तक आयोजित की जाएगी जिसे गीताधाम से स्वामी नरसिंह दास महाराज राम कथा का वाचन करेंगे। महंत मनीषा दास ने बताया कि जैसा कि हमारे सनातन परंपरा में एवं शास्त्रों में वर्णित है कि भगवान श्री राम की कथा का युगों युगों तक प्रचार प्रसार होता रहेगा एवं उनकी लीलाओं का वर्णन लगातार किया जाता रहेगा। आयोजक मनीषा दास ने कहा कि आज की पीढ़ी और आज का युवा धर्म एवं भगवान श्री राम के द्वारा स्थापित मर्यादा परक जीवन से दूर होता जा रहा है इसी को लेकर भगवान श्री राम की कथा का यह आयोजन किया गया है कलश यात्रा कांचघर मयूर कला मंदिर बीएम कॉलोनी से प्रारंभ हुई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।



### लम्हेटी नर्मदा तट पर गूंजे जयकारे

## जाबालि ऋषि और काशी महाराज की मूर्तियों की हुई प्राण प्रतिष्ठा

**जबलपुर।** जैसे ही लम्हेटा घाट के श्री सतगुरू परम हंस स्वामी ने जाबालि ऋषि और काशी महाराज चंद्र लोक आश्रम की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की वैसे ही लम्हेटी नर्मदा तट जयकारों से गूंज उठा। उल्लेखनीय है कि जाबालि ऋषि की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा विश्व में प्रथम बार जबलपुर के नर्मदा तट पर हुई है। चंद्र लोक आश्रम लम्हेटी के काशी महाराज की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर भव्य मंदिर व जाबलि ऋषिघाट का निर्माण किया गया है। न्यू भेड़ाघाट रोड स्थित परमहंस आश्रम चन्द्रलोक ग्राम लम्हेटी में एक दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा समारोह में नर्मदा तट के संतों के साथ बड़ी संख्या में भाविक जन उपस्थित थे। गौरीशंकर महाराज ने जाबालि ऋषि और काशी महाराज चंद्र लोक के संबंध में ईएमएस को जानकारी देते हुए कहा कि लम्हेटी घाट स्थित परमहंस आश्रम भृगु क्षेत्र के नाम से प्रसिद्ध है। मान्यता है कि भृगु ऋषि व जाबालि ऋषि की ने यहां वर्षों तक तपस्या की थी। महेन्द्र दुबे ने उपस्थित जन समूह को जाबालि ऋषि और त्रेता युग से जुड़े रामायण प्रसंग की जानकारी देते हुए कहा कि श्रीराम को वनवास छोड़ अयोध्या लौटने का आग्रह करने भरत संग जाबालि ऋषि भी गए थे। अयोध्या राजपरिवार में जाबालि ऋषि महत्वपूर्ण भूमिका में थे। आलोक दास ने मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा करने में सतगुरू परम हंस स्वामी का सहयोग किया। एक दिवसीय आयोजन में नर्मदा तट के संतों द्वारा आध्यात्मकि विचार विमर्श किया गया। परमहंस आश्रम चन्द्रलोक के समस्त भाविक जन द्वारा इस अवसर भंडारा व प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में जबलपुर व आसपास के ग्रामीण क्षेत्र के हजारों धर्मालुओं उपस्थित हो कर इस देव दुर्लभ क्षणों के साक्षी बने।

## 506 आर्मी बेस वर्कशॉप में मनाया गया मजदूर दिवस



**जबलपुर।** मई दिवस के दिन 506 आर्मी बेस वर्कशॉप में श्रमिक संघ के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मजदूर दिवस बहुत ही धूम धाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि कमांडेंट के के शर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी कर्नल अनुजय पटेरिया महोदय थे। श्रमिक संघ के अध्यक्ष भारत कुमार बेरिया ,महामंत्री विकास यादव, पी एन मोहंती, जे एस भाटिया, आर के सोनी, वर्क्स कमिटी एवं जेसीएम सदस्य आदि पदाधिकारी उपस्थित थे। समीक्षा भारत बेरिया द्वारा निर्देशित वर्कशॉप में कार्यरत सैनिक कर्मचारियों के बच्चों ने नृत्य की प्रस्तुति दी एवम ऑर्केस्ट्रा द्वारा रंगा रंग कार्यक्रम पेश किया गया। महामंत्री विकास यादव ने कहा की मजदूर विरोधी नीतियों से हमे निरंतर लड़ना है और एक जुट होकर रहना है। कार्यक्रम में OFK, GCF,GIF,VFJ और COD के कॉमरेड उपस्थित हुए।

## लालमाटी में देवी जागरण संपन्न



**जबलपुर।** माता वैष्णो सेवा समिति द्वारा गोपाल होटल चौक पर एक विशाल देवी जागरण माई के जयकारों के साथ संपन्न हुआ। प्रयागराज से पधारी अंकिता हेमराजानी, प्रीति सरगम, रविन्द्र वैष्णो, रोशन शर्मा ने भजन गीत प्रस्तुत किए, इसके पूर्व दोपहर 2 बजे से भंडारी प्रसाद आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से गुरुधाम के महंत बाबा आसनदास, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, लोकसभा प्रत्याशी आशीष दुबे, हरि रोहानी, समिति अध्यक्ष भरत मंगलानी, रतन बेलानी, जय सचदेवा, संजय मंगतानी, कैलाश नागदेव, संजू मंगलानी, गणेश जेठवानी, अनिल जेठवानी, अशोक ठाकुर, दीपक मंगलानी आदि शामिल थे।

# एथलीटों ने अदभुत प्रदर्शन कर जीते 42 पदक

जबलपुर।

एमपी मास्टर्स एथलेटिक्स के सचिव जीवनलाल रजक ने बताया कि मुंबई में 26 से 28 अप्रेल को संपन्न हुई राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में मप्र के खिलाड़ियों ने अदभुत प्रदर्शन करते हुए 42 पदक जीतकर संस्कारधानी जबलपुर एवं अपने राज्य का नाम रोशन किया। पदक तालिका- जुगनी उस्मानी 35+ जेविलिन थ्रो में द्वितीय, रंजना शर्मा 35+ हेमर थ्रो में प्रथम, शाटपुट में प्रथम, डिसकस थ्रो में द्वितीय, हेमावती सिंह 35+ 1500 मीटर प्रथम, 5000 मी. में द्वितीय, संदीप मौर्य 35+ हेमर थ्रो में प्रथम, शाटपुट में द्वितीय, जेविलिन में तृतीय, डिसकस थ्रो में उमाकांत पराधे 30+ 400 मीटर में द्वितीय, 800 मीटर तृतीय, विद्याधर बहेरा 30+ हेमर थ्रो द्वितीय, जितेन्द्र रजक 40+ 110 मीटर हर्डल द्वितीय, 400 मी. हर्डल द्वितीय, दीनू स्वामी 40+ डिसकस द्वितीय, जेविलिन में द्वितीय, संतोष कुमार दुबे 40+ हेमर थ्रो द्वितीय, जेविलिन में तृतीय, कमलेश श्रीवास 45+ पोल वाल्ट में तृतीय, विनोद कुमार 50+ शाटपुट तृतीय, जेविलिन में तृतीय, हेमर में प्रथम, नवीन कुमार 55+ हेमर थ्रो द्वितीय, राकेश यादव 55+ पोल वाल्ट तृतीय, डॉ. संतोष 55+ 400 मी. प्रथम, पूनमचंद 55+ हाई जम्प तृतीय, श्यामानंद जेविलिन प्रथम, लाँग जम्प तृतीय, भगवानदीन 60+ 100 मीटर तृतीय, 400 मी., ताराचंद 65+ 100 मी. तृतीय, 400 मी. प्रथम, 200 मी. तृतीय, 4+100 मी. रिले प्रथम, अशोक राव लाँग जम्प द्वितीय, रायबहादुर 4+100 मी. रिले प्रथम, जीवनलाल रजक ट्रिपल जम्प द्वितीय, रविन्द्र प्रसाद 4+100 मीटर प्रथम रहे।





## जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के वार्षिकोत्सव की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां ने मोहा मन

**जबलपुर।** जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान में दो दिवसीय वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ 2 मई को हुआ, जिसमें संस्थान के डीएलएडी के छात्र, अध्यापकों ने विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत सामूहिक लोकगीत, एकल गीत, फैंसी ड्रेस की प्रस्तुतियां दी। द्वितीय दिवस 03 मई को सामूहिक नृत्य आदि की प्रस्तुतियों के साथ ही पूरे वर्ष भर हुए कार्यक्रमों के प्रतिभागियों, विजेताओं को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार वितरण किया जाएगा। प्रतिभागी बच्चे, सुरुचि पाटकर, रेश्मा खंगार, कोमल द्विवेदी, अनुप्रिया जैन, कुंती चौधरी, अजय द्विवेदी, स्वाति अले, सरिका बानो, अभिलाषा तंतुवाय हैं।

# राज्य के पेंशनर्स को भी दिया जाए आयुष्मान योजना का लाभ

**जबलपुर।** प्रमुख पेंशनर एसोसियेशन के अध्यक्ष एवं कार्यवाहक प्रांताध्यक्ष एचपी उरमलिया ने राज्य के पांच लाख पेंशनर को आयुष्मान योजना के अंतर्गत जोड़े जाने के लिए चुनाव घोषणा पत्र में की गई घोषणा के आधार पर लाभ दिए जाने हेतु देश के प्रधानमंत्री तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को एक मांग पत्र प्रेषित कर बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 में भारतीय जनता पार्टी के द्वारा जो संकल्प पत्र जारी किया गया है उसमें देश के ऐसे वरिष्ठ नागरिकों को जो कि 70 वर्ष से अधिक आयु के हो चुके है, उन्हें निःशुल्क इलाज हेतु सुविधा दिए जाने का संकल्प पारित किया गया है जो कि बहुत ही सराहनीय है एवं मांग की गई कि मध्यप्रदेश के सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारी जो कि मध्यम एवं निम्न वर्गीय पेंशन प्राप्त कर रहे हैं, को इस योजना में जोड़कर उनको भी निःशुल्क इलाज के लिए आयुष्मान कार्ड जारी कराये जाने का आदेश जारी हो ताकि ऐसे पेंशनर को प्रधानमंत्री की घोषणा के आधार पर इलाज की सुविधा प्राप्त हो सके। मांगकर्ताओं में संगठन के एचपी उरमलिया, शेषमणि पांडेय, गौरीशंकर पांडेय, अरुण सलारिया, एसपी शुक्ला, एके शुक्ला, बीएसपी गौर, डॉ. एसपी सिंह सहित अन्य शामिल हैं।

## ब्राह्मण एकीकृत परिषद का वैवाहिक परिचय सम्मेलन 5 को

**सिहोरा।** अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद जबलपुर जिला इकाई का निःशुल्क युवक युवती विवाह परिचय सम्मेलन का आयोजन 5 मई को मानस भवन में प्रातः 9 बजे से आयोजित किया गया है। संघ के तहसील अध्यक्ष लक्ष्मीकांत द्विवेदी ने बताया सम्मेलन में हिस्सा लेने वाले जबलपुर जिले के अलावा दुसरे अन्य शहरों प्रदेशों से बालक बालिकाओं का परिचय होने के साथ ही रिस्ते भी तय किए जायेंगे।इस संबंध में संघ के तहसील संयोजक अखिल राज तिवारी ने बताया की परिचय सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य विवाह के लिए बालक बालिका की तलाश करने वाले माता पिता को एक ही मंच पर लाकर बेटा बेटियों के अच्छे रिस्ते उपलब्ध कराना है।इसके लिए अनेक बायोडाटा भी आये है। संगठन द्वारा अनेक वर्षों से समाज हित में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। समस्त विप्रजनों से इस महान पुण्यदाई समाजिक कार्य में उपस्थिति की अपील की गई है।

## अभाविप ने किया जल मंदिर का शुभारंभ

**सिहोरा।** अभाविप सिहोरा नगर में शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय इकाई द्वारा सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधि के माध्यम से शीतल पेय जल के लिए कालेज में जल मंदिर प्याऊ का उद्घाटन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सिहोरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या दिलीप दुबे की उपस्थिती रही एंव पार्षद रीता शुक्ला,सारिका साहू,अभाविप जबलपुर ग्रामीण के जिला संयोजक आनंद श्रीवास,प्रांत कार्यकारिणी सदस्य राशि जैन,आकाश पटेल,संध्या पटेल,हेमंत खरे,जय चौधरी सहित परिषद के अन्य कार्यकर्ता रहे । वो विदित हो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सेवार्थी विद्यार्थी गतिविधि के माध्यम से गर्मी के दिनों विद्यार्थी परिषद पूरे देश भर में अभियान चलाती है ताकि आम जनों को परेशानी का सामना न करना पड़े ।

## निधन

**श्री मनीष सैनी-** रानीपुर गोरैया प्लाट मदनमहल निवासी श्री सीताराम सैनी के पुत्र श्री मनीष सैनी (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बुद्धसेन कुशवाहा-** तिलहरी मंडला रोड निवासी श्री बुद्धसेन कुशवाहा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश सिंह राजपूत-** हनुमान होटल सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री सुरेश सिंह राजपूत का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शारदा सचदेवा-** स्नेह नगर गढ़ा रोड निवासी श्री रमेश चंद्र सचदेवा की धर्मपत्नी श्रीमती शारदा सचदेवा (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण सिंह-** गुप्तेश्वर रोड निवासी श्री नारायण सिंह (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई रजक-** रसल चौक के पास नेपियर टाउन निवासी श्री मेवालाल रजक की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई रजक (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश कुमार पीपड़ा-** खटीक मोहल्ला खेरमाई वार्ड निवासी श्री मुकेश कुमार पीपड़ा (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लीला बाई गोल्हानी-** मानेगांव रांझी निवासी श्री बद्री प्रसाद गोल्हानी की धर्मपत्नी श्रीमती लीला बाई गोल्हानी (96) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भागवती सोनकर-** भरतीपुर शिव पार्वती मंदिर के पास निवासी श्री नंदन प्रसाद सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती भागवती सोनकर (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कुंदन बेन-** सदर केंट निवासी श्री कुंदन बेन (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सन्नी माखीजा-** अनमोल हाईट्स न्यू रामनगर अमखेरा निवासी श्री पवन कुमार माखीजा के पुत्र श्री सन्नी माखीजा (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री धरमवीर कटारिया-** चौथे पुल के पास नेपियर टाउन निवासी श्री धरमवीर कटारिया (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/24
दिनांक:- 02/05/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शिल्पी जैन पति श्री विवेक जैन ने मकान नं. 37/सी का भाग वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल 360.5 व.फु. भूतल 360.5 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/23
दिनांक:- 02/05/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आसिफ खान पिता श्री इब्राहीम खान ने मकान नं. 955/फ्लेट नं.4 वार्ड पं. भवानी प्रसाद तिवारी क्षेत्रफल क्षेत्रफल भूतल 632 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भूखण्ड लीज नामांतरण / हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर कालोनी जबलपुर में स्थित भूखण्ड क्रमांक 759 श्रीमति सविता पटेल पति स्व. श्री विशाल सिंह कुर्मी (पटेल) के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 20.02.2024 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भूखण्ड क्रमांक -759 श्रीमति सविता पटेल पति स्व. श्री विशाल सिंह कुर्मी (पटेल) ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 16.04. 2024 के माध्यम से श्री ब्रजेश मेहरा पिता श्री भारत मेहरा को विक्रय किया है। श्री ब्रजेश मेहरा पिता श्री भारत मेहरा द्वारा उक्त भूखण्ड क्रमांक 759 उनके नाम लीज हस्तांतरण/नामांतरण हेतु दस्तावेज / आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जायेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नही होगा।

संपदा अधिकारी गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अमित दुबे उम्र 41 वर्ष-पिता श्री नत्थू लाल दुबे-निवासी एम.आई.जी-ए 47 हाउसिंग बोर्ड सुभाष नगर महाराजपुर तह. व जिला जबलपुर वालों ने। आधार कार्ड नं.5288 7202 9528

वहक्क आप क्रेता-श्री अमर कुमार त्रिपाठी उम्र 30 वर्ष पिता श्री गिरिराज त्रिपाठी निवासी ग्राम इमलई पोस्ट पनागर तह. पनागर जिला जबलपुर वालों को आधार कार्ड नं. 6439 4392 7046

**विक्रय अनुबंधित संपत्ति का विवरण**

विक्रय भूखण्ड म. प्र. गृह निर्माण मण्डल कामधेनु नगर (देवरीखुर्द) बजरंग वार्ड तह. पनागर जिला जबलपुर में स्थित भूखण्ड क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस. 259 जिसका विक्रय प्लाट रकवा 40.50 वर्गमीटर (यानी की 435.78 वर्गफुट ) भूखण्ड को विक्रय करने का अनुबंध किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति/संस्था को उपरोक्त लीज हस्तांतरण/नामांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि उपरांत हस्तांतरण/नामांतरण की कार्यवाही की जायेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नही होगा।

**आम सूचना**

मैं अपनी पक्षकार कम्पनी की ओर से पूर्ण रूप से अधिकृत किर आम जनता को यह सूचित करता हू कि मेरी पक्षकार कम्पनी द्वारा राकेश कुमार गुप्ता तथा मंजुला गुप्ता को अचल सम्पति जो कि मौजा छोटा छिंदवाडा हरदौल वार्ड प.ह. क्र 45 / 16, नं. ब. 175, ख. क. 102 / 16, कुल प्लाट क्षेत्रफल 600 व.फु. तहसील गोटेगांव जिला नरसिहपुर स्थित अचल सम्पति को बंधक रख कर ऋण सुविधा देना प्रस्तावित है यह कि उक्त सम्पति राकेश कुमार गुप्ता को रजिस्टर्ड बंटवारा विलेख दिनांक 20/3/2020 क्रमांक एम.पी. 268152020ए 1218602 के माध्यम से कमला बाई तथा राकेश कुमार के मध्य बंटवारा होने के पश्चात राकेश कुमार के हक व हिस्से में प्राप्त हुआ था । वर्तमान में राकेश कुमार गुप्ता उक्त सम्पति के मालिक काबिज है तथा सम्पति से सबंधित समस्त अभिलेखो मै उनका नाम दर्ज है तथा राकेश कुमार गुप्ता द्वारा सम्पति को बंधक रख कर ऋण सुविधा प्राप्त की जा रही है अत: इस आम सूचना के माध्यम से सभी व्यक्ति एवं संस्थाओं को यह सूचित किया जाता है कि जिस किसी को भी उक्त सम्पति बंधक रखने में आपत्ति है उक्त वर्णित सम्पत्ति से हितबद्ध है । बंटवारा विलेख दिनांक 20/3/2020 मे अपना हित रखता है तो आज दिनांक से सात दिवस के अंदर मुझे मय दस्तावेजो के साथ लिखित आपत्ति कर सूचित करे अन्यथा सात दिवस बीतने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा राकेश कुमार गुप्ता को इस सूचनापत्र में वर्णित सम्पति को बंधक रख कर ऋण सुविधा प्रदान कर दी जावेगी ।

हर्षित पटेल (अधिवक्ता)
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर
मो.-9893333246

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं /संभा.अधि./13/मुख्यालय 2024/25/एम/25
दिनांक:- 02/05/2024

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती हरजिन्दर कौर पति श्री बलजीत सिंह ने मकान नं. 313/13 वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल भूतल 572+128 व.फु. विक्रयपत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

राजस्व निरीक्षक
संभाग क्रं.13 मुख्यालय
नगर निगम, जबलपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा जिला जबलपुर
क्रमांक 842/प्रवा.1/अवि3/2024
सिहोरा दिनांक 24/04/2024

**// इश्तहार //**

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदिका मायाबाई सहजवानी पति स्व. श्री सुदामा प्रसाद एवं उर्मिला देवी सहजवानी पति अशोक सहजवानी दोनो निवासी वार्ड नंबर 12 खितौला बाजार सिहोरा तहसील सिहोरा जिला जबलपुर के द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 242 के अंतर्गत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है. कि मौजा पहरेवा प.ह.न. 6 रा.नि.म. खितौला तहसील सिहोरा जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 153/1 रकबा 1.1030हे. आवेदिका गण दर्ज शुदा मालिक काबिज है। आवेदिकागण ने उक्त भूमि दिनांक 15/02/2012 को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के माध्यम से खरीदी थी। भूमि असिंचित दोमट्ठा काली मिट्टी एवं एक फसली अर्थात कृषि भूमि थी। वाजिब उल अर्ज में पुरानी प्रविष्टि तलैया दर्ज हैं तथा निस्तार ग्रामवासी नहाते धोते है, मवेशी पानी पीते तथा नहलाते धुलाते दर्ज है। जबकि कई वर्षो पहले ही तृतीय भूमि स्वामी कमलाबाई के समय ही तलैया समाप्त हो चुकी थी और कृषि होने लगी थी। वर्तमान में उक्त भूमि पर न पानी भरा है, न ही कोई तलैया मौजूद हैं न ही कोई निस्तार होता है क्योंकि पानी ही नहीं भरा है। आवेददकगणों के द्वारा आवेदित भूमि अभिलेख वाजिब उल अर्ज की प्रविष्टि तलैया एवं ग्रामवासी नहाते धोते है, मवेशी पानी पीते है, नहलाते धुलाते है को विलोपित किए जाने का निवेदन किया है।

आवेदक गणों के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर प्रकरण दर्ज कर सुनवाई में लिया गया है जिसमें तारीख 08/05/2024 न्यायालयीन समय दोपहर 2:00 बजे नियत है। आवेदिकागणों के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र पर जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के जरिए न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधी के उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक - 24/04/24
पेशी दिनांक - 08/05/24

अनुविभागीय अधिकारी
सिहोरा (म.प्र.)

## खबर संक्षेप

### अशोक लेलैंड की कुल थोक बिक्री 10 फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड की अप्रैल महीने में कुल थोक बिक्री 10 प्रतिशत बढ़कर 14,271 इकाई हो गई। यह पिछले साल इसी महीने में यह 12,974 इकाई थी। बयान में कहा कि घरेलू बिक्री पिछले महीने नौ प्रतिशत बढ़कर 13,446 इकाई हो गई, जबकि अप्रैल 2023 में यह 12,366 इकाई थी।

### डाबर का मार्च तिमाही लाभ 16.5 फीसदी बढ़ा

Dabur

**नई दिल्ली।** रोजमर्रा के इस्तेमाल के घरेलू उत्पाद (एफएमसीजी) बनाने वाली स्वदेशी कंपनी डाबर इंडिया लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 16.55 प्रतिशत बढ़कर 341.22 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी ने कहा कि लागत में कमी तथा वितरण नेटवर्क में विस्तार की वजह से उसका मुनाफा बढ़ा है।

### अदाणी एंटरप्राइजेज के शुद्ध लाभ में 37 फीसदी गिरावट

adani
Adani Enterprises Limited

**नई दिल्ली।** अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड का जनवरी-मार्च तिमाही में शुद्ध लाभ 37 प्रतिशत गिरकर 450.58 करोड़ रुपये पर आ गया। लाभ में गिरावट आई है। 2023-24 की जनवरी-मार्च में उसका एकीकृत शुद्ध लाभ 450.58 करोड़ रुपये रहा जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 722.48 करोड़ रुपये रहा था।

### ब्लू स्टार का लाभ 29 प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली।** एयर कंडीशनर (एसी) और वाणिज्यिक रेफ्रिजरेशन प्रणाली बनाने वाली कंपनी ब्लू स्टार लिमिटेड का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 29 प्रतिशत घटकर 159.71 करोड़ रुपये रहा है। कंपनी का वित्त वर्ष 2022-23 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ 225.29 करोड़ रुपये था।

### आर्सेलर मित्तल का लाभ 10% घटकर 90 करोड़ डॉलर पर




**नई दिल्ली।** वैश्विक इस्पात कंपनी आर्सेलरमित्तल का 31 मार्च को समाप्त पहली तिमाही का शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत घटकर 90 करोड़ डॉलर रहा है। कंपनी ने पिछले साल की समान अवधि में एक अरब डॉलर का शुद्ध लाभ कमाया था। लक्ज़मबर्ग स्थित आर्सेलरमित्तल दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत स्टील व खनन कंपनी है।

### आधार हाउसिंग के आईपीओ का मूल्य दायरा 315 रु. तय

Aadhar Housing Finance Ltd
GHAR BANEGA, TOH DESH BANEGA.

**नई दिल्ली।** निजी इक्विटी कंपनी ब्लैकस्टोन समर्थित आधार हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने अपने 3,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 300-315 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बयान में कहा कि उसका आईपीओ आठ मई को खुलकर 10 मई को बंद होगा। आईपीओ के तहत 1,000 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी किए जाएंगे और ब्लैकस्टोन ग्रुप इंक की सहयोगी कंपनी बीसीपी टोप्को 7 प्राइवेट लिमिटेड की ओर से 2,000 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश (ओएफएस) लाई जाएगी।

# अरबों डॉलर की संपत्ति के मालिक झाओ बने दुनिया के सबसे अमीर कैदी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- अमेरिकी की एक अदालत ने 4 माह के जेल की सजा सुनाई

क्रिप्टो की दुनिया के जाने-माने नाम चांगपेंग झाओ के नाम एक ऐसा रिकॉर्ड दर्ज होने जा रहा है, जो शायद ही किसी को पसंद आए। अरबों डॉलर की दौलत के मालिक चांगपेंग झाओ के नाम दुनिया के सबसे अमीर कैदी का रिकॉर्ड दर्ज होने वाला है।

प्रमुख ग्लोबल क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनेंस के फाउंडर एवं पूर्व मुख्य कार्यकारी अधिकारी चांगपेंग झाओ को अमेरिका की एक अदालत ने जेल की सजा सुनाई है। उनके खिलाफ पिछले साल मुकदमा दर्ज हुआ था। मुकदमा अमेरिका के एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग कानूनों और प्रतिबंधों के उल्लंघन से जुड़ा हुआ है। झाओ ने मामले में खुद को दोषी मान लिया है। उन्हें इसी सप्ताह मंगलवार को 4 महीने की जेल की सजा सुनाई गई।

## झाओ ग्लोबल क्रिप्टो एक्सचेंज बाइनेंस के फाउंडर है

### इतनी है बाइनेंस फाउंडर की दौलत

ब्लूमबर्ग के अनुसार, बाइनेंस फाउंडर चांगपेंग झाओ की मौजूदा नेटवर्थ लगभग 36.4 बिलियन डॉलर है। अरबों डॉलर की दौलत के साथ ब्लूमबर्ग की दुनिया के सबसे अमीर लोगों की लिस्ट में चांगपेंग अभी 42वें स्थान पर हैं। वहीं फोर्ब्स की लिस्ट में उनकी नेटवर्थ 33 बिलियन डॉलर बताई गई है और सबसे अमीर लोगों की सूची में 50वें स्थान पर रखा गया है।




### क्रिप्टो इंडस्ट्री का दूसरा बड़ा मामला

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि इतनी दौलत के साथ बाइनेंस फाउंडर न सिर्फ अमेरिका के इतिहास में, बल्कि संभवतः पूरी दुनिया के इतिहास में अब तक के सबसे अमीर कैदी बनने वाले हैं। यह बीते कुछ समय में क्रिप्टो इंडस्ट्री के दूसरे हाई-प्रोफाइल व्यक्ति को जेल की सजा हुई है। इससे पहले एफटीएक्स के सैम बैंकमैन-फ्रायड को धोखाधड़ी के मामले में जेल भेजा जा चुका है।

### फ्रायड से बहुत कम है चांगपेंग की सजा

हालांकि बाइनेंस फाउंडर का मामला बिलकुल अलग है और उन्हें सजा भी मामूली मिली है। प्रोसेक्यूटर चांगपेंग को 3 साल की कैद की सजा दिए जाने की मांग कर रहे थे। सैम बैंकमैन फ्रायड को 25 साल के कारावास की सजा मिली हुई है। फ्रायड के ऊपर ग्राहकों के साथ 8 बिलियन डॉलर की धोखाधड़ी करने का आरोप है। उनकी क्रिप्टो एक्सचेंज कंपनी एफटीएक्स दिवालिया हो चुकी है।

## अप्रैल में विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि धीमी रही

# विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि से अप्रैल में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि अप्रैल में धीमी रही, लेकिन फिर भी परिचालन स्थितियों में साढ़े तीन साल में दूसरा सबसे तेज सुधार दर्ज किया गया जिसे बढ़ती मांग का समर्थन मिला।

मौसमी रूप से समायोजित 'एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण क्रय प्रबंधक सूचकांक' (पीएमआई) अप्रैल में घटकर 58.8 हो गया जो मार्च में 59.1 था। पीएमआई के तहत 50 से ऊपर सूचकांक होने का मतलब उत्पादन गतिविधियों में विस्तार है जबकि 50 से नीचे का आंकड़ा गिरावट को दर्शाता है।

- पीएमआई अप्रैल में घटकर 58 .8 फीसदी हो गया
- मजबूत मांग के कारण उत्पादन में वृद्धि दर्ज की गई
- कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है



### मजबूत मांग की स्थिति

एचएसबीसी के मुख्य भारत अर्थशास्त्री प्रांजुल भंडारी ने कहा कि मजबूत मांग की स्थिति के कारण उत्पादन में और वृद्धि हुई, हालांकि मार्च की तुलना में यह वृद्धि थोड़ी धीमी रही। रिपोर्ट में कहा गया कि भारतीय विनिर्माताओं ने अप्रैल में घरेलू और बाहरी ग्राहकों से अपने माल की मजबूत मांग की सूचना दी।

### कच्चे माल व श्रम की लागत बढ़ी

भंडारी ने कहा, 'कीमत की बात करें तो कच्चे माल और श्रम की उच्च लागत के कारण कच्चे माल की लागत में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन मुद्रास्फीति ऐतिहासिक औसत से नीचे बनी हुई है।' कंपनियों ने उत्पादन शुल्क बढ़ाकर इस वृद्धि का बोझ उपभोक्ताओं पर डाल दिया, क्योंकि मांग मजबूत बनी रही जिसके परिणामस्वरूप मुनाफे में सुधार हुआ।

*नए ठेके में तेजी से वृद्धिः* *कुल नए ठेके में तेजी से वृद्धि हुई है और विस्तार की गति 2021 की शुरुआत के बाद से दूसरी सबसे मजबूत रही। इसके अलावा, अप्रैल में नए निर्यात ठेकों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।*

### 400 कंपनियों को भेजा गया सवाल जवाब

एचएसबीसी इंडिया विनिर्माण पीएमआई को एसएंडपी ग्लोबल ने करीब 400 कंपनियों के एक समूह में क्रय प्रबंधकों को भेजे गए सवालों के जवाबों के आधार पर तैयार किया है।

### देश का सेवा निर्यात मामूली घटा

देश का सेवा निर्यात मार्च में 1.3 प्रतिशत घटकर 30 अरब डॉलर रहा। वहीं आयात 2.1 प्रतिशत कम होकर 16.61 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के देश के अंतरराष्ट्रीय सेवा व्यापार के आंकड़ों के अनुसार, इस साल मार्च में 13.4 अरब डॉलर का व्यापार अधिशेष रहा। सेवा निर्यात और आयात दोनों पिछले दो महीनों में सकारात्क दायरे में रहे हैं।

### सेवा निर्यात 339.62 अरब डॉलर रहा

वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 में सेवा निर्यात 339.62 अरब डॉलर और आयात 177.56 अरब डॉलर रहा। व्यापार अधिशेष यानी निर्यात और आयात का अंतर आलोच्य वित्त वर्ष में 162 अरब डॉलर रहा। वैश्विक चुनौतियों के बावजूद कुल निर्यात (वस्तु और सेवा) 2023-24 में 776.68 अरब डॉलर का रहा जो 2022-23 में 776.40 अरब डॉलर था।


# भारत में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का आयात बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल उत्पादों का आयात 2023-24 में बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हो गया जिनमें से आधे से अधिक आयात चीन और हांगकांग से होता है। आर्थिक शोध संस्थान जीटीआरआई ने अपनी रिपोर्ट में यह बात कही है।

'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने इस रिपोर्ट में कहा है कि भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, दूरसंचार और इलेक्ट्रिकल क्षेत्र के कुल आयात में सर्वाधिक 43.9 प्रतिशत हिस्सेदारी चीन की है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और हांगकांग पर इन उत्पादों के मामले में गहरी निर्भरता दिखती है और यह पिछले कुछ साल में नाटकीय रूप से बढ़ी है।

इसके मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं दूरसंचार आयात के मामले में चीन और हांगकांग पर निर्भरता को कम करना जरूरी है। यह न केवल आर्थिक लचीलापन बढ़ाने के लिए बल्कि तेजी से परस्पर जुड़ती जा रही दुनिया में भारत की डिजिटल और तकनीकी संप्रभुता की रक्षा के लिए भी जरूरी है। रिपोर्ट कहती है, 'ये क्षेत्र लाखों लोगों के दैनिक जीवन का अभिन्न अंग हैं। हालांकि चीन से आयात पर भारत की अत्यधिक निर्भरता देश की रणनीतिक स्वायत्तता और आर्थिक सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियां पेश करती है।'



- चीन और हांगकांग की आयात हिस्सेदारी 56 प्रतिशत
- आयात 2023-24 में बढ़कर 89.8 अरब डॉलर हुआ

### आधे से अधिक बाजार पर चीन का कब्जा

रिपोर्ट के मुताबिक, कंप्यूटर से लेकर स्मार्टफोन तक तमाम इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में इस्तेमाल होने वाले 'इंटीग्रेटेड सर्किट' (आईसी) का आयात 2020-2022 में बढ़कर 4.2 अरब डालर हो गया है जो 2007-2010 के दौरान 16.61 करोड़ डालर ही था। इसी तरह, फोन और अन्य वायरलेस उपकरणों सहित संचार उपकरणों के आयात में भी उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। यह बढ़कर 3.69 अरब डॉलर हो गया है और आधे से अधिक बाजार पर अब चीन का दबदबा है।

# आईआईएफसीएल ने उल्लंघन का मामला सेबी से निपटाया

- निपटान शुल्क के रूप में 1.02 करोड़ रुपए का भुगतान किया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आईआईएफसीएल एसेट मैनेजमेंट कंपनी और चार अन्य लोगों ने म्यूचुअल फंड नियमों के कथित उल्लंघन के एक मामले का शेयर बाजार नियामक सेबी में निपटान किया है। इसके लिए सभी ने निपटान शुल्क के रूप में संयुक्त रूप से 1.02 करोड़ रुपये का भुगतान किया है। मामले का निपटान करने वाले चारों लोग- एमांडी शंकर राव, प्रसन्न प्रकाश पांडा, अनिल कुमार तनेजा और सुमिरन बंसल हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) द्वारा 30 अप्रैल को जारी निपटान आदेश के अनुसार, इन इकाइयों ने कथित तौर पर जीवीआर इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड, डीपी जैन एंड कंपनी इन्फ्रास्ट्रक्चर, डीपीजे-डीआरए टोलवेज, फीडबैक एनर्जी डिस्ट्रिब्यूशन कंपनी लिमिटेड और फीडबैक इन्फ्रा प्राइवेट लिमिटेड जैसी कई कंपनियों में आईआईएफसीएल एएमसी द्वारा किए गए निवेश के संबंध में म्यूचुअल फंड मानदंडों का उल्लंघन किया।

*निपटान आवेदन किया था दायरः* *इन इकाइयों ने सेबी के समक्ष निपटान आवेदन दायर किया था। इन इकाइयों ने प्रस्ताव किया था कि वे तथ्यों और निष्कर्षों को स्वीकार या अस्वीकार किए बिना एक निपटान आदेश के माध्यम से इस मामले का निपटान चाहती हैं।*

## अदाणी पोर्ट्स के लाभ में 76.87 प्रतिशत वृद्धि



**नई दिल्ली।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का जनवरी-मार्च तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 76.87 प्रतिशत बढ़कर 2,014.77 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। कंपनी ने इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 1,139.07 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था। एपीएसईजेड ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि देश की सबसे बड़ी एकीकृत लॉजिस्टिक्स कंपनी की वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में एकीकृत कुल आय बढ़कर 7,199.94 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 6,178.35 करोड़ रुपये थी। आलोच्य तिमाही में कुल व्यय बढ़कर 4,450.52 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 3,995 करोड़ रुपये था।

## सोने में 500 रुपए की तेजी चांदी 400 रुपए मजबूत



**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में तेजी के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 500 रुपये की मजबूती के साथ 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। सोना 71,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 400 रुपये मजबूत होकर 83,500 रुपये प्रति किलो हो गयी। इससे पूर्व यह 83,100 रुपये प्रति किलो पर बंद हुई थी। 'महाराष्ट्र दिवस' और 'मजदूर दिवस' के मौके पर एक मई को सर्राफा बाजार आंशिक तौर पर बंद रहा। 'विदेशों में नरमी के रुख के बीच दिल्ली में हाजिर सोना (24 कैरेट) 72,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था जो पिछले बंद भाव से 500 रुपये अधिक है।'

# एयर इंडिया ने ए350 का परिचालन किया शुरू




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- परिचालन दिल्ली-दुबई उड़ान मार्ग पर किया शुरू
- विमान के साथ एयरलाइन की यह पहली उड़ान

एयर इंडिया ने बुधवार को दिल्ली-दुबई उड़ान मार्ग पहली बार ए350 विमान का परिचालन किया। अंतरराष्ट्रीय मार्ग पर ए350 विमान के साथ एयरलाइन की यह पहली उड़ान है।

कंपनी की योजना आने वाले महीनों में और अधिक विदेशी मार्गों पर इस बड़े आकार के विमान का इस्तेमाल करने की है। टाटा समूह के स्वामित्व वाली यह एयरलाइन अब दिल्ली और दुबई के बीच दैनिक सेवा संचालित कर रही है, जिसमें विमान में 316 सीट के साथ तीन श्रेणी के केबिन हैं। एयर इंडिया ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा कि उसने बुधवार को अपने ए350-900 विमान के साथ दिल्ली-दुबई मार्ग पर उड़ान सेवा शुरू की। वर्तमान में, यह भारत और दुबई के बीच विमान तैनात करने वाली एकमात्र एयरलाइन है।

मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया कि एयरलाइन नवंबर तक लंदन मार्ग पर परिचालन के लिए ए350 विमान की तैनाती शुरू कर देगी। एयरलाइन अधिक अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर भी विमान का परिचालन करेगी।

### एयरलाइन ने 40 ए350 विमानों का दिया था आर्डर

एयर इंडिया ने इस साल ए350 विमानों को अपने बेड़े में शामिल करना शुरू किया और इनका इस्तेमाल घरेलू उड़ानों के लिए भी किया जा रहा है। एयरलाइन ने 40 ए350 विमानों का ऑर्डर दिया, जिनमें से कम से कम चार उसके बेड़े में शामिल हैं। वर्तमान में एयर इंडिया पांच भारतीय शहरों से दुबई के लिए प्रति सप्ताह 72 उड़ानें संचालित करती है, जिनमें से 32 विमान दिल्ली से रवाना होती हैं।

## महिंद्रा की कुल थोक बिक्री में 13 फीसदी का इजाफा



**नई दिल्ली।** महिंद्रा एंड महिंद्रा की अप्रैल महीने में कुल थोक बिक्री सालाना आधार पर 13 प्रतिशत बढ़कर 70,471 इकाई हो गयी। कंपनी की अप्रैल 2023 में कुल थोक बिक्री 62,294 इकाई रही थी। बयान के अनुसार, मोटर वाहन प्रमुख की घरेलू बाजार में यात्री वाहन बिक्री पिछले महीने 18 प्रतिशत बढ़कर 41,008 इकाई हो गई, जो अप्रैल 2023 में 34,698 इकाई थी। पिछले महीने कुल निर्यात दो प्रतिशत बढ़कर 1,857 इकाई हो गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 1,813 इकाई था। कंपनी ने कहा कि अप्रैल 2024 में उसकी ट्रैक्टर बिक्री दो प्रतिशत बढ़कर 37,039 इकाई हो गई, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 36,405 इकाई थी।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी, सेंसेक्स 128 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 128 अंक की बढ़त में रहा। अप्रैल में जीएसटी संग्रह के रिकॉर्ड स्तर, विनिर्माण के आंकड़े सकारात्मक रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से निवेशकों की धारणा मजबूत हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 128.33 अंक यानी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,611.11 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 329.65 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 43.35 अंक यानी 0.19 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,648.20 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में पावरग्रिड, एशियन पेंट्स, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, एनटीपीसी, सन फार्मा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और जेएसडब्ल्यू स्टील प्रमुख रूप से लाभ में रहीं।



- विदेशी निवेशकों की खरीदारी से पूंजी का प्रवाह बढ़ा

*एशियाई बाजार में मिला-जुला रुख :* *एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग लाभ में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में बुधवार को मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट में बुधवार को मिला-जुला रुख था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 1.02 प्रतिशत बढ़कर 84.29 डॉलर प्रति बैरल रहा।*

## एशियाई विकास बैंक ने जारी की रिपोर्ट

# भारत में बुजुर्गों को स्वास्थ्य बीमा दायरे में लाने की जरूरत

एजेंसी ▶▶| त्बिलिसी

बुजुर्गों के लिए स्वास्थ्य बीमा के मामले में भारत एशिया-प्रशांत देशों में सबसे निचली कतार में है और उसे तेजी से बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने और वृद्धि की रफ्तार को कायम रखने के लिए सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने की जरूरत है। एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।

एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बृहस्पतिवार को 'एजिंग वेल इन एशिया' शीर्षक से जारी एक रिपोर्ट में कहा कि दक्षिण कोरिया और थाइलैंड ने सार्वभौमिक (यूनिवर्सल) स्वास्थ्य कवरेज हासिल कर लिया है, जबकि भारत समेत कई देश पीछे हैं। इन देशों में वृद्ध लोगों के बीच स्वास्थ्य बीमा की पहुंच सबसे कम 21 प्रतिशत है।

*2050 तक बुजुर्ग होंगे दोगुना : विकासशील एशिया और प्रशांत देशों में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या वर्ष 2050 तक लगभग दोगुनी होकर 1.2 अरब हो जाएगी जो कुल आबादी का लगभग एक चौथाई होगा। ऐसी स्थिति में पेंशन और कल्याण कार्यक्रमों के अलावा स्वास्थ्य बीमा की जरूरत भी बढ़ जाएगी।*



- भारत एशिया-प्रशांत देशों में सबसे निचली कतार में

### सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाए

किकावा ने कहा कि ऐसे देशों को अधिक उम्र वाले लोगों की मौजूदगी से मिलने वाला 'लाभांश' अधिक हो सकता है। किकावा ने कहा कि सबको स्वास्थ्य बीमा के दायरे में लाने के अलावा बुजुर्गों की शारीरिक और कार्यात्मक क्षमता को अनुकूलित करने वाली आवश्यक सेवाओं और गतिविधियों का विस्तार करना भी महत्वपूर्ण है।

### आधे से अधिक लोग स्वास्थ्य सेवा से वंचित

रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश, इंडोनेशिया और भारत में स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच से वंचित आधे से अधिक लोग निचली 40 प्रतिशत आबादी का हिस्सा हैं। हालांकि, रिपोर्ट कहती है कि 2031-40 के दशक में उम्रदराज आबादी के कारण आर्थिक वृद्धि पर प्रभाव भारत के मामले में कम पड़ेगा क्योंकि यहां उस समय भी युवा आबादी का अनुपात अधिक होगा।

### बुजुर्गों का स्वास्थ्य कवरेज हुआ बेहतर

एडीबी की वरिष्ठ अर्थशास्त्री एइको किकावा ने कहा कि गरीब लोगों को नकदी रहित (कैशलेस) स्वास्थ्य बीमा देने वाली आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं आने के बाद से बुजुर्गों का स्वास्थ्य कवरेज बेहतर हुआ है। स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाने से स्थिति में सुधार होगा और 60 वर्ष से अधिक आयु के लोग अर्थव्यवस्था के लिए अधिक उत्पादक बन पाएंगे।

*अतिरिक्त लाभांश हासिल करने का मौका* *एडीबी के अल्बर्ट पार्क ने कहा कि इन अर्थव्यवस्थाओं के पास बुजुर्गों से अतिरिक्त उत्पादकता के रूप में 'लाभांश' हासिल करने का मौका होगा जो क्षेत्र में सकल घरेलू उत्पाद को औसतन 0.9 प्रतिशत तक बढ़ा सकता है।*

## चिंतन

# जीएसटी में अगले दौर के सुधार वक्त की जरूरत

भारत देश में जारी आम चुनाव के दौरान रिकार्ड जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े ने सरकार को आर्थिक मोर्चे पर राहत दी है। चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले माह अप्रैल में रिकार्ड 2.10 लाख करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन ने नए वित्त वर्ष की शानदार शुरूआत की है। सालाना आधार पर यह 12.4 फीसदी बढ़ोत्तरी है। इससे पहले सबसे अधिक कलेक्शन 1.87 लाख करोड़ रुपये का था, जो संयोग से वित्त वर्ष 2023-24 के पहले माह अप्रैल में हुआ था। पिछले वर्ष की समान अवधि यानी अप्रैल 2023 की तुलना में ये 17.1 प्रतिशत ज्यादा है। पिछले महीने मार्च 2024 में, जीएसटी कलेक्शन 1.78 लाख करोड़ रुपये रहा था। महीने-दर-महीने आधार पर कलेक्शन में 18 फीसदी का इजाफा है। सरकार ने 18 हजार करोड़ के रिफंड जारी किए। रिफंड के बाद, अप्रैल 2024 के लिए नेट जीएसटी राजस्व 1.92 लाख करोड़ रुपये रहा। यह अप्रैल, 2023 की तुलना में 15.5 फीसदी की प्रभावशाली वृद्धि को दर्शाता है। आर्थिक गतिविधियों में तेजी के बीच घरेलू लेन-देन और आयात में मजबूत वृद्धि के दम पर जीएसटी संग्रह ने यह रिकार्ड बनाया है। समूचे वित्त वर्ष 2023-24 को देखें तो इस वर्ष जीएसटी कलेक्शन 20.18 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि वित्त वर्ष 2022-23 में 20 लाख करोड़ रुपये रहा था। वर्ष 2017 में जीएसटी लागू हुआ था, तब से सालाना दर सालाना जीएसटी कलेक्शन में वृद्धि हो रही है। रिकार्ड जीएसटी कलेक्शन मजबूत अर्थव्यवस्था को दर्शाता है। जीएसटी ने अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था में व्यापक स्तर पर पारदर्शिता लेकर आई है। अभी जीएसटी के चार स्लैब हैं, 5 फीसदी, 12 फीसदी, 18 फीसदी व 28 फीसदी। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने वर्ष 2000 में जीएसटी पर अध्ययन के लिए एक समिति बनाई थी। उसमें एक टैक्स स्लैब की बात थी। जीएसटी पर राजनीतिक सहमति बनाने में 17 वर्ष लग गए। शुरू में इसे बहुत जटिल कर प्रणाली समझा गया, लेकिन इसमें सुधार होता गया, अभी यह अप्रत्यक्ष कर संग्रह का रिकार्ड बना रहा है। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह में अभूतपूर्व वृद्धि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और टैक्स कलेक्शन में दक्षता के चलते हुई है। नए वित्त के पहले महीने में कई ऐसे संकेतक हैं, जो अर्थव्यवस्था की मजबूती की ओर संकेत कर रहे हैं। लोगों ने एसी और शीतल पेय पर अधिक खर्च किया है। पेट्रोल की बिक्री में 12.3 फीसदी की वृद्धि हुई है। एलपीजी की बिक्री सालाना आधार पर 12 फीसदी बढ़कर 24.5 लाख टन पहुंच गई है। बिजली की खपत 11 फीसदी बढ़ी है। थोक व खुदरा महंगाई दर नियंत्रण में हैं, हालांकि खाद्य महंगाई दर उच्च स्तर पर बनी हुई है। घरेलू और ग्लोबल वित्तीय व रेटिंग एजेंसियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि को लेकर सकारात्मक है। शेयर बाजार में सेंसेक्स व निफ्टी दोनों सूचकांक सर्वकालीन उच्च स्तर पर कारोबार किया है। सोने के भाव उच्च रहने के बावजूद भारत में सोने के आयात में वृद्धि हुई है। ये सभी दर्शाते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत है। चुनावी वर्ष होने के चलते पूंजी बाजार में लिक्विडिटी बनी रहेगी। मोदी सरकार ने अर्थव्यवस्था में अधिक से अधिक पारदर्शिता लेकर आई है, इसका सकारात्मक असर दिख रहा है। जीएसटी संग्रह में लगातार उछाल को देखते हुए अब सरकार को जीएसटी सुधार 2.0 की शुरूआत करनी चाहिए। केंद्र में नई सरकार बनने के बाद जितनी जल्दी संभव हो, जीएसटी में अगले चरण का सुधार करना चाहिए। चार के बजाय तीन स्लैब किए जाने चाहिए। पेट्रो उत्पाद, एटीएफ, नेचुरल गैस आदि को जीएसटी के दायरे में लाने का साहसिक प्रयास होना चाहिए।

दरकार
विवेक शुक्ला



# प्रचार में फर्जी वीडियो जारी करने वालों पर लगाम लगे

लोकसभा चुनाव के कैंपेन ने अचानक गंभीर मोड़ ले लिया है। कैंपेन के दौरान आरोप-प्रत्यारोप तो लगते हैं। इसे कोई बुरा नहीं मानता, पर कोई दल चुनाव जीतने के लिए अपने विरोधियों के खिलाफ 'डीपफेक' प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करके फर्जी वीडियो जारी करे यह तो सही नहीं माना जा सकता। ताजा मामले में देश के गृह मंत्री अमित शाह ही डीपफेक' प्रौद्योगिकी का शिकार हो गए हैं। अमित शाह ने बीती 25 अप्रैल को तेलंगाना के मेडक जिले के सिद्दीपेट में भाजपा की चुनावी रैली में भाषण दिया था। इस भाषण के वीडियो को कथित तौर पर छेड़छाड़ कर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। फैक्ट चेक में ये वीडियो एकदम फर्जी साबित हुआ है। इस फर्जी वीडियो में गृहमंत्री अमित शाह अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को खत्म करने की घोषणा करते हुए कथित तौर पर नजर आ रहे हैं। अब जरा सोचिए कि क्या कोई व्यक्ति देश में उपर्युक्त वर्गों को मिलने वाले आरक्षण को खत्म कर सकता है? दरअसल अमित शाह के एक पुराने वीडियो को एडिट किया गया है, जिसमें वो मुस्लिम आरक्षण खत्म करने की बात कह रहे थे। इस ओरिजनल वीडियो में मुस्लिम की जगह एसटी और एसटी को जोड़ दिया गया है। हालांकि सवाल उठता है कि ऐसा कैसे संभव है कि फेक वीडियो बिल्कुल असली लग रहा है? जैसा कि मालूम है कि इन दिनों मार्केट में मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का इस्तेमाल बढ़ गया है। इस तकनीक में किसी के बोलने के लहजे और उसकी आवाज को मशीन लर्निंग की मदद से कैप्चर किया जाता है। दरअसल नई प्रौद्योगिकी की मदद से किसी वीडियो में ऐसे व्यक्ति के चेहरे को फिट किया जाता है जो उस वीडियो का हिस्सा ही नहीं होता। इस तकनीक के माध्यम से छेड़छाड़ कर बनाए गए वीडियो में असली और नकली का अंतर बता पाना मुश्किल होता है। जिस भी नेता या सियासी दल ने अमित शाह को आरक्षण खत्म करने की घोषणा करते हुए दिखाने वाले फर्जी वीडियो बनवाए और जारी करवाए उसने समाज में वैमनस्य फैलाने का कितना गंभीर कृत्य किया है। जाहिर है कि गृह मंत्रालय की शिकायत के आधार पर दिल्ली पुलिस उन शरारती तत्वों पर एक्शन ले रही है जो इस मामले में फंसे हुए हैं। दिल्ली पुलिस ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी समेत राज्य कांग्रेस के कुछ अन्य नेताओं को भी पूछताछ के लिए तलब किया है। लग यही रहा है कि इस सारे मामले के तार बहुत दूर-दूर तक फैले हुए हैं। अहमदाबाद पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इससे पहले असम पुलिस ने भी इसको लेकर एक शख्स को गिरफ्तार किया था। दरअसल अमित शाह के खिलाफ डीपफेक केस की शिकायत भाजपा की मुंबई इकाई के पदाधिकारी प्रतीक करपे ने बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) साइबर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। एक बात समझ लें कि अगर डीपफेक या किसी अन्य तकनीक से अपने विरोधियों को बदनाम करने वालों पर कठोर एक्शन नहीं लिया गया तो फिर हालात काबू से बाहर होने लगेंगे। समाज में विभिन्न वर्गों में प्रेम और सदभाव खत्म हो जाएगा। लोकतंत्र की जान है स्वस्थ बहस और वाद- विवाद। इसमें ओछी हरकतों के लिए किसी को स्पेस नहीं मिलना चाहिए। अमित शाह चूंकि भाजपा के शिखर नेता हैं और उनके साथ जो खेल किया गया है उसके बाद भाजपा के नेता कहने लगे हैं कि कुछ समय पहले तक विपक्ष सत्ता पक्ष के खिलाफ केवल मौखिक आरोप ही लगाता था, लेकिन अब कुछ दल और उनके नेता तकनीक का सहारा लेकर भाजपा के शीर्ष नेताओं को बदनाम करने की साजिश रचने में जुट गए हैं। आजकल चल रही लोकसभा चुनावों के कैंपेन में यह भी बहुत बड़े स्तर पर कहा जा रहा है कि भाजपा देश के संविधान को खत्म कर देगी। जरा सोचिए कि क्या बाबा साहेब अंबेडकर की सरपरस्ती में तैयार भारत के संविधान को कोई बदलाव कर सकता है? यह नामुमकिन है। सारा देश बाबा साहेब को अपना आदर्श मानता है और उनसे प्रेरणा पाता है, इसलिए यह आरोप नहीं लगने चाहिए कि अगर भाजपा तीसरे कार्यकाल के लिए सत्ता में आई तो उसका इरादा संविधान बदलने और आरक्षण समाप्त करने का है। हालांकि पिछले कुछ दशकों में दुनिया में तकनीकी विकास तेजी से हुआ है। फिलहाल सरकार को डीपफेक प्रौद्योगिकी का समाज को तार-तार करने वालों पर कठोर एक्शन लेना होगा।



अर्थव्यवस्था
सतीश सिंह

फ्रीबिज (मुफ्त उपहार) या रेवड़ी संस्कृति की नीति से सरकार को बचना चाहिए, क्योंकि आजकल राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए वोटरों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पेयजल, बेरोजगारों को मासिक भत्ता, लैपटॉप, स्मार्टफोन, साइकिल आदि देने का लालच देकर अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं और सत्ता में आने के बाद वादों को पूरा करने के लिए सरकारी ख़जाने को खाली कर देते हैं, जिससे सरकार का वित्तीय अनुशासन नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है और फ्रीबिज पर पैसे खर्च किए जाने के कारण विकासात्मक कार्यों का धक्का लगता है। यदि फ्रीबिज ये लाभ नहीं होता तो उन्हें ऐसे लोक लुभावन वादों के झांसे में नहीं आना चाहिए।

# फ्रीबिज पर रोक लगाने की जरूरत

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने फ्रीबिज (मुफ्त उपहार) या रेवड़ी संस्कृति की नीति से सरकार को बचने की सलाह दी है, क्योंकि आजकल राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए वोटरों को मुफ्त बिजली, मुफ्त पेयजल, बेरोजगारों को मासिक भत्ता, लैपटॉप, स्मार्टफोन, साइकिल आदि देने का लालच देकर अपने पक्ष में वोट देने के लिए प्रेरित करते हैं और सत्ता में आने के बाद वादों को पूरा करने के लिए सरकारी ख़जाने को खाली कर देते हैं, जिससे राज्य और केंद्र सरकार का वित्तीय अनुशासन नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है और फ्रीबिज पर पैसे खर्च किए जाने के कारण विकासात्मक कार्यों का धक्का लगता है अर्थात सड़क, स्कूल, अस्तपताल, बिजली, पानी आदि की व्यवस्था सरकार नहीं कर पाती है, जिससे आर्थिक गतिविधियां धीमी पड़ जाती हैं।

फ्रीबिज के चक्कर में राज्य सरकारें राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम (एफआरबीएम) की सीमा का उल्लंघन करती हैं, जो राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य के लिए घातक होता है। एफआरबीएम अधिनियम के तहत यह सुनिश्चित किया जाता है कि राजस्व घाटा, राजकोषीय घाटा, कर राजस्व और कुल बकाया देनदारियां निर्धारित सीमा से अधिक नहीं हो। अगर ऐसा करना जरूरी हो तो वह सिर्फ आपदा की स्थिति में ही किया जाना चाहिए। सुब्बाराव का कहना है कि फ्रीबिज के कारण कुछ राज्य सरकारें एफआरबीएम की सीमा का उल्लंघन कर रही हैं, जिसके कारण राज्य सरकारें कर्ज के दलदल में फंसती जा रही हैं, इसलिए राज्य सरकारों और केंद्र सरकार को वित्तीय अनुशासन बनाकर रखना चाहिए। सुब्बाराव के अनुसार मोदी सरकार को फ्रीबिज को रोकने के मुद्दे पर राजनीतिक दलों के बीच सहमति बनानी चाहिए और जरूरत पड़ने पर मामले में श्वेत पत्र पेश करने से भी नहीं हिचकिचाना चाहिए। इस मुद्दे पर सभी राजनीतिक दलों के बीच गहन और सारगर्भित बहस की जानी चाहिए और फ्रीबिज को रोकने के लिए ठोस नीति बनाकर जल्द अमल में लाना चाहिए। आम जनता को मुफ्त उपहारों की लागत और लाभ के बारे में भी जागरूक किया जाना चाहिए। यह सरकार की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वह इस बारे में लोगों को कैसे शिक्षित करती है? वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने हाल ही में लोकसभा में श्वेत पत्र के माध्यम से संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल की नाकामियों और मोदी सरकार के 10 सालों के कार्यकाल की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा था, ताकि आम जनता यह तय कर सके कि कौन सी सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान आम जनता, समाज और देश की बेहतरी के लिए शिद्दत से प्रयास किया है। आमतौर पर श्वेत पत्र के जरिये सरकार कानून पेश करने से पहले नीतिगत प्राथमिकताएं प्रस्तुत करती है और इसकी मदद से विवादास्पद नीतिगत मुद्दों पर जनता की राय ली जाती है। उल्लेखनीय है कि सुब्बाराव से पहले भी मामले में सर्वोच्च अदालत सरकार को फ्रीबीज को बंद करने के लिए नसीहत दे चुकी है।




सर्वोच्च अदालत ने बीते महीनों, केंद्र सरकार से पूछा था कि क्या चुनाव अभियानों के दौरान फ्रीबिज के लिए वादा करना और सत्ता में आने के बाद उसे अमलीजामा पहनाना आर्थिक रूप से व्यवहार्य है?

फ्रीबिज से अर्थव्यवस्था का बुनियादी ढांचा कमजोर होता है और सरकार को अपनी व्यय प्राथमिकताओं में से विकास की प्राथमिकता से किनारा करना पड़ता है। राज्यों के राजस्व के स्रोत सीमित होते हैं, इसलिए राज्यों का बजट फ्रीबिज के कारण बेपटरी हो जाता है। आज कई राज्य सरकारें कर्ज में तय सीमा से अधिक डूबी हुई हैं। पंजाब ने सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 53.3 प्रतिशत कर्ज ले रखा है,जो कर्ज लेने वाले सभी राज्यों से सबसे ज्यादा है। केंद्रीय बैंक के अनुसार किसी भी राज्य पर उसकी जीएसडीपी के 30 प्रतिशत से अधिक कर्ज नहीं होना चाहिए। पंजाब के अलावा अरुणाचल प्रदेश, बिहार, गोवा, हिमाचल, केरल, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, राजस्थान और पश्चिम बंगाल पर भी उनके जीएसडीपी से बहुत ज्यादा कर्ज है। फ्रीबिज स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव को प्रभावित करता है, जिससे सही प्रतिनिधि संसद या विधानसभा में नहीं जा पाते हैं। फलतः आम जनता, समाज और देश के लिए समीचीन कानून का निर्माण नहीं हो पाता है। यूरोप के कुछ देश फ्रीबिज संस्कृति की वजह से ही आज आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। हमारे पड़ोसी देश श्रीलंका और पाकिस्तान का भी इसी फ्रीबिज संस्कृति के कारण बुरा हाल है। बीते महीनों कर्नाटक में हजारों करोड़ रुपये चुनाव में किए वादों को पूरा करने में खर्च किए गए, जिसके कारण सरकार के एक मंत्री को कहना पड़ा कि सरकार के पास विकासात्मक कार्यों को पूरा करने के लिए पैसे नहीं हैं। मामले में जन-कल्याणकारी योजनाओं और लोक-लुभावन योजनाओं के बीच के अंतर को पारिभाषित करने की जरूरत है। इस क्रम में सब्सिडी को फ्रीबिज नहीं माना जाना चाहिए। सब्सिडी किसी भी क्षेत्र विशेष में कम विकास की स्थिति को बेहतर करने के लिए दी जाती है। भारत में आज भी कई ऐसे क्षेत्र हैं, जहां अपेक्षित विकास नहीं हुआ है। लिहाजा,उपेक्षित क्षेत्र में विकास को सुनिश्चित करने के लिए सब्सिडी देना जरूरी है। उदाहरण के तौर पर अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए घरों की छतों पर या दूसरी जगहों पर सौर पैनेल स्थापित करने के लिए सब्सिडी दी जा रही है। यह नियम भी बनाना चाहिए कि बजट का कितना प्रतिशत जन-कल्याणकारी कार्यों पर खर्च किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि जिन जन-कल्याणकारी योजनाओं पर पैसे खर्च किए गए हैं, क्या उससे आम जनता लाभान्वित हुई है? अगर किसी जन-कल्याणकारी योजना से आम जनता को कोई लाभ नहीं हुआ है या उनके जीवन स्तर में कोई सुधार नहीं हुआ है तो वैसी योजनाओं को जारी रखने का कोई औचित्य नहीं है। आम जनता को भी आत्मावलोकन करने की जरूरत है कि फ्रीबिज से उन्हें लाभ हो रहा है या नहीं, यदि नहीं, तो उन्हें ऐसे लोक लुभावन वादों के झांसे में नहीं आना चाहिए। लैपटॉप, स्मार्टफोन या साइकिल की ज्यादा उम्र नहीं होती है, लेकिन विकासात्मक कार्यों को लागू करने से समाज के सभी वर्ग लाभान्वित होंगे।

सरकार को फ्रीबिज के अलावा कोरपोरेट्स को भी वैसी योजनाओं का लाभ देने से बचना चाहिए, जिनका बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जा रहा है। उदाहरण के तौर विकास की गति को तेज करने के लिए या किसी क्षेत्र विशेष को प्रोत्साहित करने के लिए बड़े-बड़े कॉरपोरेट्स को अक्सर कर और ब्याज दर में छूट दी जाती है, लेकिन अनेक कॉरपोरेट्स ऐसे लाभों का दुरुपयोग करते हैं, जिन पर अंकुश लगाने की जरूरत है। कहने का तात्पर्य है कि सरकार कोई भी खर्च करे तो उसका सकारात्मक योगदान देश और समाज के विकास को सुनिश्चित करते हुए अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में हो।

(लेखक बैंक अधिकारी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## अहिंसा के प्रयोग



संकलित
दर्शन

हिंसा को किसी भी प्रकार से रोकना या इसके प्रभाव को कम करना, समाज का अनिवार्य कर्तव्य है। हिंसा अनेक तरह की हो सकती है। शारीरिक हिंसा के अतिरिक्त यह मानसिक, शाब्दिक या परोक्ष भी हो सकती है। ऐसी स्थितियां उत्पन्न कर देना, जिससे भय एवं आतंक की छाया में जीवन हर समय आशंकित हो, अव्यवस्थित हो-अप्रत्यक्ष हिंसा है। इसलिए प्रत्येक हिंसा का शमन ही मानव के लिए हितकारी है। हिंसा किसी पशु या अमानुष का विषय हो सकती है, परंतु मानव का धर्म कतई नहीं हो सकती। अहिंसा परमो धर्मः, यही सत्य वचन है। हिंसा किसी समस्या का हल नहीं है। अहिंसा सभी समस्याओं का हल है। लोगों के मन के भीतर प्रेम का बीज होता है, घृणा का फल नहीं। सावधानी से आदर्श व्यवहार का धैर्यपूर्वक पालन किया जाए तो विवाद की स्थिति नहीं आ सकती। किसी विवाद के उत्पन्न होने से शांति के लिए सदैव एक राह शेष रहती है, इस तथ्य को गांठ बांध लेना चाहिए। वार्ता से रास्ता निकलता है। संवेदनहीनता से मानवता का मार्ग अवरुद्ध होगा। आप भगवान को मानें या न मानें, इससे उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे आपका महत्व अवश्य बढ़ेगा या घटेगा। इसी तरह प्रकृति के विषय में सार्थक सोच होना चाहिए। नैतिकता के पाठों में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। हिंसा तो मानवता के लिए विष के समान है। अहिंसा का प्रयोग करने वाले व्यक्ति शांति के सच्चे नायक हैं। जीवन में अहिंसा का मूल मंत्र सबसे उपयोगी तंत्र बन सकता है, व्यवस्था और जनता दोनों के हित में यही कारगर उपाय भी है।

## तुलसीदास जी द्वारा ब्राह्मण को जीवन दान



संकलित
प्रेरणा

भक्तमाल में वर्णन है कि एक ब्राह्मण था, परंतु कुछ विद्वान बताते हैं कि वह ब्राह्मण नहीं, एक भुलई नाम का कलवार था जो भक्ति पथ और गोस्वामी जी की निन्दा किया करता था। उसकी मृत्यु हो गई, उसकी पत्नी उसके साथ सती होने के लिए जा रही थी। गोस्वामी तुलसीदास जी अपनी कुटी के द्वार पर बैठे हुए भजन कर रहे थे। उस ब्राह्मण की स्त्री ने उन्हें दूर से ही देखा तो फिर श्री चरणों में आकर इन्हें प्रणाम किया। तुलसीदास जी ने उसे आशीर्वाद देते हुए कहा कि सौभाग्यवती होओ। उस स्त्री ने कहा कि मेरे पति का देहांत हो गया है और मैं सती होने के लिए श्मशान घाट पर जा रही हूँ। तब इस आशीर्वाद का क्या अर्थ होगा? गोस्वामीजी ने कहा कि अब तो मेरे मुख से आशीर्वाद निकल चुका है, यदि तुम और तुम्हारे परिवार के लोग भगवान श्रीराम का भजन करें तो मैं तुम्हारे मृत पति को जीवित कर दूँगा। यदि काल सत्य है, तो मेरे प्रभु काल के भी काल है, यह बात भी तो सत्य है। उस स्त्री ने अपने सभी कुटुम्बियों को बुलाकर कहा कि यदि आप लोग सच्चे हृदय से श्रीराम भक्ति करने की दृढ़ प्रतिज्ञा करें तो मेरे यह मृत पति जीवित हो जायेंगे। सभी ने गोस्वामीजी की बात को स्वीकार करते हुए श्रीराम नाम का संकीर्तन प्रारंभ किया। तब गोस्वामी जी ने उसे सुंदर भक्तिमय जीवन दान दिया। श्री राम की कृपा से उस ब्राह्मण को जीवन दान मिल गया और इससे प्रभावित होकर उसके परिवार के लोग भगवद्भक्त हो गए।

## सटाका




## आज की पाती


### डरने की जरूरत नहीं है

वैश्विक महामारी कोरोना ने जब सारी दुनिया को दहशत में डाल दिया था, अमरीका, जर्मनी और अन्य बड़े बड़े देश भी इस महामारी से दहशत में आ गए थे और सारी दुनिया ने इससे बचने के लिए लॉकडाऊन लगा दिया था। उस दहशत भरे माहौल में दुनिया यह कह रही थी कि जल्दी से जल्दी इससे निपटने के लिए कोई दवा तैयार होनी चाहिए, इसके लिए लगभग सभी देशों ने प्रयास भी किए, बहुत से एक्सपेरिमेंट भी किए और वैज्ञानिकों ने इसका टीका तैयार कर लिया। एस्ट्राजेनेका कंपनी ने इसकी कोव वैक्सीन तैयार की और इसे दुनिया के दूसरे देशों तक भी पहुंचाया गया। अब यह वैक्सीन फिर से सुर्खियों में है। इसकी वजह यह है कि एक ब्रिटिश नागरिक ने अपने यहां केस दर्ज करते हुए कहा है कि उसे इससे साइड इफेक्ट्स हुए हैं।

*– महेश काले, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर


### जेल की चेतावनी, ट्रंप ने जज को कुटिल कहा



अदालत की अवमानना के मामले में दोषी ठहराए जाने और इस बारे में कुछ न कहने के 'गैग आदेश' का उल्लंघन करने पर जेल जाने की चेतावनी दिए जाने के एक दिन बाद डोनाल्ड ट्रंप ने अपने खिलाफ रिश्वत मामले में सुनवाई कर रहे न्यायाधीश को 'कुटिल' कहा। 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप पर वयस्क फिल्मों की अभिनेत्री स्टॉर्मी डेनियल्स को, उन दोनों के कथित अवैध संबंधों के बारे में चुप्पी साधने के बदले 130,000 डॉलर की रिश्वत देने का तथा इस राशि के भुगतान को छिपाने के लिए कारोबारी रिकॉर्ड में हेराफेरी करने का आरोप है। मामले की सुनवाई कर रहे जज ने मंगलवार को पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति को गैग आदेशों (विचाराधीन मामले में बयानबाजी करने की मनाही) के उल्लंघन का दोषी ठहराते हुए उन पर नौ हजार डॉलर का जुर्माना लगाया। यह जुर्माना चुप रहने के लिए धन देने के मामले में गवाहों, ज्यूरी और अन्य के संबंध में सार्वजनिक बयान देने से रोकने वाले 'गैग आदेश' का लगातार उल्लंघन करने पर लगाया गया। ट्रंप के 'ट्रुथ' सोशल मीडिया खाते और प्रचार वेबसाइट पर पोस्ट के लिए जुर्माना लगाते हुए न्यायाधीश जुआन एम. मर्चन ने कहा था कि यदि ट्रम्प ने उनके आदेशों का उल्लंघन करना जारी रखा, तो वह जेल जाएंगे।

## ऑफ बीट

### बच्चों को दूध पिलाने के बाद क्या डकार दिलवाना जरूरी



माता-पिता को अक्सर अपने बच्चों को दूध पिलाने के बाद डकार दिलवाने की सलाह दी जाती है। कुछ लोग सोचते हैं कि दूध पिलाने के बाद डकार लेना, बच्चे के रोने की असुविधा को कम करने या रोकने के लिए, या दूध पिलाने के बाद बच्चे द्वारा दूध उगलने की आशंका को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। यह सच है कि बच्चे, वयस्कों की तरह, खाते समय हवा निगलते हैं। डकार लेने से यह हवा हमारे पाचन तंत्र के ऊपरी हिस्से से बाहर निकलती है। इसलिए जब कोई बच्चा दूध पीने के बाद रोता है, तो कई लोग यह मान लेते हैं कि ऐसा इसलिए है क्योंकि बच्चे को 'डकार दिलवाने' की ज़रूरत है। हालाँकि, यह आवश्यक रूप से सत्य नहीं है। दूध पीने के बाद बच्चे क्यों रोते हैं या 'दूध गिराते' हैं? बच्चे कई कारणों से रोते हैं जिनका 'फँसी हुई हवा' से कोई लेना-देना नहीं है। वे तब रोते हैं जब वे भूखे, ठंडे, गर्म, डरे हुए, थके हुए, अकेले, परेशान होते हैं, उन्हें शांत होने के लिए बड़ों की मदद की ज़रूरत होती है, असुविधा या दर्द में, या कभी बिना किसी पहचाने जाने योग्य कारण के। वास्तव में, हमारे पास बिना किसी ज्ञात कारण के रोने का नाम है; इसे 'कॉलिक' कहा जाता है।

## ट्रेंड

### कांग्रेस को तीन चुनौतियां



कांग्रेस का शाही परिवार और उसके दरबारी मोदी पर चाहे जितना भी गुस्सा निकालें और गाली दें, लेकिन ये मोदी की गारंटी है। मेरी कांग्रेस और उसके इकोसिस्टम को तीन चुनौतियां हैं। हमने लव जिहाद और लैंड जिहाद सुना था। अब कांग्रेस गठबंधन ने वोट जिहाद का नारा दिया है।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### निरंतर गतिमान रहें



बड़े लक्ष्य की संप्राप्ति छोटे-छोटे प्रयत्नों से होती है अत: निरंतर गतिमान रहें। आरंभ करना सदा ही कठिन और चुनौतीपूर्ण रहा है। जैसे ही साधक बाधाओं से प्रभावित होकर श्रम बंद कर देता है उसी क्षण उसकी जीवन यात्रा संकुचित हो जाती है।

-अवधेशानंद, आध्यात्मिक गुरु

### कम मतदान से चिंतित



आपके पत्र से पता चल रहा है कि आप चुनाव के पहले दो चरणों में कम मतदान से चिंतित हैं। यह दर्शाता है कि लोग आपकी नीतियों या आपके चुनावी भाषणों को लेकर उत्साहित नहीं हैं। दरअसल ऐसा गर्मी की वजह से नहीं हो रहा है, आपकी नीतियों से गरीब झुलस गए हैं।

-मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### पिक्चर रिलीज़ न होने दें



मोदी ने कहा "ये तो ट्रेलर है" जरा सोचिए अगर ये ट्रेलर है तो पिक्चर कितनी भयावह होगी? कृपया पिक्चर रिलीज़ होने से रोक दो भाइयों। संविधान की धज्जियां उड़ाई गईं। विश्वविद्यालय हो या बीजेपी सरकारें आरक्षण में दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का हक़ मारा।

-संजय सिंह, आप नेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# कांग्रेस के विद्वान अर्थशास्त्री और प्रधानमंत्री के समय अर्थव्यवस्था 11वें नंबर पर थी, चाय वाले ने देश की इकोनॉमी को 5वें नंबर पर पहुंचा दिया



एजेंसी ⏭ सुरेंद्रनगर/ आणंद

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पीएम नरेंद्र मोदी गुरुवार को अपने गृहराज्य गुजरात के 2 दिवसीय चुनावी दौरे पर हैं। पीएम मोदी ने सुरेंद्रनगर व आणंद के शास्त्री मैदान में विशाल जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान लोगों से कहा कि 2014 में जब आपने अपने इस बेटे को गुजरात से दिल्ली भेजकर देश की सेवा करने का आदेश दिया, उस समय देश के पीएम बड़े विद्वान अर्थशास्त्री थे। तब देश दुनिया में 11वें नंबर की अर्थव्यवस्था थी। 10 साल में इस गुजराती ने, चाय वाले ने देश की इकोनॉमी को 5वें नंबर पर पहुंचा दिया। कांग्रेस सरकार में आए दिन एक बड़ा हउआ था पाकिस्तान का। पाक के आतंक का टायर पंक्चर हो गया है। जो देश कभी आतंकी एक्सपोर्ट करता था वो आटे के इम्पोर्ट के लिए दर दर भटक रहा है। जिसके हाथ में कभी बम गोला था उसके हाथ में आज भीख का कटोरा है। कांग्रेस कीसरकार आतंक के आकाओं को डोजियर देती थी। हमारी सरकार आतंकियों को घर में घुसकर मारती है।

> विपक्ष पर जबरदस्त निशाना साधते हुए कहा कि 60 साल में कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, बैंकों पर कब्जा कर लिया और ये कहा कि बैंक गरीबों के लिए होने चाहिए। बैंकों का राष्ट्रीयकरण गरीबों के नाम पर करने के बावजूद भी कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। कई को तो बैंक भी मालूम नहीं थे। देश को कमजोर करने के अलावा कांग्रेस ने कुछ नहीं किया।

## गुजरात में पीएम मोदी ने कांग्रेस की सरकारों को लिया आड़े हाथ

### देश ने कांग्रेस का 60 साल का सेवा काल भी देखा

मोदी ने कहा कि देश ने 60 साल तक कांग्रेस का राज देखा है और देश ने 10 साल भाजपा का सेवा काल भी देखा है। कांग्रेस के 60 साल के शासन में करीब 60% ग्रामीण आबादी के पास शौचालय नहीं था। 10 साल में भाजपा सरकार ने शत प्रतिशत शौचालय बना दिए। 60 साल में कांग्रेस देश में सिर्फ 3 करोड़ ग्रामीण घरों तक ही नल से जल की सुविधा पहुंचा पाई यानी 20% भी नहीं, 10 साल में नल से जल पहुंचने वाले घरों की संख्या 14 करोड़ घर हो गई है।




### 75 साल तक देश के सभी हिस्सों पर ये संविधान नहीं था

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के कारण दशकों तक देश के संविधान के साथ भांति-भांति के खिलवाड़ हुए। सरदार साहब बहुत जल्दी चले गए, उसके कारण देश को बहुत नुकसान हुआ है। कांग्रेस के शहजादे आजकल माथे पर संविधान रखकर नाच रहे हैं। लेकिन, 75 साल तक हिंदुस्तान के सभी हिस्सों पर ये संविधान लागू नहीं होता था। मोदी के आने से पहले इस देश में 2 संविधान, 2 झंडे थे, 2 प्रधानमंत्री थे। शहजादे की पार्टी कांग्रेस ने, इनके परिजनों ने देश में संविधान लागू नहीं होने दिया था।

**पाकिस्तान के आतंक का काम तमाम**

पीएम मोदी ने कहा कि जितने साल हमारे देश में कांग्रेस सरकार रही, आए दिन एक बड़ा हउआ था पाकिस्तान का। पाकिस्तान के आतंक का टायर पंक्चर हो गया है। जो देश कभी आतंकी एक्सपोर्ट करता था वो आटे के इम्पोर्ट के लिए दर दर भटक रहा है। जिसके हाथ में कभी बम गोला था उसके हाथ में आज भीख का कटोरा है।

**10 साल में 50 करोड़ जनधन बैंक खाते**

उन्होंने विपक्ष पर् त निशाना साधते हुए कहा कि 60 साल में कांग्रेस ने बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, बैंकों पर कब्जा कर लिया और ये कहा कि बैंक गरीबों के लिए होने चाहिए। इसके बावजूद भी कांग्रेस सरकार 60 साल में करोड़ों गरीबों के बैंक खाते नहीं खोल पाई। मोदी ने 10 साल में 50 करोड़ से ज्यादा जनधन बैंक खाते खोले।

## जेपी नड्डा ने समझाया राजद का मतलब | भ्रष्टाचारियों का कुनबा है इंडी गठबंधन

**अररिया।** भाजपा र्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को अररिया में एक जनसभा को संबोधित करते हुए इंडी गठबंधन को जमकर घेरा। लालू परिवार पर भी हमला बोला। नड्डा ने जम्मूकश्मीर से कन्याकुमारी तक के नेताओ के नाम गिनाते हुए पूछा फारूक अब्दुल्ला, महबूबा मुफ्ती, मुलायम सिंह परिवार, लालू परिवार चौटाला परिवार से लेकर गांधी परिवार तक का जिक्र किया बस यह सब अपने परिवार के बारे में सोचते हैं। उन्होंने कहा कि नड्डा ने कहा कि नरेंद्र मोदी 10 साल से सेवा कर कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य गरीब कल्याण और सुशासन है।



**ये रिश्वतखोर, जंगलराज, दलदल है**

आरजेडीपर हमला बोलते हुए नड्डा ने कहा कि राजद का मतलब बताते हुए कहा कि ये रिश्वतखोर, जंगलराज, दलदल है।

**भारत मांगने वाला नहीं, देने वाला देश बना**

नड्डा ने बताया कि पीएम ने कहा था कि विपक्ष ने टीके का विरोध किया और फिर चुपके से खुद ले रहे थे। आज भारत देने वाला देश बना है।

## बरेली में बोले गृहमंत्री शाह | 4 जून को 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा' से होगा उनका समापन

बरेली और बदायूं पहुंचे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 'शहजादे' राहुल गांधी ने चुनाव अभियान की शुरुआत 'भारत जोड़ो यात्रा' से की थी मगर इसका समापन अगली चार जून को 'कांग्रेस ढूंढो यात्रा' से होगा। भाजपा उम्मीदवार छत्रपाल गंगवार के समर्थन में कहा, 'हमारे सामने यह घमंडिया गठबंधन 'इंडी' चुनाव लड़ रहा है। राहुल ने चुनाव की शुरुआत 'भारत जोड़ो' यात्रा से की थी। मैं कहकर जा रहा हूं कि शुरुआत 'भारत जोड़ो' यात्रा से की गई थी मगर 4 जून के बाद 'कांग्रेस ढूंढो' यात्रा से इसका समापन होने वाला है।



**यह चुनाव देश को सर्वोच्च स्तर पर ले जाने का है**

उन्होंने दावा किया कि मोदी सेंचुरी मारकर 400 की दौड़ में बहुत आगे निकल गए हैं।यह चुनाव देश के अर्थ तंत्र को सर्वोच्च पर ले जाएगा।

**4 जून को 12.30 बजे 400 पार कर जाएगी भाजपा**

शाह ने कहा कि आप परिणाम के दिन देख लेना, साढ़े बारह बजे के पहले एनडीए 400 पार कर जाएगी। मोदी फिर से प्रधानमंत्री बन जाएंगे।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा

### सारे विपक्षी दलों को हवा में उड़ा देंगे हमारे पायलट



सारण। गृह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाजपा प्रत्याशी राजीव प्रताप रूढ़ी के लिए चुनाव प्रचार किया। चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अब पड़ोसी देश भी समझ चुके हैं कि भारत दुनिया का ताकतवर देश बन चुका है। आज हमारी इतनी ताकत है कि जरूरत पड़ी तो भारत अपनी सीमा के उस पार भी मार सकता है। मुझे पूरा विश्वास है कि इस चुनाव में भी आप सभी का समर्थन प्राप्त होगा और सारे विपक्षी दलों को हमारे पायलट (राजीव प्रताप रूडी) हवा में उड़ा देंगे।

## सोनिया ने राहुल-प्रियंका से लड़ने को कहा

### भाजपा को थाली में न दो अमेठी और रायबरेली

नई दिल्ली। नेहरू-गांधी परिवार से कोई न कोई अमेठी और रायबरेली सीट पर लोकसभा चुनाव लड़े, ऐसा सोनिया गांधी की इच्छा है। खबर है कि कांग्रेस



की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने अपने बेटे राहुल गांधी को अमेठी और बेटी प्रियंका गांधी को रायबरेली से चुनाव ना लड़ने के फैसले पर दोबारा विचार करने के लिए फोन किया है। 3 मई को उत्तर प्रदेश की इन दो हाई-प्रोफाइल सीटों पर नामांकन का आखिरी दिन है। अमेठी में भाजपा की तरफ से 2019 में राहुल गांधी को हराकर गांधी परिवार का किला तोड़ने वाली स्मृति ईरानी लड़ रही हैं जबकि रायबरेली में कांग्रेस कैंडिडेट के ऐलान का इंतजार भाजपा कर रही है। सोनिया अब राज्यसभा में पहुंच गई हैं।

## मीसा भारती का पीएम पर हमला

### अग्निवीर 4 साल में रिटायर, इनको चाहिए तीसरा मौका



**बिहटा।** राजद प्रमुख लालू यादव की बड़ी बेटी मीसा भारती ने पीएम पर विवादित टिप्पणी की है। पटना के बिहटा में एक सभा के दौरान मीसा भारती ने केंद्र पर हमला बोलते हुए कहा कि एक तरफ आप नौजवानों के लिए अग्निवीर योजना लेकर आए हैं, जिसमें नौजवान 4 साल में रिटायर होकर घर बैठेगा और ये बूढ़ा प्रधानमंत्री 75 साल की उम्र में एक और मौका मांग रहा है,लेकिन देश की जनता बेवकूफ नहीं है। काठ की हांडी बार-बार चूल्हे पर नहीं चढ़ती है। उन्होंने कहा कि ये कोई साधारण चुनाव नहीं है बल्कि ये देश बचाने का चुनाव है।

## खबर संक्षेप

### रेवन्ना ने सेक्स स्कैंडल नहीं 'मास रेप' किया

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी ने कहा कि जो रेवन्ना ने किया वह सेक्स स्कैंडल नहीं 'मास रेप' है।



कर्नाटक में स्टेज से पीएम उस मास रेपिस्ट का समर्थन कर रहे थे, उसके लिए वोट मांग रहे थे। मोदी,शाह और भाजपा के हर नेता को इस पाप के लिए देश की हर महिला से हाथ जोड़ कर सिर झुका कर माफी मांगनी चाहिए। ये मास रेपिस्ट को हिंदुस्तान से भागने देंगे।

### तमिल सिंगर उमा का 69 की उम्र में निधन


**चेन्नई।** साउथ इंडस्ट्री की मशहूर सिंगर और टीवी होस्ट उमा रमानन अब हमारे बीच नहीं रहीं। 69 साल



की उम्र में उनका निधन हो गया।अब तक इसको लेकर कोई जानकारी सामने नहीं आई है कि आखिर उनकी मौत किस वजह से हुई है?उनके निधन की खबर से साउथ इंडस्ट्री में शोक की लहर है। तमाम कलाकार और फैंस सिंगर को सोशल मीडिया पर श्रद्धांजलि दे रहे हैं।

### मृतक इंसान ने कोर्ट से मांगी जमानत

**नई दिल्ली।** पिछले साल दिसंबर में मर चुका व्यक्ति 24 जनवरी को अपनी जमानत की याचिका कैसे दाखिल कर सकता है। एनडीपीएस



के एक मामले के आरोपी की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने ये सवाल उठाया। हाईकोर्ट ने आरोपी के वकील को सुनवाई के दौरान कोर्ट में हाजिर रहने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि वकील बताएं कि मर चुका व्यक्ति याचिका दे सकता है।

## गैरजमानती वारंट पर सुप्रीम कोर्ट बोला

# आम तौर पर तो जारी नहीं किया जाना चाहिए गैर जमानती वारंट




**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक हालिया फैसले में कहा है कि गैर-जमानती वारंट आम तौर पर जारी नहीं किया जाना चाहिए, जब तक कि आरोपी पर कोई संगीन आपराधिक आरोप न हो और उसके कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका न हो। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि हालांकि गैर-जमानती वारंट जारी करने के बारे में कोई विस्तृत दिशा-निर्देश नहीं है। शीर्ष अदालत ने कई मौकों पर टिप्पणी की है कि गैर-जमानती वारंट तब तक जारी नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि आरोपी पर कोई संगीन आपराधिक आरोप न हो और उसके कानूनी प्रक्रिया को प्रभावित करने या सबूतों से छेड़छाड़ अथवा उसे नष्ट करने की आशंका न हो।

### समन का आदेश रद्द किया

कोर्ट ने समन के आदेश को रद्द करते हुए कहा इस संबंध में कानून में स्थिति स्पष्ट है कि गैर-जमानती वारंट आम तौर पर जारी नहीं किया जाना चाहिए और किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता को तब तक प्रतिबंधित नहीं किया जाना चाहिए जब तक कि समाज और राष्ट्र के व्यापक हित में ऐसा करना जरूरी न हो।

### महिला जज के बोलने पर झेंप गए सीजेआई

निजी संपत्तियों को समुदाय का भौतिक संसाधन' माना जा सकता है और क्या 'सार्वजनिक कल्याण' में इस्तेमाल के लिए इसे राज्य



प्राधिकार अपने कब्जे में ले सकता है?बुधवार को इस पर बहस होती रही। बेंच में शामिल पीठ की एक मात्र महिला जज जस्टिस बीवी नागरत्ना तुरंत बोल पड़ीं, ओह, यह तो प्रशंसा है! जज के कमेंट पर सीजेआई झेंप गए और मुस्करा दिए।

## संदेशखाली हिंसा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट की दो टूक

# सीबीआई जांच में सहयोग करे ममता सरकार', शिकायतों का सत्यापन हो

### महिलाओं के सामूहिक यौन उत्पीड़न, आदिवासी भूमि पर कब्जे का मामला

एजेंसी ⏭ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली हिंसा को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल की ममता सरकार को आदेश दिया है कि वो मामले की जांच के लिए सीबीआई का पूरा सहयोग करे।

सीबीआई संदेशखाली में टीएमसी नेता द्वारा महिलाओं के सामूहिक यौन उत्पीड़न और संदेशखाली में आदिवासी भूमि पर कब्जा करने के आरोपों की जांच कर रही है।चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम और जस्टिस हिरण्मय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने सीबीआई की दलील पर गौर किया। जिसमें कहा गया था कि आदिवासी भूमि पर कब्जा करने के संबंध में प्राप्त 900 से अधिक शिकायतों का सत्यापन करते समय, राज्य सरकार केंद्रीय एजेंसी के साथ सहयोग नहीं कर रही है।चीफ जस्टिस शिवगणम ने आदेश देते हुए कहा कि संदेशखाली हिंसा को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार जांच में सीबीआई का सहयोग करे।

### हाईकोर्ट ने सौंपी थी सीबीआई जांच



आरोप है कि शाहजहां ने गांव के निवासियों की जमीनें जबरदस्ती हड़प लीं, जिन्हें इस साल की शुरुआत में टीएमसी ने निलंबित कर दिया था। शेख और उसके सहयोगियों पर गांव में महिलाओं के यौन उत्पीड़न का भी आरोप लगाया गया था।लगभग 55 दिन तक भागने के बाद आरोपी शेख को बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार किया था। हाई कोर्ट ने मामले की जांच सीबीआई को स्थानांतरित कर दी थी।

### डर के कारण महिलाओं ने दुराचार का केस नहीं किया

सुनवाई के दौरान भाजपा नेता और वकील प्रियांक टिबरेवाल ने कोर्ट को बताया कि उन्हें कथित यौन उत्पीड़न की पीड़ित महिलाओं के फोन आए थे। उन्होंने दावा किया कि महिलाओं को शेख या उसके आदमियों के खिलाफ मामला दर्ज न करने की धमकी दी गई थी। रात में कुछ अजनबी उनके घरों में चले आए और उन्हें बताया कि वे पहले ही अपना सम्मान खो चुके हैं और अब अगर उन्होंने बलात्कार का मामला दर्ज कराया तो उन्हें अपनी जान गंवानी पड़ेगी। इसलिए, महिलाएं सीबीआई के पास भी शिकायत दर्ज कराने से डरती हैं।

### सुप्रीम कोर्ट में सरकार ने कहा

### केंद्र के नियंत्रण में नहीं सीबीआई



केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सीबीआई पर केंद्र का नियंत्रण नहीं है। बंगाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दावा किया है कि सीबीआई ने कई मामलों में जांच के लिए राज्य सरकार की मंजूरी नहीं ली है। बंगाल सरकार ने केंद्र के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा दायर किया है। जिसमें आरोप लगाया है कि राज्य द्वारा सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति वापस ली गई थी।

**केंद्र ने दी ये दलील**

संविधान का अनुच्छेद 131 केंद्र और राज्यों के अधिकारक्षेत्र से संबंधित है। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ को बताया इसके प्रावधानों का गलत इस्तेमाल नहीं किया जा सकता।

## राजस्थान हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को दिया बड़ा आदेश

# यहां बाल विवाह होने पर पंच-सरपंच पर होगी कार्रवाई

### अक्षय तृतीया से पहले हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया

एजेंसी ⏭ जयपुर

राजस्थान में अक्षय तृतीया से पहले हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि राज्य में कोई बाल विवाह नहीं हो। इसके साथ ही अदालत ने कहा कि बाल विवाह होने पर सरपंच और पंच को जिम्मेदार ठहराया जाएगा। बाल विवाह की कई घटनाएं मुख्य रूप से अक्षय तृतीया पर होती हैं। अक्षय तृतीया इस बार 10 मई को है। इस अबूझ मुहूर्त में देशभर में कई शहरों में विवाह सम्मेलन हुआ करते हैं। कहीं कभी पर नाबालिग भी सम्मेलन का फायदा उठा लेते हैं। इसे रोकने के लिए उच्च न्यायालय ने इस तरह का आदेश जारी किया है।

**खास बातें**

- अक्षय तृतीया के पहले सरकार को किया ताकीद
- राज्य के अधिकारियों को भी कोर्ट ने दी सलाह

### मामले पर पैनी नजर रखे सरकार



याचिकाकर्ताओं के वकील आरपी सिंह ने कहा कि अदालत को एक सूची भी उपलब्ध कराई गई जिसमें बाल विवाह और उनकी निर्धारित तिथियों का विवरण था। खंडपीठ ने कहा कि राजस्थान पंचायती राज नियम 1996 के अनुसार, बाल विवाह को प्रतिबंधित करने का कर्तव्य सरपंच पर डाला गया है। इस प्रकार, एक अंतरिम उपाय के रूप में, हम राज्य को निर्देश देंगे कि वह राज्य में होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए की गई जांच के संबंध में रिपोर्ट मांगे और उस सूची पर भी पैनी नजर रखे जो जनहित याचिका के साथ संलग्न है।

**यह सुनिश्चित करें कोई बाल विवाह न हो**

आदेश में कहा गया है कि उत्तरदाताओं को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि राज्य में कोई बाल विवाह नहीं हो। सरपंच और पंच को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए और उन्हें सूचित किया जाना चाहिए कि यदि वे बाल विवाह को रोकने में विफल रहते हैं, तो बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 की धारा 11 के तहत उन्हें जिम्मेदार ठहराया जाएगा।

### अधिकारियों को बहुत कुछ करने की जरूरत बताई

हाई कोर्ट की एक खंडपीठ ने बाल विवाह को रोकने के लिए हस्तक्षेप की मांग वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए बुधवार को अपने आदेश में कहा कि बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 लागू होने के बावजूद, राज्य में बाल विवाह अब भी हो रहे हैं। अदालत ने कहा कि हालांकि अधिकारियों के प्रयासों के कारण बाल विवाह की संख्या में कमी आई है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

## उप राज्यपाल सक्सेना ने की बड़ी कार्रवाई

# महिला आयोग के 230 कर्मचारियों को हटाया



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के उपराज्यपाल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दिल्ली महिला आयोग से 223 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से हटा दिया है।

आरोप है कि दिल्ली महिला आयोग की तत्कालीन अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने नियमों के खिलाफ जाकर बिना अनुमति के इनकी नियुक्ति की थी। आदेश में डीसीडब्ल्यू अधिनियम का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि आयोग में केवल 40 पद स्वीकृत हैं और डीसीडब्ल्यू के पास अनुबंध पर कर्मचारियों को नियुक्त करने का अधिकार नहीं है।

विभाग के एडिशनल डायरेक्टर की के आदेश में ये भी कहा गया है कि नई नियुक्तियों से पहले ज़रूरी पदों का कोई मूल्यांकन नहीं हुआ था और न ही अतिरिक्त वित्तीय बोझ की अनुमति ली गई थी। यह कार्रवाई फरवरी 2017 में तत्कालीन उपराज्यपाल को सौंपी गई जांच रिपोर्ट के आधार पर की गई है। स्वाति ने ट्वीट करते हुए कहा, एलजी ने डीसीडब्ल्यू के सारे कांट्रैक्ट स्टाफ को हटाने का फरमान जारी किया है।

## भारत से रिश्तों की तारीफ की

# आस्ट्रेलियाई वित्त मंत्री जिम चाल्मर्स का भारतीय जासूसों के निष्कासन पर टिप्पणी करने से इनकार, कहा- भारत के साथ हमारे अच्छे संबंध

*ऑस्ट्रेलियाई सरकार के एक वरिष्ठ मंत्री ने चार साल पहले दो भारतीय जासूसों को गुप्त रूप से ऑस्ट्रेलिया से निष्कासित करने के मामले में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। हालांकि, मंत्री ने कहा कि भारत के साथ द्विपक्षीय संबंध अच्छे हैं और हाल के वर्षों में उनमें और सुधार हुआ है।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



ऑस्ट्रेलिया के वित्त मंत्री जिम चाल्मर्स से एक टीवी साक्षात्कार में पूछा गया कि क्या दो भारतीय जासूसों के गोपनीय तरीके से निष्कासन संबंधी 'ऑस्ट्रेलियाई न्यूज मीडिया' और 'द वाशिंगटन पोस्ट' की खबरों के बाद भारत को ऑस्ट्रेलिया का मित्र माना जा सकता है। चाल्मर्स ने कहा, मैं किसी भी तरह से इस तरह के मुद्दों में नहीं पड़ना चाहता। उन्होंने कहा, भारत के साथ और इस क्षेत्र के अन्य देशों के साथ हमारे अच्छे संबंध हैं, दोनों पक्षों के प्रयासों के परिणामस्वरूप हाल के वर्षों में यह और घनिष्ठ हुआ है और यह अच्छी बात है।

### भारतीय उच्चायोग ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी

*'द वाशिंगटन पोस्ट', 'द सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड' और 'ऑस्ट्रेलियन ब्रॉडकास्टिंग कॉर्प' ने अज्ञात सुरक्षा अधिकारियों का हवाला देते हुए जासूसों की पहचान 'रिसर्च एंड एनालिसिस विंग' के कर्मियों के रूप में की है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया में भारतीय उच्चायोग ने इस संबंध में अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।*



### भारत और ऑस्ट्रेलिया क्वाड के सदस्य

भारत ऑस्ट्रेलिया का एक महत्वपूर्ण व्यापारिक भागीदार है, जो चीन पर अपनी आर्थिक निर्भरता को कम करने की कोशिश कर रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया भी क्वाड सुरक्षा वार्ता के सदस्यों के रूप में घनिष्ठ सैन्य संबंध विकसित कर रहे हैं। क्वाड में अमेरिका और जापान भी शामिल हैं। बता दें कि क्वाड भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान देशों का एक समूह है, जिसका उद्देश्य भारत-प्रशांत क्षेत्र में लोकतांत्रिक देशों के हितों की रक्षा करना और वैश्विक चुनौतियों का समाधान करना है।

**ऑस्ट्रेलिया में जासूसी नेटवर्क चलाने का दावा**

बता दें इससे पहले , ऑस्ट्रेलियाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (एबीसी) ने दावा किया है, कि संवेदनशील डिफेंस प्रोजेक्ट और हवाई अड्डे की सुरक्षा के साथ-साथ ऑस्ट्रेलिया के व्यापार संबंधों पर वर्गीकृत जानकारी चुराने की कथित कोशिश करते हुए पकड़े जाने के बाद, भारतीय जासूसों को ऑस्ट्रेलिया से बाहर निकाल दिया गया था।

**वे खुफिया मामलों पर टिप्पणी नहीं करते**

प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और विदेश मंत्री पेनी वोंग ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में भारत द्वारा कथित जासूसी के बारे में सवालों को टाल दिया और कहा कि वे खुफिया मामलों पर टिप्पणी नहीं करते हैं।

---

अमेरिकी पुलिस ने किया खुलासा

# गोलीबारी में गोल्डी बरार की नहीं अफ्रीकी नागरिक की हुई थी मौत

एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया



पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या में मास्टरमाइंड और भारत के मोस्ट वॉन्टेड गोल्डी बरार की हत्या नहीं हुई है। जानकारी के मुताबिक वह अभी भी जिंदा है। सूत्रों के मुताबिक अमेरिका के कैलिफोर्निया में हुई गोलीबारी में एक अफ्रीकी शख्स की मौत हुई है। वह गोल्डी बरार जैसा दिखाई देता है। जिस समय यह घटना हुई उसी समय वहां से गुजर रहे एक पंजाबी शख्स ने गोल्डी बरार की हत्या की बात फैला दी। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में गोल्डी बरार की मौत को दावा किया गया था। दावा किया गया कि बरार पर मंगलवार को अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित फेयरमोंट और होल्ट एवेन्यू में हमला किया गया था। हालांकि कैलिफोर्निया के फ्रेस्नो पुलिस ने इन रिपोर्ट्स का खंडन किया है। गोल्डी की हत्या को लेकर लेफ्टिनेंट विलियम जे. डूले ने एक ईमेल बयान में कहा, 'अगर आप ऑनलाइन चैट के कारण यह दावा कर रहे हैं कि गोलीबारी का शिकार 'गोल्डी बरार' है, तो हम कहते हैं कि यह बिल्कुल सच नहीं है।'

### क्या है पूरा मामला?

सूत्रों के मिली जानकारी के मुताबिक कैलिफोर्निया के शहर फ्रेज्नो फेयरमोंट और होल्ट एवेन्यू में मंगलवार शाम 5:25 बजे अफ्रीकी लोगों के दो समूहों के बीच लड़ाई हुई थी। इसमें एक शख्स लगाई के दौरान नीचे गिर गया था। उस शख्स ने खुद को बचाने के लिए ताबड़तोड़ गोलियां चलानी शुरू कर दी। इस घटना में दो लोगों को गोली लगी जिसमें एक की मौत हो गई। वहीं दूसरे व्यक्ति को शरीर के निचले हिस्से में चोट लगी और उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

**गोल्डी के खिलाफ जारी है रेड कॉर्नर नोटिस**

गोल्डी बरार के खिलाफ रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया गया है। वह पंजाब के श्री मुक्तसर साहिब का निवासी था। गोल्डी बराड़ कनाडा के ब्रैम्पटन में रह रहा था लेकिन भारत सरकार द्वारा आतंकवादी घोषित कर दिए जाने के बाद वह कनाडा से भागकर अमरीका में छिपकर रह रहा है। जानकारी के मुताबिक गोल्डी बराड़ खालिस्तानी आतंकवादी समूह बब्बर खालसा से जुड़ा है।

कोच्चि में 20 से 30 मई तक 46 वीं बैठक

# भारत एटीसीएम 46 और पर्यावरण संरक्षण समिति की करेगा मेजबानी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र के माध्यम से केरल के कोच्चि में 20 से 30 मई तक 46वीं अंटार्कटिक संधि परामर्शदात्री बैठक और पर्यावरण संरक्षण समिति की 26वीं बैठक की मेजबानी करेगा। एटीसीएम और सीईपी बैठकों में भागीदारी इसके सदस्यों, पर्यवेक्षकों और आमंत्रित विशेषज्ञों द्वारा नामित प्रतिनिधियों तक ही सीमित है।




## फिलिस्तीनी लोगों के लिए भारत ने दो-राज्य समाधान का समर्थन दोहराया

# यूएन में भारत बोला- इजराइली बंधकों को रिहा करे हमास, आतंकवाद को सही नहीं ठहरा सकते

एजेंसी ▶▶ जिनेवा



बीते 18 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र में प्रवेश के लिए फिलिस्तीन के आवेदन पर सुरक्षा परिषद के एक स्थाई सदस्य द्वारा वीटो लगाए जाने के बाद बुधवार को यूएनजीए की बैठक में कम्बोज ने उम्मीद जताई है कि फिलिस्तीन की सदस्यता पर उचित समय पर पुनर्विचार किया जाएगा और संयुक्त राष्ट्र के एक सदस्य को समर्थन प्राप्त होगा। कंबोज ने हमास के 7 अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमलों की निंदा भी की और बंधकों की जल्द से जल्द रिहाई की मांग की है। हमास के हमलों पर बोलते हुए कंबोज ने कहा है 'आतंकवाद को कभी भी सही नहीं ठहराया जा सकता। भारत हमेशा से आतंकवाद का विरोध करता है और करता रहेगा। उन्होंने कहा, 'हम सभी बंधकों की रिहाई की मांग करते हैं। कंबोज ने इजराइल और हमास दोनों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों और मानवीय कानूनों का पालन करने को कहा। इससे पहले हमास के नेता भी कह चुके है कि अगर फिलिस्तीन को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता मिलती है।

*संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थाई प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने दो-राज्य समाधान समर्थन फिर से दोहराया है। इसके तहत फिलिस्तीन के लोग इजरायल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में स्वतंत्र रूप से रह सकते हैं*

12-1 के वोट में, एक अमेरिकी वीटो और दो की अनुपस्थित रही जिसके कारण यूएनएससी यह प्रस्ताव नहीं अपनाया जा सका

हमास के 7 अक्टूबर को इजराइल पर किए गए हमलों की निंदा की और बंधकों की जल्द रिहाई की मांग की है

### दोनों पक्षों से बात करके समाधान संभव

18 अप्रैल को अमेरिका ने फिलिस्तीन को राज्य का दर्जा देने के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव को रोकने के लिए अपनी वीटो शक्ति का उपयोग किया। संयुक्त राष्ट्र में 12-1 के वोट में, जिसमें से एक अमेरिकी वीटो और दो सदस्यों की अनुपस्थित रही जिसके कारण यूएनएससी यह प्रस्ताव नहीं अपनाया जा सका। कंबोज ने कहा कि दोनों पक्षों के बातचीत के जरिये दो-राज्य समाधान संभव है।

### शांति के लिए अनुकूल माहौल बनाना जरूरी

*कंबोज ने कहा कि भारत दो-राज्य समाधान का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है जहां फिलिस्तीनी लोग इजरायल की सुरक्षा जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षित सीमाओं के भीतर एक स्वतंत्र देश में स्वतंत्र रूप से रह सकें। उन्होंने अपील किया कि शीघ्र ही सीधी शांति वार्ता फिर से शुरू करने के लिए अनुकूल परिस्थितियों को बढ़ावा दें। उन्होंने कहा कि गाजा में संघर्ष करीब छह महीने से अधिक समय से चल रहा है और इससे उत्पन्न मानवीय संकट बढ़ता जा रहा है। उन्होंने आगे कहा," इस संघर्ष वाले क्षेत्र और उसके बाहर भी अस्थिरता बढ़ने की संभावना है। इसके लिए हम पिछले महीने यूएनएससी द्वारा प्रस्ताव संख्या 2728 को अपनाने को एक सकारात्मक कदम के रूप में देखते हैं। उन्होंने स्थिति को और बिगड़ने से रोकने के लिए गाजा के लोगों को मानवीय सहायता बढ़ाने की भी अपील की है। कंबोज ने कहा कि भारत ने फिलिस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता प्रदान की है और आगे भी सहायता प्रदान करना जारी रखेगा।*

---

## खबर संक्षेप

### भारत का क्षेत्र है शक्सगाम घाटी



**नई दिल्ली।** भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा कि हम लोग शक्सगाम घाटी को अपना क्षेत्र मानते हैं। हमने 1963 के तथाकथित चीन-पाकिस्तान सीमा समझौते को कभी स्वीकार नहीं किया है, जिसके माध्यम से पाकिस्तान ने अवैध रूप से इस क्षेत्र को चीन को सौंपने का प्रयास किया था। हमने अस्वीकृति व्यक्त की है। जमीनी स्तर पर तथ्यों को बदलने के अवैध प्रयासों के खिलाफ चीनी विरोध दर्ज किया है।

### जवानों ने घुसपैठिए को तुरंत कर दिया ढेर




**सांबा।** जिले की भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बीती रात बीएसएफ ने एक संदिग्ध को भारतीय सीमा में प्रवेश करते देखा। जवानों ने गोलाबारी कर उसे ढेर कर दिया। रक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रीगल पोस्ट की जीरो लाइन के पास बीएसएफ की 125वीं वाहिनी के जवानों ने सीमा पर कुछ हलचल देखी। जवानों ने उसे ललकारा। संदिग्ध भारतीय सीमा की तरफ बढ़ रहा था। जवानों ने गोलीबारी कर उसे ढेर कर दिया। सीमा पर अधिकारी पहुंचे हैं।

अमेरिका में ब्याज दर 23 साल के सर्वोच्च स्तर पर

# जुलाई 2023 से लगातार 6ठीं बार ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं

### अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक में हुआ निर्णय

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन



अमेरिकी फेडरल रिजर्व ने ब्याज दरों में कोई भी बदलाव नहीं किया है। फेडरल की दो दिन तक चली बैठक के पश्चात चेयरमैन जेरोम पॉवेल ने इसका ऐलान किया है। इसी के साथ ब्याज दरें 5.25 से 5.50 के बीच बरकरार रखी गई हैं। यह लगातार छठा मौका है जब फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफएमसी) ने ब्याज दरों को यथावत रखा है। इस समय ये ब्याज दरें दो दशक यानी करीब 23 साल के सबसे ऊंचे स्तर पर हैं। फेडरल एफएमसी ने कहा कि महंगाई दर के टारगेट रेंज को घटाना इस समय सही नहीं। जब तक इस बात का भरोसा नहीं हो जाता कि अमेरिका में महंगाई दर दो फीसदी के नीचे जा रही है तब तक ब्याज दरों में कटौती का फैसला नहीं लिया जा सकता। बहुमत से ब्याज दरों को यथावत रखने का फैसला लिया। दरअसल 40 साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी महंगाई पर काबू पाने के लिए ब्याज दरों में जून 2022 से साढ़े पांच फीसदी की बढ़ोतरी की गई है।

**महंगाई का खतरा बरकरार**

फेडरल रिजर्व ने कहा कि अमेरिका में अब भी अनिश्चितता बनी हुई है और महंगाई का खतरा बरकरार है। इस पर अमेरिका के केंद्रीय बैंक का कहना है कि जब तक महंगाई दर विश्वसनीय रूप से दो फीसदी के नीचे नहीं आ जाती ब्याज दरों में कमी का सवाल ही पैदा नहीं होता।

### जापान में घरों में रहने वालों का है टोटा



**टोक्यो।** जापान की लगातार घटती जनसंख्या उसके लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। जनसंख्या की कमी के कारण यहां अकीया घरों की तादाद बढ़ती जा रही है। सरकारी आंकड़ों से पता चला है कि अक्टूबर 2023 तक खाली घरों की संख्या 2018 में पिछले सर्वे के बाद से आधे मिलियन से ज्यादा हो गई है। जापान में खाली घरों को अकिया के नाम से जाना जाता है। बड़ी वजह आबादी के घटने के साथ-साथ ग्रामीण आबादी का शहरों में शिफ्ट होना है।

### संसद की सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल



**कमांडो ने किया एयर सर्वे**

**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा को लेकर एनएसजी (नेशनल सिक्योरिटी गार्ड) ने मॉक ड्रिल की। इस ड्रिल में एनएसजी के कमांडो और हेलिकॉप्टर शामिल रहे। एनएसजी के पैरा ट्रूपर्स ने संसद भवन के पास एयर सर्वे किया। बता दें कि कुछ दिनों पहले इसी जगह पर एनएसजी ने हेलीकॉप्टर से संसद भवन पर अपने कमांडो उतारे थे।

## कई जगह बिजली भी गिरी, स्कूल और दफ्तार किए बंद

# दुबई में आफत की बारिश, ऑरेंज अलर्ट के बाद फ्लाइट्स की थमी रफ्तार

एजेंसी ▶▶ दुबई

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में गुरुवार को भारी बारिश और आंधी के कारण कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। यूएई के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, देश में आधी रात से भारी बारिश शुरू हुई थी और कई जगह बिजली भी गिरी, जिससे दफ्तर जाने वालों के लिए घर से काम करने और शारजाह और दुबई के स्कूलों के लिए डिस्टेंस लर्निंग के लिए मजबूर होना पड़ा। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, दुबई के नागरिक गुरुवार सुबह करीब 3 बजे तेज हवाओं, गरज और आसमानी बिजली की वजह से जाग गए। वहीं, मौसम एजेंजियों की ओर से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में भारी बारिश और तूफान के कारण गुरुवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया।



**ऑरेंज अलर्ट जारी**

**पार्क और समुद्र तट बंद**

पार्क और समुद्र तट बंद कर दिए गए हैं। वहीं, हवाई अड्डे और एयरलाइंस भी प्रभावित हुए हैं। जेबेल अली, अल मकतूम इंटरनेशनल एयरपोर्ट, दुबई इंडस्ट्रियल सिटी, दुबई इन्वेस्टमेंट्स पार्क और जुमेरा तेज हवाएं चली हैं।

**आज बारिश और आंधी की संभावना**

*बारिश के लगभग एक घंटे बाद करीब 4 बजे देश के मौसम विभाग ने एक अलर्ट जारी किया, जिसमें कहा गया कि बारिश वाले बादलों ने देश के ज्यादातर हिस्सों को ढक लिया है। 3 मई तक देश में प्रतिकूल मौसम की स्थिति की आशंका है।*

### डीजीपी को रातभर जागकर करना पड़ा सफर, अब मिलेगा हर्जाना

सिंगापुर एयरलाइंस को बिजनेस क्लास में ऑटोमैटिक रिक्लाइनर सीटों में खराबी के कारण एक भारतीय दंपती को 2 लाख रुपए से अधिक का मुआवजा देने का आदेश दिया गया है। तेलंगाना के पुलिस महानिदेशक रवि गुप्ता और उनकी पत्नी ने एयरलाइन के खिलाफ मुकदमा दायर किया था। बिजनेस क्लास की सीटों के लिए 66,750 रुपए का भुगतान करने के बावजूद, उन्हें स्वचालित रिक्लाइन सुविधा से लैस सीटों को मैन्युअल रूप से एडजस्ट करने के लिए कहा था। 23 मई, 2023 को गुप्ता और उनकी पत्नी हैदराबाद से सिंगापुर होते हुए ऑस्ट्रेलिया जा रहे थे। दंपती द्वारा दायर शिकायत के अनुसार, एयरलाइन के बिजनेस क्लास में रिक्लाइनर सीटें ठीक नहीं हुईं और एयरलाइन ने उन्हें सीटों को मैन्युअल रूप से एडजस्ट करने के लिए कहा। अब तेलंगाना में जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने भारतीय दंपति के पक्ष में फैसला सुनाया और सिंगापुर एयरलाइंस को 2,13,585 रुपए का मुआवजे देने का आदेश दिया।

*इसी माह दौरे की संभावना*

# चीन के समर्थक मुइज्जू के विदेश मंत्री का अगले सप्ताह भारत दौरा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत और मालदीव के रिश्तों में चल रहे खटास के बीच मुइज्जू सरकार के विदेश मंत्री मूसा जमीर भारत दौरे पर आ सकते हैं। जानकारी के अनुसार मूसा जमीर के भारत दौरे को लेकर अभी डेट तय नहीं हुई है। लेकिन अनुमानतः मई के पहले या दूसरे सप्ताह में मूसा का भारत दौरा हो सकता है। वहीं मूसा अगर भारत दौरे पर आते हैं तो मालदीव की नई मुइज्जू सरकार का ये पहला भारत दौरा होगा। अभी तक जब भी मालदीव में किसी की भी सरकार बनती थी तो उस समय राष्ट्रपति सबसे पहले भारत का दौरा करता था। लेकिन मुइज्जू ने वर्षों से चले आ रहे इस मिथक तोड़ते हुए सबसे पहले चीन का दौरा किया। इसके साथ ही वो ऐसा करने वाले मालदीव के पहले राष्ट्रपति बन गए। मालदीव में बीते कुछ महीनों पहले ही नई सरकार बनी है। जिसमें चीन समर्थक मुइज्जू ने चुनाव जीतकर राष्ट्रपति बनते ही भारतीय सैनिकों की वापसी का आदेश दिया था। इसके लिए 10 मई की समय सीमा भी तय की गई है।